आर.एन.आई. नं. 45080/85, पी.ओ.
रजि.नं. मालवा डिवी./04/2024-26

“आज
• रानी अहिल्या पु.ति.”

# दैनिक अवन्तिका

सब पे नज़र, सबकी ख़बर

संस्थापक : स्व. श्री गोवर्धनलालजी मेहता | वर्ष 40 अंक 40 | इंदौर, गुरुवार 10 सितम्बर, 2026 | भाद्रपद कृष्ण 14 संवत् 2083 | पृष्ठ-12 मूल्य-4.00 | www.awantika.com

उज्जैन-नागदा फोरलेन मामले ने तुल पकड़ा, पूरे प्रशासनिक तंत्र को सवालों के घेरे में ला दिया

# सरकारी पोर्टल पर दर्ज जानकारी से मचा हड़कंप

## निर्माण एजेंसियों की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल, सिंहस्थ 2028 के निर्माण कार्यों के बीच सामने आई कथित बड़ी विसंगति, जांच की मांग तेज

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन**

सिंहस्थ-2028 की तैयारियों के बीच उज्जैन-नागदा मार्ग को लेकर सामने आई एक सरकारी जानकारी ने पूरे प्रशासनिक तंत्र को सवालों के घेरे में ला दिया है। दावा किया जा रहा है कि उज्जैन से नागदा के बीच टू-लेन सड़क को फोरलेन में बदलने का काम अभी तक टेंडर और एग्रीमेंट के स्तर तक भी नहीं पहुंचा है, लेकिन विभागीय स्तर पर जारी एक जानकारी में इस सड़क के फोरलेन निर्माण को कार्य पूर्ण बताया गया है। मामला सामने आने के बाद निर्माण विभाग से लेकर प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे हैं।

सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि यह जानकारी किसी निजी संस्था या सोशल मीडिया पोस्ट के माध्यम से नहीं, बल्कि विभागीय सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित सामग्री में सामने आने की बात कही जा रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि सड़क का टेंडर ही नहीं हुआ, एग्रीमेंट नहीं हुआ और मौके पर फोरलेन का निर्माण शुरू तक नहीं हुआ, तो फिर सरकारी रिकॉर्ड में उसे पूर्ण कैसे दर्शा दिया गया?

### एक ही दस्तावेज में कई दावे, उज्जैन-इंदौर मार्ग भी चर्चा में

विभागीय जानकारी में उज्जैन-इंदौर मार्ग के करीब 80 प्रतिशत कार्य पूर्ण होने का उल्लेख भी किया गया है। वहीं इंदौर आउटर रिंग रोड को निर्माणाधीन बताया गया है। उज्जैन से जावरा की दिशा में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी से जुड़े कार्यों का उल्लेख है। इसके साथ ही उज्जैन सिंहस्थ बायपास और हरिफाटक ब्रिज के चौड़ीकरण जैसे कार्यों की जानकारी भी सामने आती है।

लेकिन इसी सूची में उज्जैन-नागदा फोरलेन को पूर्ण दर्शाया जाना सबसे बड़ा सवाल बनकर सामने आया है। यही वह बिंदु है जिसने पूरे मामले को चर्चा में ला दिया है।







### जी.पी. पटेल के तबादले में संशोधन, इंदौर में रिक्त पद पर पदस्थ

लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने श्री जी.पी. पटेल, कार्यपालन यंत्री (सिविल) एवं प्रभारी अधीक्षण यंत्री, लोक निर्माण विभाग मंडल उज्जैन के संबंध में पूर्व में जारी स्थानांतरण आदेश में आंशिक संशोधन किया है।

लोक निर्माण विभाग मंत्रालय, भोपाल द्वारा 5 सितंबर 2026 को जारी आदेश के अनुसार विभाग के समसंख्यक आदेश दिनांक 21 अगस्त 2026 में श्री जी.पी. पटेल का स्थानांतरण प्रभारी अधीक्षण यंत्री, कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र में किया गया था।

अब शासन ने उक्त आदेश में आंशिक संशोधन करते हुए श्री पटेल को प्रभारी अधीक्षण यंत्री, कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक निर्माण विभाग, इंदौर परिक्षेत्र के स्थान पर प्रभारी अधीक्षण यंत्री, कार्यालय मुख्य अभियंता (भवन), लोक निर्माण विभाग, इंदौर के रिक्त पद पर आगामी आदेश तक पदस्थ किया है।

आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह संशोधन तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

इस आदेश के बाद श्री जी.पी. पटेल की नई पदस्थापना इंदौर स्थित लोक निर्माण विभाग के भवन संभाग में प्रभारी अधीक्षण यंत्री के रिक्त पद पर होगी। आदेश मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार लोक निर्माण विभाग के उप सचिव प्रदीप जैन द्वारा जारी किया गया है।

### मुख्यमंत्री के दौरे के बावजूद किसी की नजर क्यों नहीं पड़ी?

मामले को और गंभीर बनाने वाला पहलू यह है कि इसी सप्ताह मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उज्जैन-नागदा-अंचल की ओर दौरा हुआ। मुख्यमंत्री का काफिला इसी मार्ग से होकर गुजरा। उनके साथ जिला प्रशासन और विभिन्न विभागों के अधिकारी भी मौजूद थे। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि यदि सरकारी रिकॉर्ड में उज्जैन-नागदा फोरलेन का काम पूरा बताया जा रहा है, तो क्या मौके पर मौजूद अधिकारियों ने वास्तविक स्थिति और विभागीय रिकॉर्ड के बीच अंतर को देखा? यदि सड़क अभी टू-लेन ही है, तो फिर सरकारी दस्तावेज में फोरलेन निर्माण पूर्ण होने की जानकारी किस आधार पर दर्ज हुई?

### सिंहस्थ के कामों पर भी उठने लगी चिंता

उज्जैन में सिंहस्थ-2028 को लेकर बड़े पैमाने पर अधोसंरचना विकास की तैयारियां चल रही हैं। सड़क, पुल, बायपास, यातायात व्यवस्था और कनेक्टिविटी से जुड़े प्रोजेक्ट आने वाले समय में शहर की तस्वीर बदलने वाले हैं। ऐसे में एक परियोजना की स्थिति को लेकर सामने आई कथित विसंगति ने दूसरे प्रस्तावित निर्माण कार्यों को लेकर भी चिंता पैदा कर दी है। लोग यह सवाल पूछने लगे हैं कि यदि सरकारी पोर्टल पर किसी बड़े प्रोजेक्ट की स्थिति ही गलत दर्ज हो सकती है तो अन्य परियोजनाओं की प्रगति रिपोर्ट कितनी विश्वसनीय है?

### जांच हुई तो सामने आ सकती है पूरी तस्वीर

मामले में अब विभागीय स्तर पर केवल स्पष्टीकरण पर्याप्त नहीं माना जा रहा है। मांग उठ रही है कि उज्जैन के लोक निर्माण विभाग और एमपीआरडीसी से संबंधित रिकॉर्ड की स्वतंत्र जांच कराई जाए। टेंडर प्रक्रिया, स्वीकृति, डीपीआर, एग्रीमेंट, वर्क ऑर्डर और मौके की वास्तविक स्थिति का मिलान किया जाए। साथ ही यह भी जांच हो कि संबंधित जानकारी तैयार किस अधिकारी या शाखा ने की, उसका सत्यापन किस स्तर पर हुआ और उसे आधिकारिक प्लेटफॉर्म पर प्रकाशित करने की अनुमति किसने दी।

**सिंहस्थ के पहले ही करोड़ों का खेल सवालों के घेरे में व्यवस्था-** मामले ने अब राजनीतिक और प्रशासनिक हलकों में भी चर्चा शुरू कर दी है। हालांकि किसी परियोजना को लेकर सामने आई जानकारी को जांच से पहले भ्रष्टाचार का अंतिम प्रमाण नहीं माना जा सकता, लेकिन रिकॉर्ड और जमीनी स्थिति में कथित अंतर की निष्पक्ष जांच जरूरी है।

यदि जांच में यह साबित होता है कि बिना निविदा, बिना अनुबंध और बिना निर्माण के किसी परियोजना को पूर्ण दर्शाया गया, तो यह गंभीर प्रशासनिक चूक होगी और जिम्मेदारी तय करना भी जरूरी होगा। प्रदेश सरकार से मांग की जा रही है कि पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और यदि किसी अधिकारी की लापरवाही या जानबूझकर गलत जानकारी दर्ज कराने की भूमिका सामने आती है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए।

### सवाल सिर्फ गलती का नहीं, रिकॉर्ड की विश्वसनीयता का

यदि यह महज तकनीकी अथवा मानवीय त्रुटि है तो भी सवाल यह है कि इतनी महत्वपूर्ण सड़क परियोजना के संबंध में जानकारी प्रकाशित होने से पहले उसका सत्यापन किस स्तर पर किया गया? और यदि यह गलती नहीं है तो फिर बिना निविदा और अनुबंध के किसी परियोजना को पूर्ण दिखाने के पीछे कारण क्या है? सिंहस्थ-2028 के मद्देनजर उज्जैन में आने वाले समय में हजारों करोड़ रुपए के विकास एवं निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं। ऐसे में किसी बड़े सड़क प्रोजेक्ट की स्थिति को लेकर सरकारी दस्तावेज में इस तरह की विसंगति सामने आना गंभीर विषय माना जा रहा है।

# बिहार में 8 नदियां उफान पर, 14 जिलों में बाढ़

## यूपी के 3 जिलों में स्कूल बंद, उत्तराखंड के पौड़ी में भूस्खलन, एमपी में बारिश थमी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

बिहार में गंगा समेत 8 नदियां उफान पर हैं। राज्य के 14 जिलों में बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। इससे करीब 35.89 लाख लोग प्रभावित हैं। कोसी, गंडक और घाघरा नदियां लाल निशान से ऊपर बह रही हैं। सारण में माही नदी पर बना जमींदारी बांध टूटने से स्थिति गंभीर हो गई है।



### मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर 3 दिन का ब्रेक लिया

उत्तर प्रदेश में बारिश के चलते लखीमपुर और बरेली में कक्षा 8 तक के सभी स्कूलों में छुट्टी कर दी गई है। वाराणसी में प्री-प्राइमरी से कक्षा 5 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे, जबकि कक्षा 6 से 12 तक के स्कूल सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक चलेंगे। आज वाराणसी और प्रयागराज समेत 23 जिलों में बारिश का अलर्ट है। उत्तराखंड के पौड़ी में भूस्खलन के कारण घरों और दुकानों में दरारें आ गई हैं। पहाड़ी जिलों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए यलो अलर्ट जारी किया गया है। इधर, मध्य प्रदेश में मानसून ने एक बार फिर 3 दिन का ब्रेक लिया है। मौसम विभाग, भोपाल ने 11 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी भारी बारिश का अनुमान नहीं जताया है।

# 10,783 करोड़ से 5 राज्यों में 656किमी नई रेल लाइनें बिछेंगी

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

पीएम मोदी की अध्यक्षता में बुधवार को कैबिनेट मीटिंग हुई। इसमें रेलवे के तीन मल्टी ट्रैकिंग प्रोजेक्ट्स को मंजूरी दी गई। इन परियोजनाओं पर कुल 10,783 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

इन प्रोजेक्ट्स के तहत पश्चिम बंगाल, झारखंड, ओडिशा, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के 14 जिलों में करीब 656किमी रेल लाइनें बढ़ाई जाएंगी। इससे करीब 4,790 गांवों के 56 लाख लोगों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी मिलने की उम्मीद है।

खड़गपुर-झारसुगुड़ा रेल सेक्शन के बीच चौथी लाइन का निर्माण शामिल है। इसके अलावा कटनी-पेंड्रा रोड सेक्शन में भी चौथी लाइन बनाई जाएगी। वहीं, बिलासपुर (उसलापुर)-पेंड्रा रोड सेक्शन में तीसरी लाइन का निर्माण किया जाएगा।

# दिल्ली में दिनदहाड़े पिस्टल दिखाकर एक करोड़ की लूट

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ नई दिल्ली**

दिल्ली के आईटीओ के पास एक कारोबारी के स्टाफ से एक करोड़ रुपए की लूट का मामला सामने आया है। आरोप है कि स्कूटी सवार दो बदमाशों ने आउटर रिंग रोड पर ऑटो को रोककर पिस्टल की नोक पर वारदात को अंजाम दिया। बदमाश नोटों से भरा एक बैग लेकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कारोबारी का स्टाफ सोमवार शाम ऑटो से करीब तीन करोड़ रुपए लेकर जा रहा था। इसी दौरान आईटीओ के पास आउटर रिंग रोड पर स्कूटी सवार दो बदमाशों ने ऑटो को ओवरटेक कर रोक लिया।

# आकाश को एक शर्त पर बीएसपी में वापस लूंगी : मायावती

**एजेंसी ▸▸ लखनऊ**

मायावती ने भतीजे आकाश आनंद से नाराजगी की वजहों का बुधवार को खुलासा कर दिया। साथ ही बसपा में उनकी वापसी के लिए एक बड़ी शर्त रख दी है।

मायावती ने कहा, पूर्व सांसद अशोक सिद्धार्थ अगर अपने दामाद आकाश आनंद का भला चाहते हैं तो उन्हें राजनीति से संन्यास ले लेना चाहिए। तभी आकाश को फ्री हैंड मिलेगा। बसपा सुप्रीमो ने दोपहर 2.46 बजे सोशल मीडिया एक्स पर बयान जारी किया और अशोक सिद्धार्थ को जमकर खरी खोटी सुनाई। कहा, आकाश आनंद अपने ससुर के स्वार्थी व्यवहार का खामियाजा भुगत रहे हैं। मायावती ने अपने भतीजे आकाश आनंद को 3 सितंबर, 2026 को पद से हटा दिया था। वह पार्टी में एक आम समर्थक की हैसियत से जुड़े हुए हैं।

# सीएम उमर ने पूरा वंदे मातरम गाया, कांग्रेस ने आपत्ति जताई

**एजेंसी ▸▸ श्रीनगर**

श्रीनगर में मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और जम्मू-कश्मीर नेशनल कॉन्फ्रेंस अध्यक्ष फारूक अब्दुल्ला की मौजूदगी में पूरा वंदे मातरम गाए जाने पर कांग्रेस ने आपत्ति जताई है। इस पर उमर की पार्टी नेशनल कॉन्फ्रेंस ने कहा कि गठबंधन के सहयोगियों पर शर्तें थोपने का अधिकार कांग्रेस का नहीं है। वहीं, बीजेपी ने कांग्रेस को मुस्लिम लीग की राजनीति करने वाली पार्टी बताया। विवाद सोमवार को जम्मू-कश्मीर के अंतरराष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में राष्ट्रीय गीत का पूरा संस्करण गाए जाने के बाद शुरू हुआ।




रीवा के संजय गांधी अस्पताल में मरीजों से खिलवाड़ के विरोध में कांग्रेस हमलावर

# विधायक अभय मिश्रा ने कहा- सुंदर महिला की डेडबॉडी से होता है रेप, बयान से मचा बवाल

**दैनिक अवन्तिका ▸▸ रीवा**

एमपी के रीवा के संजय गांधी अस्पताल में मरीजों से खिलवाड़ के विरोध में कांग्रेस हमलावर है। अब सेमरिया से कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा ने विवादास्पद बयान दिया है। उनका कहना है संजय गांधी अस्पताल में अगर कोई सुंदर महिला की मौत होती है तो पोस्टमार्टम के दौरान यदि मौके पर परिवार के लोग उपस्थित नहीं रहते तो डेड बॉडी के साथ दुष्कर्म किया जाता है।

विधायक अभय मिश्रा का ये बयान 4 दिन पुराना बताया जा रहा है। अभय मिश्रा भी धरना स्थल पहुंचे थे, जहां संजय गांधी अस्पताल के डॉक्टर्स व स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला के खिलाफ धरना चल रहा है। इस दौरान वह कुछ घंटे विरोध में मौन व्रत पर रहे। इसके बाद भाषण में इस प्रकार का विवादास्पद बयान दिया। संजय गांधी



अस्पताल में महिला की मौत के विरोध में बीते दिनों कांग्रेस युवा मोर्चा के नेताओं ने स्वास्थ्य मंत्री के आवास का घेराव किया था। इस घटना को लेकर एनएसयूआई कार्यकर्ताओं पर नामजद एफआईआर दर्ज हुई थी।

### बीजेपी ने दिया जवाब

कांग्रेस विधायक अभय मिश्रा पर पलटवार करते हुए बीजेपी विधायक नरेन्द्र प्रजापति ने कहा वह अपने दिमाग की जांच करवाएं। वह तो स्वयं भी संजय गांधी अस्पताल से ठीक होते हैं। इतिहास में कभी भी संजय गांधी अस्पताल तो क्या किसी अन्य अस्पताल में भी इस प्रकार की घटना सुनने को नहीं मिली है। इस तरह का बयान तो सिर्फ मानसिक विकृति है।

### रीवा के सिरमौर चौराहे पर धरना

महिला की मौत के बाद रीवा के सिरमौर चौराहे पर अभी भी धरना जारी है। कांग्रेस के कई दिग्गज नेता भी धरनास्थल पर पहुंच चुके हैं। पीड़ितों की मांग है कि महिला की मौत के मामले में दोषी डॉक्टरों खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि इस घटना के जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। इसके साथ ही स्वास्थ्य मंत्री राजेंद्र शुक्ला का इस्तीफा होना चाहिए।

## देश विदेश

### रूस से 75 सुखोई-57 फाइटर जेट ले सकता है भारत

**नई दिल्ली।** भारत और रूस के बीच 75 सुखोई-57 फाइटर जेट खरीदने पर समझौता हो सकता है। दोनों देशों के बीच इस डील की शर्तों पर बातचीत आगे बढ़ चुकी है। डील हुई तो इसकी कीमत करीब 1 लाख करोड़ रुपए तक हो सकती है। इसमें विमान के साथ हथियार, पुर्जे, ट्रेनिंग, सिम्युलेटर और रखरखाव भी शामिल होगा। ब्रिक्स समिट से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन शुक्रवार को नई दिल्ली में मिलेंगे। इस बैठक में सुखोई-57 पर दोनों नेता साइन कर सकते हैं। भारत चाहता है कि इस डील के साथ उसे ऐसी टेक्नोलॉजी भी मिले, जो आगे लड़ाकू विमान बनाने के काम आए। रूस, भारत में सुखोई-57 बनाने की पेशकश पहले ही कर चुका है।

### वैज्ञानिक सीएनआर राव को नोटिस जारी नहीं हुआ

**बेंगलुरु।** कर्नाटक में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के बाद भारत रत्न वैज्ञानिक सीएनआर राव को नाम में गड़बड़ी के मामले में नोटिस जारी होने की रिपोर्ट्स गलत हैं। पहले मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि पुराने रिकॉर्ड में उनका नाम प्रोफेसीएनआर राव है, जबकि नए रिकॉर्ड में प्रोफसीएनआर राव लिखा है। लेकिन अब चुनाव आयोग ने स्पष्ट किया है कि यह जानकारी गलत है। हालांकि, राव के कार्यालय ने कहा था कि उन्हें कोई नोटिस नहीं मिला है। राव को 2014 में भारत रत्न से सम्मानित किया जा चुका है। कर्नाटक में एसआईआर 17 अगस्त को खत्म हुआ। इसके बाद 23 सितंबर तक आपत्तियों और नोटिस पर चुनाव आयोग में सुनवाई चलेगी। एसआईआर के दौरान कई हस्तियों के साथ विवाद हो चुके हैं।

### ओडिशा के जंगल में मिले ऑरंगुटान के 5 मासूम बच्चे

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालासोर जिले में वन विभाग के गश्त के दौरान पांच छोटे ऑरंगुटान मिले हैं। इनमें तीन नर और दो मादा हैं और उनकी उम्र करीब 6 महीने से 1 साल के बीच बताई गई है। सबसे हैरान करने वाली बात सिर्फ यह नहीं थी कि ये पांचों बच्चे जंगल में अकेले पाए गए, बल्कि यह थी कि ऑरंगुटान भारत के मूल निवासी ही नहीं हैं। बालासोर से सुमात्रा द्वीप की हवाई दूरी करीब 2,700 से 2,900 किलोमीटर है, जबकि बोर्नियो द्वीप करीब 3,700 से 3,800 किलोमीटर दूर है। यही वे इलाके हैं जहां ऑरंगुटान प्राकृतिक रूप से पाए जाते हैं। ऐसे में इतने हजार किलोमीटर दूर ओडिशा के एक जंगल में पांच नन्हे ऑरंगुटानों का एक साथ मिलना कई सवाल खड़े करता है।

### फिल्म : दृश्यम 3 का ट्रेलर हुआ रिलीज



**विजय के खिलाफ मिला ऐसा सबूत, जो सालों से बनाई कहानी को कर सकता है खत्म**

**मुंबई।** अजय देवगन स्टारर दृश्यमः द कन्क्लूजन (दृश्यम 3) का ऑफिशियल ट्रेलर बुधवार को रिलीज हो गया। दृश्यम 3 को दृश्यम फ्रेंचाइजी का आखिरी चैप्टर बताया गया है। इसमें अजय देवगन का किरदार विजय सालगांवकर एक बार फिर अपने परिवार के डार्क सीक्रेट को कानून से बचाने की कोशिश करते नजर आएंगे। ट्रेलर 2 मिनट 52 सेकंड लंबा है। फिल्म में अजय देवगन विजय, तब्बू आईजी मीरा देशमुख और श्रिया सरन नंदिनी के किरदार में लौट रही हैं। इस बार जयदीप अहलावत और प्रकाश राज की एंट्री हुई है, जो विजय के खिलाफ जांच को और मजबूत करते हैं। ट्रेलर में दिखाया गया है कि मामला अब सिर्फ दिमागी खेल नहीं रहा, बल्कि विजय और पुलिस के बीच अस्तित्व की लड़ाई बन चुका है। ट्रेलर में अजय देवगन कहते हैं, उनके बहुत ही मजबूत सबूत हैं। जयदीप अहलावत फिल्म में क्राइम ब्रांच के एसपी की भूमिका में हैं। वह विजय को कमतर आंकने के बजाय उसकी समझ और चालाकी को पहचानते हैं। इसी बदलाव के बीच विजय का सामना पहले से ज्यादा खतरनाक चुनौती से होता है। ट्रेलर में प्रकाश राज का किरदार विजय के लिए कहता है, अनपढ़ है, बेवकूफ नहीं। इसे मैं हल्के में लेने की कोशिश नहीं करूंगा। वहीं एक अन्य डायलॉग में विजय को गोवा का सबसे बड़ा हार्ड-वर्किंग क्रिमिनल कहा गया है।

### नैनो न्यूज

- **असम :** अफसर ने सीएम-मंत्रियों की आवाज से करोड़ों ठगे, जिला विकास अधिकारी के पद पर है, सरकारी ठेका और नौकरी दिलाने के नाम पर वसूली करता।
- **नई दिल्ली :** जल्द सुनवाई की मांग पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा- हमारे लिए सभी बराबर, राहुल गांधी वीवीआईपी नहीं।
- **नई दिल्ली :** शेयर बाजार में गिरावट का दौर जारी, सेंसेक्स 813 अंक टूटा, निफ्टी 23450 के नीचे बंद।
- **नई दिल्ली :** कच्चा तेल 100 डॉलर पार, 6 हफ्ते में सबसे महंगा, अमेरिका और ईरान के बीच तनाव बढ़ने का असर, पेट्रोल-डीजल और एलपीजी महंगी हो सकती है।
- **अमेरिका :** कनाडा के डेयरी प्रोडक्ट और शराब पर बैन, मोटरसाइकिलों पर भी रोक, कनाडा के जवाबी टैरिफ के बाद फैसला, 29 सितंबर से लागू।
- **कर्नाटक :** मंत्री सतीश जारकीहोली के ठिकानों पर ईडी की रेड, सांसद बेटी के घर समेत 18 जगहों पर तलाशी, मनी लॉन्ड्रिंग केस, पैसे विदेश भेजने का आरोप।
- **जम्मू-कश्मीर :** हिजबुल मुजाहिदीन का मददगार गिरफ्तार, चीन में बनी पिस्तौल और 16 राउंड गोलियां बरामद, आतंकियों को हथियार दिलाने का काम करता था।

## महाकाल श्रृंगार



ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर का मंगलवार को आकर्षक श्रृंगार किया गया।

## खुसूर-फुसूर

### शिवना शुद्धिकरण की राह मजबूत

मैं अकेला ही चला था जानिब ए-मंजिल, मगर लोग साथ आते गए और कारवां बनता गया। मजरूह सुल्तानपुरी साहब के मशहुर शेर के शब्दों को जीवन में ढालने वाले कभी पीछे पलट कर कारवां नहीं देखते हैं। उन्हें पता होता है कि अब कारवां बनना ही है। ऐसा ही कुछ भगवान श्री पशुपतिनाथ एवं महापंडित रावण के ससुराल कहे जाने वाले शहर में वर्तमान में वहां की जीवन रेखा के पर्यावरणीय सुधार को लेकर किया जा रहा है। वहां माननीय की जिद के आगे जीवन रेखा के प्रदूषण में कमी भी आई है और काफी हद तक इस अभियान को शहरवासियों का समर्थन एवं सहयोग भी मिल रहा है। बस इतना है कि इसे दल की स्थिति में देखा जा रहा है। शिवना की पुकार को समझने वालों ने तो कारवां में शामिल होने की पहल कर दी है और प्रदूषण रोकने की दिशा के साथ ही इससे संबंधित कार्यों को अंजाम देने के लिए भी बराबर कार्य करना शुरू कर दिया है। वर्षा ऋतु के बावजूद शुद्धिकरण अभियान 141वें दिन भी श्रमदान का क्रम निरंतर जारी रहा। क्षेत्रीय माननीय श्रमदान करने पहुंचे और उन्होंने दो घंटे के दौरान अपने साथियों के साथ नदी में उतरकर प्लास्टिक कचरा एवं फूलमालाएं बाहर निकालीं। किनारे उग आई गाजर घास को उखाड़कर नदी तट की सफाई की गई। माननीय ने इस दौरान आमजन को स्वच्छता के लिए प्रेरित किया। यही नहीं उन्होंने अभियान के नदी के पूरी तरह साफ स्वच्छ होने तक जारी रखने की बात भी कही। असल में समय के साथ हमें अपनी जल संरचनाओं एवं प्राकृतिक जल स्त्रोंतों को सहेजने एवं उन्हें प्रदुषण मुक्ति के लिए अभी से जागना ही होगा। अगर समय रहते हमने इस पर ध्यान नहीं दिया तो समय हमें सब कुछ सिखाने में देर नहीं करने वाला है। हालात बता रहे हैं जब हम एक लीटर पानी 20 रूपए देकर खरीद रहे हैं जब हमें इस बात का अहसास हो रहा है कि पग-पग रोटी, डग-डग नीर वाले क्षेत्रों में आज शुद्ध पेयजल मिलना मुश्किल हो रहा है। देश एवं अन्य सूखा क्षेत्रों के हालात देखते हुए हमें अभी से जल संरक्षण एवं इसमें हो रहे प्रदूषण से इन्हें मुक्त करने के लिए हर संभव पहल करना ही होगी। अगर हमने अभी पानी की किमत नहीं समझी तो पानी अपनी किमत हमें समझा रहा है। खुसूर-फुसूर है कि मालवा के अनेक क्षेत्रों में जीवन रेखाएं हैं और प्रदेश नदियों का मायका ही कहा जाता है। उसके बावजूद इस क्षेत्र में पिछले दो दशक से पानी की समस्या की एक बड़ी कहानी सामने आ रही है। क्षेत्र की अधिकांश नदियों में प्रदूषण की स्थितियां बराबर बढ़ती जा रही है। प्रदूषण नाम के राक्षस से हमें इन जीवन रेखाओं को बचाने की पहल सिर्फ एक क्षेत्र या एक नदी तक सिमित न रखते हुए इसे सरकारी स्तर पर जनसेवा के तहत एक विशेष काम के रूप में लिया जाना चाहिए। इसमें प्रति सप्ताह ही सभी क्षेत्रों में निरंतर रूप से प्रदूषण मुक्ति के लिए सर्वदल, सर्वजन का अभियान बनाकर चलाना चाहिए और प्रदेश के जिम्मेदारों को इसके लिए पहल करना चाहिए।

## नैनो न्यूज

- **संजय नाहर** पुनः बने जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक तपागच्छ उपाश्रय ट्रस्ट के अध्यक्ष, श्रीसंघ की साधारण सभा में ध्वनिमत से प्रस्ताव पारित, उपाश्रय में साकार होगा मणिभद्रवीर का 'तीन धाम एक मुकाम'
- **गूंजा राणी** सती दादी का संगीतमय मंगलपाठ, बनारस की गायिका पायल अग्रवाल ने दी प्रस्तुति, 6 घंटे तक चला दादी के जीवन चरित्र का वर्णन
- **हरीली शराब** से हुई मौतों से आक्रोशित कांग्रेस ने फूंका आबकारी मंत्री का पुतला, कांग्रेसजनों ने मांगा इस्तीफा, 50 लाख मुआवजे व सरकारी नौकरी की मांग
- **त्रुटिपूर्ण मूल्यांकन** को लेकर एनएसयूआई का प्रदर्शन, निःशुल्क पुनर्मूल्यांकन की मांग
- **अहिंसा, साधार्मिक** भक्ति और क्षमापना से ही सार्थक होगी पर्युषण महापर्व की आराधना, अरविंद नगर में अलौकिक चातुर्मास में पर्युषण के पहले दिन अहिंसा दिवस पर आचार्यों की मंगल देशना
- **अखिल भारतीय** किरार धाकड़ क्षत्रिय महासभा नागर मालव नवयुवक मंडल द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी बाबा महाकाल की राजसी सवारी में बाबा महाकाल दुपट्टा पहनकर आए हुए सभी अतिथि व समाज बंधुओं का स्वागत किया।
- **आरडी गार्डी** मेडिकल कॉलेज में मनाया विश्व फिजियोथेरेपी दिवस, आरडी गार्डी मेडिकल कॉलेज स्थित कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी में 8 सितंबर को विश्व फिजियोथेरेपी दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया।

## ट्रेंडिंग




### उज्जैन से इंदौर, इंदौर से सागर... अब पूरे प्रदेश में जहरीले नशे का जाल

# एक तरफ इंफ्रास्ट्रक्चर का विकास, दूसरी तरफ जहरीले नशे का खतरा

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश में अवैध और जहरीली शराब का मुद्दा एक बार फिर गंभीर चिंता का विषय बनता जा रहा है। उज्जैन से लेकर इंदौर और सागर तक सामने आ रहे मामलों ने नशे के अवैध कारोबार और जहरीली शराब की रोकथाम को लेकर सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। सागर जिले के बंडा क्षेत्र के छापरी गांव में जहरीली शराब से मौतों के बाद पीड़ित परिवारों का दर्द सामने आया है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब अवैध शराब लोगों की जान ले रही है, तब प्रशासन की प्राथमिकता क्या है– जहरीले नशे पर लगाम लगाना या आंकड़ों को नियंत्रित रखना? घटनाओं के बाद कार्रवाई के दावे तो सामने आते हैं, लेकिन अवैध शराब के नेटवर्क की जड़ तक पहुंचने और इसके पूरे तंत्र को खत्म करने की जरूरत लगातार महसूस की जा रही है।



विपक्ष और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा ऐसे मामलों को उठाए जाने के बाद सरकार और प्रशासन पर यह आरोप भी लगाए जा रहे हैं कि आवाज उठाने वालों पर कार्रवाई करने के बजाय अवैध नशे के कारोबार पर निर्णायक कार्रवाई होनी चाहिए। हालांकि, किसी भी व्यक्ति या संस्था पर द्वेषपूर्ण कार्रवाई के आरोपों की पुष्टि संबंधित आधिकारिक जांच के आधार पर ही की जानी चाहिए।

### अवैध शराब और जहरीले नशे का नेटवर्क सक्रिय

- उज्जैन, इंदौर और सागर की घटनाएं केवल अलग-अलग जिलों की समस्या मानकर नजरअंदाज करने का विषय नहीं हैं। यदि अवैध शराब और जहरीले नशे का नेटवर्क सक्रिय है तो इसका असर प्रदेश के दूसरे हिस्सों तक पहुंच सकता है। ऐसे में सरकार के सामने चुनौती केवल शराब की दुकानों की निगरानी तक सीमित नहीं, बल्कि अवैध निर्माण, परिवहन, भंडारण और बिक्री से जुड़े पूरे नेटवर्क पर शिकंजा कसने की है।
- जनता का सवाल सीधा है– जहरीली शराब से किसी परिवार का चिराग बुझने के बाद कार्रवाई क्यों शुरू हो? पहले से ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए जिम्मेदार तंत्र कब सक्रिय होगा?
- अब जरूरत आंकड़े छिपाने या आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति से आगे बढ़कर हर मौत की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कठोर कार्रवाई और अवैध नशे के कारोबार के स्थायी खात्मे की है। आखिर किसी भी सरकारी आंकड़े से ज्यादा महत्वपूर्ण एक इंसान की जिंदगी है।

### जनता का स्वास्थ्य और जीवन भी सुरक्षित हो

मध्यप्रदेश में सरकार एक ओर सड़कों, पुलों, भवनों और अन्य बुनियादी ढांचे के विस्तार को विकास की तस्वीर के रूप में प्रस्तुत कर रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध और जहरीली शराब के मामलों ने आम लोगों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उज्जैन से इंदौर और इंदौर से सागर तक सामने आए मामले इस चिंता को और गहरा करते हैं।

सरकार विकास की रफ्तार बढ़ाने के साथ प्रदेश को आगे ले जाने का दावा कर रही है, लेकिन सवाल यह है कि जिस प्रदेश में इंफ्रास्ट्रक्चर तो मजबूत हो रहा हो, वहां नागरिकों की जिंदगी को जहरीले नशे और मिलावटी खाद्य पदार्थों से कैसे सुरक्षित रखा जा रहा है?

विडंबना यह है कि सरकार की ओर से खाद्य विभाग द्वारा मिलावट के खिलाफ अभियान चलाने की बात कही जाती है। कार्रवाई और अभियान की जानकारी भी सामने आती है, लेकिन जहरीली शराब और अवैध नशे के कारण होने वाली घटनाएं यह सवाल खड़ा करती हैं कि क्या निगरानी व्यवस्था जमीनी स्तर पर उतनी ही प्रभावी है, जितनी कागजों और सरकारी दावों में दिखाई देती है।

एक तरफ विकास कार्यों पर करोड़ों-अरबों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ यदि मिलावट और जहरीले नशे से लोगों की सेहत तथा जान खतरे में पड़ रही है तो विकास की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठना स्वाभाविक है।

सबसे गंभीर सवाल यह है कि सरकारी अभियान केवल कार्रवाई के आंकड़ों तक सीमित हैं या वास्तव में आम आदमी की जिंदगी सुरक्षित करने में भी उनका असर दिखाई दे रहा है? अवैध शराब के नेटवर्क पर प्रभावी कार्रवाई के साथ यह भी सुनिश्चित करना होगा कि दोषियों तक कार्रवाई पहुंचे और किसी निर्दोष को राजनीतिक या प्रशासनिक प्रतिशोध का सामना न करना पड़े।

जनता को ऐसे विकास की जरूरत है जिसमें सड़क और पुल के साथ-साथ उसका स्वास्थ्य और जीवन भी सुरक्षित हो। प्रदेश के सामने चुनौती अब केवल इंफ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने की नहीं, बल्कि ऐसा सुरक्षित वातावरण बनाने की भी है जहां मिलावट, जहरीली शराब और अवैध नशे के कारण किसी परिवार को अपना सदस्य न खोना पड़े।

### गुदरी चौराहा से हरसिद्धि की पाल तक 15 मीटर चौड़ी होगी सड़क

# 136 भवन होंगे प्रभावित, नपती और मार्किंग शुरू

## हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए यह हैं महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग

### 14 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित है काम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों को देखते हुए नगर निगम ने शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और चौड़ीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसी क्रम में गुदरी चौराहा से पानदरिबा होते हुए हरसिद्धि पाल तक करीब 570 मीटर लंबे मार्ग को 15 मीटर चौड़ा करने की तैयारी की जा रही है। प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण और विकास कार्य पर राज्य शासन से मिली करीब 14 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी।

यह मार्ग बाबा महाकाल की सवारी और सिंहस्थ के दौरान निकलने वाली पेशवाई के प्रमुख मार्गों में शामिल है। इसके अलावा रामघाट और हरसिद्धि मंदिर क्षेत्र में आने-जाने वाले श्रद्धालुओं और आम नागरिकों के लिए भी यह महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है। सिंहस्थ के दौरान श्रद्धालुओं की संख्या और यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए सड़क की चौड़ाई बढ़ाने की योजना बनाई गई है।






### 136 भवन होंगे प्रभावित नपती और मार्किंग शुरू

प्रस्तावित सड़क चौड़ीकरण से कुल 136 भवन प्रभावित होने की संभावना है। नगर निगम ने सड़क की सीमा निर्धारित करने के लिए मंगलवार से नपती और मार्किंग का काम शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रस्तावित सड़क सीमा के अनुसार प्रभावित भवनों का चिन्हांकन किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा के निर्देश पर भवन निरीक्षक सौम्या चतुर्वेदी और निगम की टीम ने मौके पर पहुंचकर नपती और मार्किंग की कार्रवाई की। टीम ने स्थल का निरीक्षण कर प्रस्तावित सड़क सीमा से संबंधित आवश्यक जानकारी भी जुटाई।

### सर्वे पूरा होने के बाद होगी आगे की कार्रवाई

नगर निगम के अनुसार नपती और सर्वे का काम पूरा होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। सड़क चौड़ीकरण का उद्देश्य क्षेत्र में यातायात को सुगम और व्यवस्थित करना तथा मार्ग की क्षमता बढ़ाना है। नगर निगम का कहना है कि सिंहस्थ के दौरान बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के लिए शहर के प्रमुख मार्गों के विकास और चौड़ीकरण को प्राथमिकता दी जा रही है। सड़क विकास से नागरिकों और श्रद्धालुओं को आवागमन में सुविधा मिलने के साथ क्षेत्र की यातायात व्यवस्था में भी सुधार होने की उम्मीद है।

# सिंहस्थ 2028 हेतु प्राधिकरण बनाएगा 50 किलोमीटर सड़क

### अधिग्रहित भूमि का मुआवजा किसानों को वितरित



दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मंगलवार को विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष डॉ. रवि सोलंकी द्वारा सिंहस्थ 2028 अंतर्गत बनने वाली 50 किलोमीटर सड़कों हेतु अधिग्रहित की गई भूमि का मुआवजा 30 किसानों को रू. 9.02 करोड़ संबंधित किसानों को वितरित किया।

इस अवसर पर प्राधिकरण के अध्यक्ष सोलंकी ने बताया कि किसानों के हितों का ध्यान रखना शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा, भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया गया है। किसानों को नियमानुसार उचित मुआवजा समय पर मिले, इसके लिए प्राधिकरण लगातार काम कर रहा था और आज सभी पात्र किसानों को उनकी राशि सौंप दी गई है। मुआवजा प्राप्त करने के बाद किसानों ने भी राहत की सांस ली और प्राधिकरण की इस त्वरित व पारदर्शी कार्रवाई पर संतोष व्यक्त किया। प्राधिकरण द्वारा आने वाले दिनों में शेष बचे किसानों के दस्तावेजीकरण की प्रक्रिया पूरी कर उन्हें भी जल्द से जल्द मुआवजा वितरित कर दिया जाएगा। इस अवसर पर मुआवजा प्राप्त करने वाले किसानों में अनिल, मानाजी राव आंग्रे, अवंतिका घाटगे, धर्मेन्द्र जाट, अशोक गेहलोत, महेश आंजना सहित अन्य किसानों के साथ-साथ प्राधिकरण के विधि अधिकारी मनीष जोशी, वित्त अधिकारी ग्रविता भिंडे, सम्पदा अधिकारी जीवनलाल मोघी एवं कार्यपालन यंत्री शुभम सोनी सहित कार्यालय के अधिकारी उपस्थित थे।

# श्री कोरट का जन्मदिन मनाया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

भारतीय मजदूर संघ से सम्बंद्ध सफाई कामगार संघ, स्वायतशासी कर्मचारी संघ, सेवानिवृत कर्मचारी संघ नगर निगम उज्जैन के संरक्षक रामचंद्र कोरट का जन्मदिन भैरवगड़ स्थित निवास पर जाकर तीनों कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने मनाया। जन्मदिन मनाने वालों में नगर निगम के कर्मचारी, भाजपा के पदाधिकारियों, वाल्मीकि पंचायत के पदाधिकारी शामिल थे।



### नारियल और कांच की इत्र की शीशियां पालकी की ओर फेंकी गई

# आस्था किसी दिन मुसीबत न बन जाए

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

बाबा महाकाल की अंतिम राजसी सवारी के दौरान श्रद्धा और आस्था का अद्भुत दृश्य देखने को मिला, लेकिन कुछ श्रद्धालुओं की अति भावुकता चिंता का विषय भी बन गई। सवारी के दौरान कुछ लोग अपने इष्ट बाबा महाकाल की पालकी पर फूल-मालाओं के साथ नारियल और इत्र की शीशियां अर्पित करने के उद्देश्य से फेंकते नजर आए।

श्रद्धालुओं की भावना निश्चित रूप से बाबा महाकाल के प्रति असीम आस्था से जुड़ी हुई थी, लेकिन जिस प्रकार नारियल और कांच की इत्र की शीशियां पालकी की ओर फेंकी गईं, वह किसी बड़ी दुर्घटना का कारण बन सकता था। नारियल जैसी भारी वस्तु किसी श्रद्धालु, पुलिसकर्मी, सेवक या सवारी व्यवस्था में लगे व्यक्ति को लगने पर गंभीर चोट पहुंचा सकती है। वहीं कांच की इत्र की शीशी टूटने पर भी चोट लगने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

### आस्था के साथ सुरक्षा भी जरूरी

बाबा महाकाल की सवारी में लाखों श्रद्धालु शामिल होते हैं और हर व्यक्ति अपनी श्रद्धा के अनुसार बाबा को पुष्प, माला अथवा अन्य सामग्री अर्पित करना चाहता है। लेकिन श्रद्धा का प्रदर्शन ऐसा नहीं होना चाहिए, जिससे किसी अन्य श्रद्धालु या सवारी व्यवस्था में शामिल व्यक्ति की सुरक्षा खतरे में पड़ जाए। प्रशासन और मंदिर समिति को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है। अगले वर्ष सवारी से पहले श्रद्धालुओं को स्पष्ट रूप से जागरूक किया जाना चाहिए कि पालकी पर नारियल, कांच की शीशी अथवा कोई भी भारी वस्तु फेंकना प्रतिबंधित हो।

### सावन-भदौ की सवारियों को निकालने में चौड़ीकरण की सहजता का सहयोग रहा

# राजसी सवारी करीब डेढ़ घंटे पहले पहुंची मंदिर

## सामान्य सवारियों के भी मंदिर वापसी समय में पौन घंटे से आधे घंटे का अंतर आया

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

पिछले कई दशकों से भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारियों को समयबद्ध निकालने की स्थिति में चिंता का विषय सामने आता रहा है। इस बार निकली सवारियों के बाद यह चिंता पूरी तरह से निरर्थक होने की स्थिति बनी है। सवारी मार्ग चौड़ीकरण से सहजता का सहयोग रहा है। यही कारण रहा कि राजसी सवारी ही नहीं सामान्य सवारियों के भी मंदिर वापसी के समय में डेढ़ घंटा से आधा घंटा तक का समयांतर सामने आ रहा है।

पिछले सालों में सवारी निकालने के दौरान मार्ग के कई हिस्सों में संकुचित स्थिति के चलते सवारी को काफी सजगता के साथ और पूरे नियंत्रण से चलाया जाना पड़ता था। मार्ग चौड़ीकरण के उपरांत यह पूरी समस्या ही समाप्त होती दिखाई दे रही है। इस बार निकली 6 सवारियों के क्रम में सामान्य एवं राजसी सवारी सभी पूरी सहजता से निकाली गई है।



### नगर निगम ने समय से पूर्व किया चौड़ीकरण

सिंहस्थ-28 के लिए शहर की सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है। इसी के तहत भगवान श्री महाकालेश्वर की सवारी के मार्ग को नगर निगम ने चौड़ीकरण के लिए हाथ में लिया था। इन सड़कों पर काम की गति नगर निगम ने युद्ध स्तर पर चलाई। ढाबा रोड एवं नदी दरवाजा क्षेत्र सहित हरसिद्धी पाल सहित रामघाट मार्ग को सामान्य सवारी के लिए चौड़ा किया गया। यहां तक कि अंतिम दौर में रात दिन काम किया गया और सड़क, नाली सहित अधिकांश काम पूरे कर दिए गए। मार्ग सवारी निकलने एवं प्रकाश की पूरी व्यवस्था के साथ पूर्ण किए गए। यहां तक की मार्ग पर ढाबा रोड चौराहा चौड़ीकरण एवं कोबाल्ट पत्थर से उसका सौंदर्यीकरण भी किया गया। यही नहीं रामघाट मार्ग पर भी सौंदर्यीकरण को अंजाम दिया गया। इसके साथ ही कंठाल से गोपाल मंदिर मार्ग राजसी सवारी के लिए पूर्ण किया गया। जिस तरह से सामान्य सवारी निकलने के एक दिन पूर्व उस मार्ग को पूर्ण कर लिया गया था वैसे ही राजसी सवारी मार्ग की स्थिति भी रही। यहां सतीगेट सौंदर्यीकरण को भी अंजाम दिया गया। यहां भी बेहतर पत्थरों को जमीन पर लगाया गया है।

### 5 सामान्य एवं अंतिम प्रमुख राजसी सवारी

इस वर्ष कुल 6 सवारियां मंदिर समिति ने निकाली। इसकी शुरूआत 3 अगस्त से हुई। यहां तक की नगर निगम ने 2 अगस्त तक अपने कामों को अंजाम दिया लेकिन सवारी की शुरूआत चौड़ीकृत मार्गों से ही करवाई गई। पहली सवारी चुंकि छोटी ही होती है एवं उसमें कम ही दल शामिल होते हैं। इसके बावजूद श्रद्धालुओं की संख्या जमकर रही थी उसके बाद भी चौड़ीकरण के मार्गों से सवारी के दर्शनों में सभी को सहजता रही। इसके बाद शेष 4 सवारियों में बराबर भगवान के स्वरूप बढ़ते रहे। यहां तक कि 17 अगस्त को तीसरी सवारी में तो मिनी कुंभ के हालात निर्मित हो गए उसके बाद भी सवारी के दर्शन एवं सवारी निकालने में सहजता की स्थिति चौड़ीकरण के कारण ही रही है। शेष 3 सवारियों में राजसी सवारी के दौरान संपूर्ण परंपरागत मार्ग के चौड़ीकरण के काम को अंजाम दिया गया। कंठाल से सतीगेट एवं गोपाल मंदिर तक के मार्ग में काफी सहजता की स्थिति रही है। यहां भी मार्ग चौड़ीकरण का काम एक दिन पूर्व तक पूर्ण किया गया और सजावट को अंजाम दिया गया है।

- **पूर्व वर्षों से जल्दी पहुंची सवारी मंदिर-** मंदिर से जुड़े सूत्रों के अनुसार चौड़ीकरण से सवारी के नगर भ्रमण में सहजता की स्थिति बनी है। इससे चौड़े-चौड़े मार्ग भ्रमण के दौरान मिलने से सवारी पूरी गति से चलती है और व्यवधान की स्थित या गतिरोध जैसे हालात अब नहीं बचे हैं। ऐसे में सामान्य सवारी की मंदिर करीब पौन घंटे से लेकर आधा घंटा पूर्व होने की स्थिति बनी है और राजसी सवारी करीब एक घंटे पूर्व वापसी की स्थिति बनी है।
- **पूर्व में शयन आरती के पूर्व मंदिर पहुंचना चुनौती होता था-** पिछले कई सालों में यह पहला अवसर ऐसा रहा है जब राजसी सवारी शयन आरती से काफी पहले मंदिर में पहुंच गई थी। इसके बाद निश्चिंतता से पूजन अर्चन किया गया और शयन आरती की गई। पूर्व वर्षों में राजसी सवारी रात पौने दस से सवा दस तक मंदिर वापसी होती थी ऐसे में शयन आरती को लेकर जल्दबाजी के हाल होते थे। शयन आरती से पूर्व भगवान की पालकी को मंदिर में वापसी का विधान जानकार बताते हैं।

## न्यूज कॉलम

### कार का कांच फोड़कर 28 हजार रुपए चोरी

**इंदौर।** विजयनगर और लसूड़िया थाना क्षेत्र में चोरी की दो वारदातें सामने आई हैं। विजयनगर में बदमाशों ने मंदिर दर्शन करने गए मैनेजर की कार का कांच फोड़कर 28 हजार रुपए से भरा बैग चोरी कर लिया। वहीं, लसूड़िया में पत्नी के साथ ससुराल गए युवक के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर सोने-चांदी के जेवर, मोबाइल और नकदी ले गए। दोनों मामलों में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विजयनगर पुलिस के अनुसार निजी संस्थान में मैनेजर योगेश टांक मंगलवार शाम कार से तलावली चांदा स्थित घर लौट रहे थे। रास्ते में मिठाई खरीदने के बाद उन्होंने पंचमुखी हनुमान मंदिर के पास कार पार्क की और दर्शन करने चले गए।

### इंदौर में ग्रीन गणेश उत्सव-2026 की तैयारी तेज

**इंदौर।** गणेशोत्सव को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण-अनुकूल बनाने के लिए इंदौर नगर निगम ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इस वर्ष ग्रीन गणेश उत्सव-2026 का आयोजन 14 से 23 सितंबर तक किया जाएगा। अभियान के तहत गणेश पंडालों को जीरो वेस्ट, पर्यावरण-अनुकूल और 3 आर यानी रिड्यूस, रीयूज और रिसाइकिल की अवधारणा पर तैयार करने पर जोर रहेगा। इसी सिलसिले में अपर आयुक्त प्रखर सिंह ने मंगलवार को सिटी बस ऑफिस में शहर की गणेश उत्सव समितियों और पंडाल आयोजकों के साथ चर्चा की। निगम अधिकारियों ने अभियान की गाइड लाइन और पंडालों में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर जरूरी दिशा-निर्देश दिए।

### इंदौर में शादी का झांसा देकर युवती से 2.5 लाख ठगे

**इंदौर।** एरोड्रम पुलिस ने एक युवती की शिकायत पर मेट्रोमोनियल साइट के जरिए ऑनलाइन ठगी का मामला दर्ज किया है। युवती ने शादी के लिए साइट पर अपनी प्रोफाइल बनाई थी। इसी दौरान शशांक शर्मा नाम के युवक ने उससे संपर्क किया। बातचीत के बाद दोनों ने वॉट्सऐप नंबर शेयर किए। आरोपी ने खुद को दुबई में होना बताया और अलग-अलग बहाने से युवती से ऑनलाइन रुपए ट्रांसफर करवाए। करीब 2.5 लाख रुपए लेने के बाद युवती को शक हुआ। इसके बाद वह अपने दोस्तों के साथ ओमेक्स सिटी स्थित बताए गए पते पर पहुंची, लेकिन वहां शशांक शर्मा नाम के व्यक्ति की कोई जानकारी नहीं मिली।

### मप्र में सितंबर में 9 दिन बैंकों में कामकाज ठप




**भोपाल।** मध्य प्रदेश में सितंबर महीने में 9 दिन बैंकिंग कामकाज प्रभावित रहेगा। 40 हजार बैंककर्मी हड़ताल पर रहेंगे, जबकि शनिवार-रविवार की छुट्टियों के कारण 7,000 बैंक शाखाओं में लगातार 3 दिन और फिर 5 दिन कामकाज प्रभावित होगा। इस दौरान कैश जमा-निकासी और चेक क्लियरेंस समेत कई जरूरी सेवाएं अटक सकती हैं। पहला असर 11 सितंबर को हड़ताल से शुरू होगा, जिसके बाद 12 और 13 सितंबर को छुट्टी रहेगी। 20 सितंबर को रविवार है। इसके बाद 26 और 27 सितंबर को शनिवार-रविवार की छुट्टी और 28 से 30 सितंबर तक हड़ताल रहेगी। यानी महीने में बैंकिंग सेवाएं 2 चरणों में प्रभावित होंगी। यूनियंस पदाधिकारियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से मीटिंग, कोई नतीजा नहीं हालांकि, सरकार और बैंक संगठनों के प्रतिनिधियों के बीच बुधवार को नई दिल्ली में बैठक

## नैनो न्यूज

- **भोपालः** इंटर्न डॉक्टरों की मांग मानी, स्टाइपेंड में 50% बढ़ोतरी का फैसला हुआ। आंदोलन खत्म होने के बाद स्वास्थ्य सेवाएं सामान्य होने की उम्मीद।
- **नरसिंहपुरः** पुलिस ने सुबह चार बजे दबिश देकर अवैध शराब फैक्ट्री पकड़ी। बड़ी मात्रा में महुआ लहान और शराब बरामद कर तीन आरोपियों पर केस दर्ज किया।
- **सीधीः** नाले को पार करने के लिए बुजुर्ग की पीठ पर बैठकर पटवारी के जाने का वीडियो वायरल हुआ। मामले को लेकर लोगों में नाराजगी जताई जा रही है।
- **श्योपुरः** 60 फीट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़ा सांड करीब 42 घंटे तक फंसा रहा। प्रशासन और पुलिस की टीम ने क्रेन से सुरक्षित रेस्क्यू किया।
- **शिवपुरीः** नीलगाय के बच्चे को निगलने के बाद करीब 10 फीट लंबा अजगर गुफा में छिप गया। रेस्क्यू टीम ने करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद उसे पकड़ा।
- **सिंगरौलीः** स्वास्थ्यकर्मियों ने बीएमओ को हटाने की मांग को लेकर नाराजगी जताई। कर्मचारियों ने प्रशासन के सामने अपनी समस्याएं रखीं।
- **सागरः** शराब से जुड़ी घटनाओं के बाद आसपास के जिलों में भी अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई तेज हुई है। शाजापुर में भी बड़ी जब्ती की गई।

फायर सेफ्टी इक्यूपमेंट्स नहीं लगाने पर एक्शन, महीने भर पहले दिया था नोटिस

# 600 दुकानों वाला अपोलो टॉवर नगर निगम को सील

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में नगर निगम की टीम ने बुधवार को अपोलो टॉवर को सील कर दिया। यहां करीब 600 दुकानें संचालित होती हैं। नगर निगम ने फायर सेफ्टी नॉर्म्स का पालन नहीं होने पर यह कार्रवाई की। इससे पहले नगर निगम ने एक महीने पहले नोटिस जारी किया था। इसके साथ ही टॉवर पर फ्लेक्स भी लगाए गए थे। एक महीने बाद भी यहां फायर सेफ्टी उपकरण नहीं लगाए गए।

बिल्डिंग ऑफिसर अंकेश बिरथरिया ने बताया कि नगर निगम लगातार शहर में फायर




सेफ्टी को लेकर कार्रवाई कर रहा है। बुधवार को भी नगर निगम की टीम ने 56 दुकान के सामने स्थित अपोलो टॉवर को सील करने की कार्रवाई की।

उन्होंने बताया कि एक महीने पहले टॉवर प्रबंधन को फायर सेफ्टी के संबंध में सुरक्षा उपकरण इंस्टॉल करने के लिए नोटिस दिया गया था। यहां फ्लेक्स भी लगाए गए थे, जिनमें बताया गया था कि बिल्डिंग फायर सेफ्टी नॉर्म्स के मुताबिक सुरक्षित नहीं है। ऐसे में यहां कभी भी हादसा हो सकता है।

नोटिस जारी होने के एक महीने बाद भी यहां फायर सेफ्टी से संबंधित कोई उपकरण नहीं लगाए गए। इसके चलते नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई है। अपोलो टॉवर में करीब 600 दुकानें संचालित होती हैं।

### तीन दिन का मांग रहे थे समय

नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि एक महीने का पर्याप्त समय दे चुके थे। नोटिस के बाद भी नगर निगम ने समय दिया गया था, ताकि वे फंड्स जमा कर सके और यहां पर असेसमेंट करके फायर ऑडिट करा के उपकरण इंस्टॉल करा सके, लेकिन यहां पर उन्होंने उपकरण नहीं लगाए। जब टीम यहां पहुंची तो यहां के लोग और तीन दिन का समय मांग कर रहे थे और कार्रवाई के डिले करना चाह रहे थे। मगर उन्हें समझाइश दी और अपोलो टॉवर को सील करने की कार्रवाई की।

### कमिश्नर को देने होगा एफिडेविट

अब इसे खुलवाने के लिए फायर ऑडिट कराने के बाद एफिडेविट नगर निगम कमिश्नर को जमा करना होगा और समय सीमा बताना पड़ेगी। उसके बाद तय होगा कि कितने समय में खोलना है। नगर निगम ने एक दिन पहले भी ग्रेटर वैशाली नगर स्थित लाइब्रेरी, राधिका पैलेस और सुख शांति नगर के बेसमेंट को सील करने की कार्र?वाई की थी।

# इंदौर से 9वें राष्ट्रीय पोषण माह का आगाज

## मंत्री भूरिया बोलीं- आंगनवाड़ी को समाज से जोड़ें, स्वस्थ बच्चों से बनेगा विकसित प्रदेश

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

प्रदेश में 9वें राष्ट्रीय पोषण माह-2026 की शुरूआत बुधवार को इंदौर से हुई। महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने हमारी आंगनबाड़ी, हमारी जिम्मेदारी थीम के साथ राज्य स्तरीय अभियान का शुभारंभ किया। अभियान 8 अक्टूबर तक चलेगा।

कार्यक्रम में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार सहित अन्य जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। मंत्री भूरिया ने कहा कि स्वस्थ बच्चे ही प्रदेश और देश के उज्वल भविष्य की मजबूत नींव हैं।

पोषण अभियान को केवल सरकारी कार्यक्रम न बनाकर जनभागीदारी से जनआंदोलन का रूप देने की जरूरत है। आंगनवाड़ी केंद्रों को अभिभावकों, सरपंचों, पार्षदों, जनप्रतिनिधियों, स्व-सहायता समूहों और सामाजिक-सांस्कृतिक संस्थाओं से जोड़ा जाए, ताकि बच्चों के पोषण और सर्वांगीण विकास के लिए बेहतर वातावरण तैयार हो सके।

### स्थानीय खाद्य पदार्थों से पौष्टिक आहार पर जोर

पोषण माह के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर स्थानीय स्तर पर उपलब्ध खाद्य सामग्री और पारंपरिक व्यंजनों को बढ़ावा दिया जाएगा। गर्भवती और धात्री माताओं को संतुलित एवं पौष्टिक भोजन, स्वच्छता और बच्चों की देखभाल के संबंध में जागरूक किया जाएगा। अभियान के तहत बच्चों की शारीरिक माप, पोषण संबंधी जागरूकता, पोषण मेले और रेसिपी प्रदर्शनियों सहित विभिन्न गतिविधियां होंगी। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना सहित पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर भी फोकस रहेगा।

### पोषण मेले में दिखे स्थानीय व्यंजनों के विकल्प

लता मंगेशकर सभागृह परिसर में लगाए गए पोषण मेले और रेसिपी प्रदर्शनी में टेक होम राशन, गर्म पका भोजन, स्थानीय दालें, चना, मूंगफली, सोया, दूध-दुग्ध उत्पाद, मिलेट्स और मौसमी सब्जियों से तैयार व्यंजनों को प्रदर्शित किया गया।

### संस्थाओं से हुआ एमओयू

- कार्यक्रम के दौरान बच्चों के स्वास्थ्य, पोषण और प्रारंभिक शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के लिए एमओयू किए गए। इन संस्थाओं के सहयोग से आंगनवाड़ी केंद्रों की गतिविधियों, बच्चों के स्वास्थ्य और प्रारंभिक शिक्षा को मजबूत करने का प्रयास किया जाएगा।
- मंत्री ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से स्थानीय जरूरतों के अनुसार नए नवाचार करने और सफल गतिविधियों को सोशल मीडिया के माध्यम से साझा करने की अपील की, ताकि दूसरे केंद्र भी उनसे प्रेरणा ले सकें।

# मप्र में मानसून का ब्रेक 3 दिन भारी बारिश नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश में मानसून ने एक फिर 3 दिन का ब्रेक लिया है। मौसम केंद्र भोपाल ने 11 सितंबर तक प्रदेश में कहीं भी अति भारी या भारी बारिश का अनुमान नहीं जताया है।

इसी दिन पश्चिम-मध्य और उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में एक लो प्रेशर एरिया (कम दवाब का क्षेत्र) एक्टिव होगा। जिसका अगले दिन यानी, 12 सितंबर से असर दिखना शुरू होगा। फिलहाल प्रदेश में 9, 10 और 11 सितंबर तक कहीं-कहीं हल्की बारिश का दौर रहेगा। लोकल सिस्टम सक्रिय रहा और पर्याप्त नमी मिली तो कुछ जिलों में तेज बारिश भी हो सकती है। इससे पहले मंगलवार को मौसम विभाग की नई सैटेलाइट तस्वीरों में मध्य प्रदेश के अधिकांश हिस्से से बादल गायब मिले। भोपाल समेत कई जिलों में तेज धूप खिली रही। श्योपुर, उज्जैन, इंदौर, धार, खरगोन, बड़वानी में जरूर हल्की बारिश-बादल वाला मौसम रहा।

12 सितंबर को भारी बारिश का अलर्ट मौसम वैज्ञानिक अरुण शर्मा ने बताया कि फिलहाल प्रदेश में सिस्टम सक्रिय नहीं है। इस वजह से तेज बारिश का अनुमान नहीं है। 12 सितंबर को छतरपुर, पन्ना, दमोह और कटनी में भारी बारिश का अनुमान है।

# इंदौर में नसिया रोड पर हफ्तेभर पहले लगाए पेवर्स धंस

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर में सड़क धंसने के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। अब नसिया रोड पर ड्रेनेज लाइन डालने के बाद लगाए गए पेवर्स बारिश के बाद धंसने लगे हैं। कई जगह सड़क नीचे बैठ गई है तो कहीं पेवर्स ऊपर-नीचे हो गए हैं। व्यापारियों के मुताबिक कुछ स्थानों पर पेवर्स करीब तीन फीट तक खराब हो गए हैं। नसिया रोड पर बड़ी संख्या में दुकानें हैं और दिनभर लोगों के साथ लोडिंग वाहनों की आवाजाही रहती है। वहीं, पास के छावनी क्षेत्र में सड़क निर्माण का काम चलने से इस मार्ग पर ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ गया है। सड़क की बदहाल स्थिति से वाहन चालकों के साथ व्यापारियों को भी परेशानी हो रही है। नसिया रोड व्यापारी एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल जैन ने बताया कि मास्टर प्लान की रोड में नसिया रोड को भी शामिल किया गया है। इसी के तहत यहां काम चल रहा है। हाल ही में ड्रेनेज लाइन डालने के बाद करीब एक सप्ताह पहले सड़क के बीच पेवर्स लगाए गए थे। सोमवार को हुई बारिश के बाद कई जगह पेवर्स धंस गए।

18 से 20 सितंबर तक राज्यस्तरीय स्पर्धा में खिलाड़ी दिखाएंगे दमखम

# मप्र की टेबल टेनिस प्रतिभाओं का उज्जैन में महासंगम

दैनिक अवन्तिका ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश की उभरती टेबल टेनिस प्रतिभाओं के लिए उज्जैन में तीन दिनों तक खेल का रोमांच, प्रतिस्पर्धा और प्रतिभा का शानदार संगम देखने को मिलेगा। मध्यप्रदेश में टेबल टेनिस खेल को नई ऊंचाई देने और नई खेल प्रतिभाओं को बेहतर मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 18 से 20 सितंबर तक द्वितीय राज्यस्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। तीन वर्ष के लंबे अंतराल के बाद होने जा रही इस स्पर्धा को लेकर खिलाड़ियों, अभिभावकों और खेल प्रेमियों में खासा उत्साह है।

स्पर्धा संयोजक एवं पूर्व टेबल टेनिस खिलाड़ी राजेश शर्मा ने बताया कि लोकमान्य तिलक स्कूल के राजाभाऊ महाकाल हॉल में आयोजित होने वाली इस प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से लगभग 250 से 300 महिला एवं पुरुष खिलाड़ी शिरकत करेंगे। तीन दिनों तक अलग-अलग आयु वर्गों में होने वाले मुकाबलों में प्रदेश की नई और उभरती प्रतिभाओं के साथ अनुभवी खिलाड़ी भी अपनी खेल क्षमता, तकनीक, फिटनेस और मानसिक मजबूती का प्रदर्शन करेंगे। एक ही छत के नीचे प्रदेशभर की प्रतिभाओं के जुटने से उज्जैन में टेबल टेनिस के एक बड़े खेल महाकुंभ जैसा नजारा देखने को मिलेगा। संस्था अध्यक्ष एस.पी. झा एवं सचिव सतीश मेहता ने कहा कि प्रतियोगिता का उद्देश्य केवल मुकाबले आयोजित करना नहीं, बल्कि प्रदेश की टेबल टेनिस प्रतिभाओं को ऐसा मंच उपलब्ध कराना है, जहां वे अपनी क्षमता को पहचान सकें और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित हों।

- प्रतियोगिता में अंडर-11, अंडर-13, अंडर-15, अंडर-17, अंडर-19 एवं सीनियर वर्ग में बालक एवं बालिका खिलाड़ियों के मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। नन्हे खिलाड़ियों से लेकर युवा और अनुभवी सीनियर खिलाड़ियों तक हर वर्ग में रोमांचक मुकाबले देखने को मिलेंगे।
- संस्था संरक्षक कुलदीप भार्गव के मार्गदर्शन में स्पर्धा के सफल आयोजन के लिए आयोजन समिति का गठन किया गया है। समिति में एस.पी. झा, सतीश मेहता, एस.के. वशिष्ठ, केशव पंड्या, हरीश कुमार सिंह, भुवनेश्वर मिश्र, सुदीप भार्गव, अंकुर जैन, अक्षय नीमा, हिमांशु जैन, मेघा सर्वटे एवं वंशिका मोतियानी, अमन सिंह बेस, सुरेश चौबे, अशोक जैन, हिमांशु झा, श्वेतांग गुप्ता को शामिल किया गया है। समिति के सदस्य प्रतियोगिता के सुचारू संचालन के लिए विभिन्न जिम्मेदारियां संभालेंगे।
- कुलदीप भार्गव ने कहा कि किसी भी खिलाड़ी के लिए दर्शकों की तालियां और उत्साहवर्धन उसके आत्मविश्वास को बढ़ाने का काम करता है। यदि खेल प्रेमी बड़ी संख्या में प्रतियोगिता देखने पहुंचेंगे तो खिलाड़ियों को अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अतिरिक्त ऊर्जा मिलेगी और उज्जैन में खेल संस्कृति का भी विस्तार होगा। उन्होंने सभी खेल प्रेमियों से अपील की कि वे अधिक से अधिक संख्या में प्रतियोगिता स्थल पर पहुंचकर खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाएं और इस खेल महोत्सव का हिस्सा बनें।

# कोविड के दो साल का शुल्क माफ सराफा चौपाटी से अब मिलेंगे 14 लाख

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

नगर निगम अपील समिति की बैठक में सराफा स्थित चाट चौपाटी से जुड़े बकाया शुल्क के मामले पर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। चौपाटी संचालकों पर लंबे समय से करीब 15 लाख रुपए से अधिक का शुल्क बकाया था। बैठक में महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने चौपाटी के सदस्यों के साथ चर्चा कर कोविड काल के दो वर्षों का शुल्क माफ करने पर सहमति जताई। महापौर ने कहा कि कोविड महामारी के दौरान कारोबार प्रभावित रहा था, इसलिए उस अवधि के शुल्क में राहत देते हुए शेष बकाया राशि जमा कराई जाए। इसके बाद चौपाटी संचालकों को करीब 14 लाख रुपए का शुल्क निगम में जमा कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में अपील समिति के सदस्य संध्या यादव और सोनाली धारकर मौजूद रही । चर्चा के दौरान बकाया राशि की वसूली के साथ चौपाटी से जुड़ी व्यवस्थाओं और निगम के राजस्व हितों पर भी विचार किया गया। निगम की ओर से माना जा रहा है कि कोविड काल की परिस्थितियों को देखते हुए दी गई यह राहत चौपाटी संचालकों के लिए बड़ी सुविधा है, वहीं शेष बकाया राशि की वसूली से निगम के राजस्व की भी पूर्ति होगी।

# कांग्रेस के कार्यक्रम के लिए अनुमति में नया रोडा

## अब प्राधिकरण ने पुलिस को भेजा पत्र

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

इंदौर शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा है कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के 19 सितंबर को होने वाले कार्यक्रम के लिए अनुमति देने में नया रोडा अटकाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस के द्वारा नेहरू स्टेडियम में यह कार्यक्रम आयोजित करने के लिए अनुमति मांगी गई थी तो निगम के द्वारा आवेदन का परीक्षण करने के नाम पर रोक दिया गया था। अब निगम के अपर आयुक्त के द्वारा एक पत्र भेजकर कहा गया है कि मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के द्वारा दिए गए आदेश के संदर्भ में यह अनुमति दी जाना संभव नहीं है।

ऐसे में नगर निगम को यह बताना चाहिए पिछले सालों के दौरान इस मैदान पर जो गैर शासकीय कार्यक्रम राजनीतिक व्यक्तियों द्वारा और विधायक के पुत्रों के द्वारा आयोजन हुए उनको किन नियमों के तहत निगम के द्वारा अनुमति दी गई।

### कार्यक्रम के आयोजन में बाधाएं पैदा की जा रही

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के द्वारा रिजनल पार्क के सामने के मैदान पर राहुल गांधी का कार्यक्रम करने के लिए अनुमति मांगी गई थी। इसके लिए कांग्रेस के द्वारा इंदौर विकास कार्यक्रम के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया था। इस आवेदन पर अनुमति देने के बजाय प्राधिकरण के द्वारा पुलिस उपायुक्त जोन एक को पत्र लिखकर कहा है कि कितने बड़े कार्यक्रम के लिए अनुमति दी जाए या नहीं। चौकसे ने कहा कि प्राधिकरण को यह बताना चाहिए कि अब तक उनके द्वारा जितनी अनुमति इस मैदान पर दी गई है उसमें से कितने मामलों में उन्होंने पुलिस को पत्र लिखकर पूछा था। इन सब गतिविधियों से स्पष्ट है कि भाजपा और राज्य सरकार के इशारे पर इस कार्यक्रम के आयोजन में बाधाएं पैदा की जा रही है।

त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के सुविधार्थ

# एनएफआरद्वारा दो जोड़ी स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

दैनिक अवन्तिका ▸▸ मालीगांव

आगामी त्यौहारों के मौसम में यात्रियों की सुविधा और भीड़ को देखते हुए, पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे (एनएफआर) ने दो जोड़ीस्पेशल ट्रेनों के विस्तारित परिचालन का निर्णय है। इनमें ट्रेन संख्या 04008/04007 (आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी- आनंद विहार टर्मिनल) फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 08047/08048 (सांतरागाछी जंक्शन-नाहरलगुन-सांतरागाछी जंक्शन) स्पेशल शामिल हैं। ये स्पेशल ट्रेनें बेहतर कनेक्टिविटी और यात्रा का विकल्प प्रदान करेगी, जिससे यात्रियों को त्यौहारों के मौसम में अपनीसुलभ यात्रा की योजना बनाने में मदद मिलेगी। ये ट्रेनें अपने मौजूदा



अनुसूची, समय-सारणी, कोच की संख्या और ठहरावों के साथ चलेंगी।

ट्रेन संख्या 04008 (आनंद विहार टर्मिनल-जोगबनी) फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस की सेवाएँ 10 अक्टूबर से 7 नवंबर, 2026 तक 05 फेरों के लिए चलेगी। वापसी में, ट्रेन संख्या 04007 (जोगबनी-आनंद विहार टर्मिनल) फेस्टिवल स्पेशल एक्सप्रेस की सेवाएँ 11 अक्टूबर से 8 नवंबर, 2026 तक 05 फेरों के लिए चलेगी। यह ट्रेन गाज़ियाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाहजहाँपुर, गोंडा, गोरखपुर जंक्शन, छपरा, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, खगड़िया, नवगछिया, कटिहार, पूर्णिया जंक्शन और फारबिसगंज आदि स्टेशनों से होकर गुजरेगी। यात्रियों की सुविधा के लिए इस ट्रेन में 20 कोच होंगे।

इसकेअलावा, ट्रेनसंख्या 08047 (सांतरागाछीजंक्शन-नाहरलगुन) स्पेशलकापरिचालन 11, 18 और 25 सितंबर, 2026 को 3 अतिरिक्त फेरों के लिए बढ़ाया गया है। वापसी में, ट्रेनसंख्या 08048 (नाहरलगुन-सांतरागाछी जंक्शन) स्पेशल 12, 19 और 26 सितंबर, 2026 को 3 अतिरिक्त फेरों के लिए चलेगी।

इनट्रे नोंके ठहराव और समय-सारणी की जानकारी आईआरसीटीसी की वेबसाइट और एनएफरेलवे के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर उपलब्ध है। यात्रियों से अनुरोध है कि यात्रा शुरू करने से पहले जानकारी की पुष्टि कर लें।

# कैलाश वानखेड़े के उपन्यास उजला अंधेरा को अयोध्या प्रसाद खत्री सम्मान

दैनिक अवन्तिका ▸▸ इंदौर

कैलाश वानखेड़े के उपन्यास उजला अँधेरा को वर्ष 2026 का 17वाँ अयोध्या प्रसाद खत्री स्मृति-सम्मान दिया जाएगा। उपन्यास की व्यापक सामाजिक दृष्टि, जीवन की गहरी पकड़ और विशिष्ट कथात्मक संवेदना के आधार पर चयन कियाा गया है। यह उपन्यास महज दलित समुदाय की पीड़ा का आख्यान नहीं, उसके साथ भारतीय समाज की संरचना और उसकी अंतर्विरोधी विकास-यात्रा की व्यापक समीक्षा भी है। इस उपन्यास की विशेषता यह है कि वंचना को केवल करुणा का विषय न बनाकर मनुष्य के स्वप्न, संघर्ष और गरिमा के प्रश्न से जोड़ा गया है। उजाले और अँधेरे का द्वंद्व इसीलिए केवल अभाव और सुविधा का द्वंद्व नहीं, बल्कि उस समाज के विवेक का प्रश्न भी बन जाता है, जिसे हम आधुनिक और



लोकतांत्रिक समाज कहते हैं। कैलाश वानखेड़े ने अपने लेखन में हाशिए के जीवन को उसकी सामाजिक, ऐतिहासिक और मानवीय जटिलताओं के साथ देखने की एक विशिष्ट दृष्टि विकसित की है। उनकी रचनात्मकता अनुभव की प्रामाणिकता के साथ सामाजिक संरचनाओं की आलोचनात्मक समझ को जोड़ती है।

## न्यूज कालम



## लोक अदालत में न हार, न जीत–समझौते से खत्म होता है विवाद

**सनावद।** विवादों को लंबा खींचने के बजाय आपसी सहमति से समाधान की राह दिखाने के उद्देश्य से आगामी १२ सितंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को लेकर न्यायालय परिसर सनावद में विशेष जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण न्यायालय मंडलेश्वर के आदेश एवं तहसील विधिक सेवा समिति न्यायालय सनावद के निदेर्शानुसार आयोजित शिविर में न्यायाधीश मो. असलम देहलवी, न्यायाधीश योगेश चालीसा एवं न्यायाधीश सुश्री आकांक्षा गर्ग ने आमजन को लोक अदालत के महत्व की जानकारी दी। न्यायाधीशों ने कहा कि लोक अदालत में न किसी की हार होती है, न किसी की जीत, बल्कि दोनों पक्षों की सहमति और सुलह-समझौते के आधार पर प्रकरणों का निराकरण किया जाता है। इससे न केवल समय और धन की बचत होती है, बल्कि आपसी रिश्तों और सामाजिक सौहार्द को भी बनाए रखने में मदद मिलती है। शिविर में बताया गया कि नगर पालिका के जलकर एवं संपत्ति कर, बिजली बिल, पति-पत्नी विवाद, लड़ाई-झगड़े, संपत्ति विवाद, मेढ़ विवाद सहित राजीनामा योग्य प्रकरणों का लोक अदालत के माध्यम से समाधान कराया जा सकता है। न्यायाधीशों ने आमजन से नेशनल लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील की।

## पर्युषण से पहले जिनालय में गूंजे भक्ति के स्वर, प्रतिमाओं का हुआ सामूहिक प्रक्षाल



**सनावद।** पर्वाधिराज पर्युषण पर्व के आगमन से पहले दिगंबर जैन समाज में धार्मिक तैयारियां शुरू हो गई हैं। इसी क्रम में श्री पार्श्वनाथ बड़ा मंदिर जी में सभी जिन प्रतिमाओं एवं यंत्रों का विधि-विधानपूर्वक सामूहिक प्रक्षाल एवं मार्जन किया गया। समाज प्रवक्ता सन्मति जैन काका ने बताया कि पर्युषण पर्व भाद्र शुक्ल पंचमी से प्रारंभ होकर दस दिनों तक चलेगा। पर्व की तैयारियों के तहत समाजजनों ने मंदिर पहुंचकर श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ जिन प्रतिमाओं और यंत्रों का बड़ा प्रक्षाल एवं मार्जन किया। इस अवसर पर मनीष चौधरी, हेमंत काका, अभिजीत जैन, हर्षित जैन, प्रशांत चौधरी, सुनील पावणा, लोकेंद्र जैन, सुनील पंचोलिया, मनोज जैन, डॉ. यतीश जैन, संयम जटाले, कमल के-के, सुरेश मुंशी, अशोक पंचोलिया, राहुल स्वस्तिक, प्रतीक जैन एवं सुधीर जैन सहित समाजजन उपस्थित रहे। वहीं महिला महासमिति, बहू मंडल एवं महिला मंडल की सदस्यों ने जिनवाणी की वैयावृत्ति कर धार्मिक आयोजन में सहभागिता की और धर्मलाभ लिया।

## नेपाल आपदा और दिल्ली हादसे के मृतकों को श्रद्धांजलि दी

**सनावद।** नेपाल में आई प्राकृतिक आपदा और दिल्ली में छात्रावास की छत गिरने की घटना में जान गंवाने वाले नागरिकों एवं छात्रों की आत्मा की शांति के लिए मंगलवार शाम सनावद में कांग्रेस द्वारा कैंडल मार्च निकाला गया। शाम 7.30 बजे बस स्टैंड से शुरू हुआ मार्च मोरटक्का चौराहे पर पहुंचकर संपन्न हुआ। हाथों में जलती मोमबत्तियां लिए कांग्रेस कार्यकर्ता और नागरिक मौन रहकर हादसों में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि देते हुए आगे बढ़े। मार्च के समापन पर उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। इस दौरान शहर कांग्रेस, ब्लॉक कांग्रेस तथा विभिन्न कांग्रेस संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकताओं के साथ बड़ी संख्या में नागरिक मौजूद रहे। कार्यक्रम में हादसों में प्रभावित परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

## आपसी समझौते से होता है प्रकरणों का निराकरण: प्रधान जिला न्यायाधीश

**बड़वानी ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निदेर्शानुसार १२ सितम्बर २०२६ को जिला बड़वानी में श्री महेन्द्र कुमार जैन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, की अध्यक्षता में जिला बड़वानी के समस्त अधिवक्तागण के साथ अधिवक्ता कक्ष में बैठक आयोजित की गई हैं। बैठक में अधिवक्तागण को संबोधित करते हुए श्री जैन प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि नेशनल लोक अदालत में पक्षकारों के मध्य आपसी समझौते व सहमति के आधार पर होता है प्रकरणों का निराकरण इसमें किसी की जीत व किसी की हार नहीं होती है ना कोई दबाव कोई होता है हारता काई नही है आपसी सदभाव व राजीनामें से प्रकरणों का निराकरण होता है। श्री जैन द्वारा हर वर्ष की भांति इस लोक अदालत में अधिवक्तागण से सहयोग की अपेक्षा की है।सचिव श्री अमूल मण्डलोई जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बड़वानी द्वारा म.प्र.प.क्षे.वि. वि. कम्पनी लिमि के लिटिगेशन एवं प्रिलिटिगेशन प्रकरणों में एवं नगर पालिका के जलकर, सम्पत्तिकर में शासन द्वारा दी गई छुट को विस्तृत रूप से बताया एव अधिवक्तागण, पक्षकारगण आमजन से अपील की है कि नेशनल लोक अदालत में दी जाने वाली छुट का लाभ उठावे।

## रेडिमेट कपड़ा दुकान में भीषण आग, 10 लाख का सामान जलकर राख

**खरगोन।** शहर के मुख्य बाजार राधावल्लभ मार्केट स्थित एक कपड़ा दुकान में मंगलवार देररात भीषण आग लग गई। इस आगजनी में दुकान में रखा लगभग 10 लाख रुपये का रेडिमेट कपड़ा और अन्य सामान जलकर राख होने का अनुमान लगाया गया है। आग लगने का कारण प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। जिस क्षेत्र में आग लगी, वहां चौपाटी होने से बड़ी संख्या में लोगो की आवाजाही बनी हुई थी। आग लगने के बाद बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। लोगों ने बाल्टियों से आग पर पानी से छिडकांव कर बुझाने का प्रयास भी किया, लेकिन नाकाम रहे। इसके बाद सूचना पर पहुंचे दो दमकल वाहनों की मदद से आग पर काबू पाया गया। दुकानदार सद्दाम मेवाती ने बताया की मंगलवार रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर अपने घर गोगावां चले गए थे। रात करीब 9.30 बजे दुकान में आग लगने की सूचना मिली। जैसे ही दुकान पर पहुंचा दुकान से आग की लपटें उठ रही थी। दमकल वाहन की मदद से आग पर काबू पाया गया। सद्दाम के अनुसार दुकान में करीब ९ लाख रुपए मूल्य का मेंस वियर रेडिमेट कपड़े एवं एक लाख रुपए कीमत का फर्नीचर जलकर खाक हो गया। बुधवार सुबह इसकी सूचना पुलिस को भी दी गई।

## सोमाखेड़ी में आबकारी–पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## ड्रोन से खोजे अवैध शराब के ठिकाने, 16 लाख की सामग्री जब्त

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



क्षेत्र के अतिसंवेदनशील ग्राम सोमाखेड़ी और आसपास के इलाकों में बुधवार को आबकारी व पुलिस विभाग ने ड्रोन की मदद से अवैध शराब के ठिकानों की सर्चिंग कर बड़ी कार्रवाई की। करीब 100 अधिकारियों-कर्मचारियों की संयुक्त टीम ने चिन्हित स्थानों पर दबिश देकर 320 लीटर कच्ची हाथभट्टी शराब जब्त की। वहीं शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाला 15,200 किलो महुआ लहान मौके पर सैंपल लेने के बाद नष्ट किया गया। जब्त शराब और नष्ट किए गए महुआ लहान की अनुमानित बाजार कीमत करीब 16 लाख रुपए बताई गई है।

कार्रवाई के दौरान अवैध मदिरा से जुड़े कुल 23 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। सभी प्रकरण मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा के तहत दर्ज किए गए हैं।

**पहले हो चुके हैं टीम पर हमले**

सोमाखेड़ी क्षेत्र को अतिसंवेदनशील माना जाता है। यहां पूर्व में आबकारी दल और पुलिस बल पर आदतन अपराधियों द्वारा हमले की घटनाएं हो चुकी हैं। इसी को देखते हुए बुधवार की कार्रवाई में आबकारी और पुलिस विभाग के करीब 100 अधिकारी-कर्मचारी शामिल किए गए। आधुनिक तकनीक के इस्तेमाल के तहत ड्रोन कैमरे से पहले अवैध शराब के संभावित ठिकानों को चिन्हित किया गया और इसके बाद टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश दी।

**इनकी रही भूमिका**

कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र शुक्ला, कैलाश चौहान, आनंदपाल मंडलोई, सुनील मालवीय, सोनाली बेंजामिन, मंडलेश्वर थाना प्रभारी पंकज तिवारी, महेश्वर थाना प्रभारी जगदीश गोयल, करही थाना प्रभारी राजेंद्र इंगले, आबकारी उपनिरीक्षक देवराज नगीना, आकाश निकम, सौरभ कनासे, शिवम चौरसिया, सार्थक वर्मा, तृप्ति आर्या, दिलीप मालवीय व अंशिता राठौर सहित मंडलेश्वर, महेश्वर और करही थाने का पुलिस बल तथा जिला आबकारी स्टाफ शामिल रहा।

## अर्चना चिटनिस ने किया शाहपुर के विकास कार्यों का निरीक्षण

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

विधायक और पूर्व कैबिनेट मंत्री अर्चना चिटनिस ने मंगलवार को शाहपुर नगर परिषद क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का स्थल निरीक्षण किया और प्रगति की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान अर्चना चिटनिस ने सबसे पहले छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा स्थल के पास 78 लाख रुपये की लागत से चल रहे सौंदर्यीकरण कार्य का जायजा लिया। उन्होंने निर्माण की गुणवत्ता और समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए। इसके बाद वार्ड क्रमांक 11 में 71 लाख 32 हजार रुपये की लागत से बन रहे हॉकर जोन का निरीक्षण किया। इस हॉकर जोन से छोटे व्यापारियों और फेरी व्यवसायियों को व्यवस्थित स्थान मिलेगा, जिससे बाजार क्षेत्र भी सुव्यवस्थित होगा।

वार्ड क्रमांक 1 में भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब आंबेडकर प्रतिमा स्थल के पास 11 लाख 36 हजार रुपये की लागत से चल रहे विकास और सौंदर्यीकरण कार्य का भी अवलोकन किया।

अर्चना चिटनिस ने कहा कि नगरों का विकास सिर्फ सड़कों और भवनों तक सीमित नहीं है। सार्वजनिक स्थलों का संरक्षण, सौंदर्यीकरण, नागरिक सुविधाओं का विस्तार और छोटे व्यापारियों के लिए बेहतर व्यवस्था भी सुनियोजित विकास का हिस्सा है। सभी कार्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप और तय समय सीमा में पूरे किए जाएं। शाहपुर में करीब १ करोड़ 60 लाख रुपये से अधिक लागत के इन तीनों कार्यों से नगर के स्वरूप में सकारात्मक बदलाव आएगा।



## भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रभारी विकास भरसाकले का बुरहानपुर में भव्य स्वागत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

भारतीय जनता पार्टी के पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला प्रभारी विकास भरसाकले का बुरहानपुर आगमन पर भव्य और आत्मीय स्वागत किया गया। शहर के दुष्यंत झङ्कर शोरूम पर आयोजित स्वागत कार्यक्रम में पिछड़ा वर्ग मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष और वर्तमान जिला मंत्री सुनील वाघे ने उनका पुष्पमाला पहनाकर अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकताओं में भारी उत्साह देखने को मिला। पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने विकास भरसाकले का स्वागत करते हुए संगठन को और अधिक सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इसी अवसर पर भाजपा के सह सोशल मीडिया प्रभारी और युवा नेता प्रदीप कुशवाहा का जन्मदिन भी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सभी ने उन्हें केक खिलाकर जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल, सुखद और दीघार्यु जीवन की कामना की। स्वागत समारोह में भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज माने, जिला महामंत्री ईश्वर चौहान, संतोष मिश्रा, शिवकुमार कुशवाहा, शिवलाल भाई, अनिल प्रजापति, संदीप पाटिल, जगन मामा, दुर्गेश कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, वरिष्ठजन और युवा मोर्चा के साथी उपस्थित रहे। सुनील वाघे ने कहा कि विकास भरसाकले जैसे अनुभवी और कर्मठ कार्यकर्ता के प्रभारी बनने से पिछड़ा वर्ग मोर्चा और अधिक सक्रिय होगा। संगठन के प्रति समर्पण, सक्रियता और आपसी भाईचारे से ही भाजपा निरंतर मजबूत हो रही है।

## विधायक के प्रयासों से 10.07 किमी डामरीकृत पक्की सड़क मार्ग स्वीकृत

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ मंडलेश्वर



भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन सरकार में ग्रामीण क्षेत्रों के विकास को लगातार गति दी जा रही है। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल के नेतृत्व में प्रदेश के गांवों और मजरा- टोला तक बेहतर डामरीकृत पक्की सड़क एवं मूलभूत सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं।

इसी क्रम में महेश्वर विधानसभा के सनातनी विधायक राजकुमार मेव के प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में सुगम आवागमन के लिए मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत कई महत्वपूर्ण मार्गों को स्वीकृति मिली है।इन डामरीकृत पक्की सड़क मार्गों की स्वीकृति से महेश्वर विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में आवागमन की सुविधा बेहतर होगी। लंबे समय से सड़क सुविधा की आवश्यकता महसूस कर रहे ग्रामीणों को अब बेहतर संपर्क मार्ग मिलने की उम्मीद है। डामरीकृत पक्की सड़क निर्माण से गांवों का मुख्य मार्गों से संपर्क मजबूत होगा और ग्रामीणों को शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार तथा कृषि उपज के परिवहन में भी सुविधा मिलेगी।

मुख्यमंत्री मजरा-टोला सड़क योजना के अंतर्गत महेश्वर विधानसभा क्षेत्र में कुल 10.07 किलोमीटर लंबाई के विभिन्न डामरीकृत पक्की सड़क मार्ग स्वीकृत किए गए हैं। जिसमें सुरपाला से उधरन्या तक 4.75 किलोमीटर, रोटेश्वर आश्रम से करोंदिया तक 0.70 किलोमीटर ,उमरिया से जामन्या खेड़ा तक 3.16 किलोमीटर ,कतरगांव-बलवाड़ा मार्ग से आठवा तक 0.66 किलोमीटर,रोटेश्वर आश्रम से सेंधवा तक 0.80 किलोमीटर शामिल हैं। डामरीकृत पक्की सड़क किसी भी क्षेत्र के विकास की सबसे महत्वपूर्ण कड़ी मानी जाती है।



## अवैध हथियार बेचने वाला सिकलीगर खरगोन से गिरफ्तार

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बुरहानपुर

नेपानगर पुलिस ने अवैध हथियार तस्करी के मामले में तीन महीने से फरार चल रहे सिकलीगर को खरगोन कोर्ट परिसर से गिरफ्तार किया है। आरोपी अपने ही एक अन्य केस में पेशी के लिए कोर्ट पहुंचा था, जहां पहले से मौजूद नेपानगर पुलिस ने उसे दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान आजाद सिंह उर्फ अजीत सिंह उर्फ डेडिया (33) के रूप में हुई है। वह मूल रूप से ग्राम पाचौरी का रहने वाला है और फिलहाल नवलपुरा धूलकोट, थाना भगवानपुरा जिला खरगोन में रह रहा था। तीन महीने पहले नेपानगर पुलिस ने बीड़ रोड से बंटी उर्फ ब्रजेश दावरे को पकड़ा था। उसके पास से देसी पिस्टल, चाकू और स्विफ्ट कार मिली थी। घर की तलाशी में एक और पिस्टल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए थे। पूछताछ में ब्रजेश ने बताया था कि उसने हथियार पाचौरी के सिकलीगर से खरीदे हैं। इसी बयान के आधार पर पुलिस ने आजाद सिंह के खिलाफ आर्म्स एक्ट में मामला दर्ज किया था, तब से वह फरार था। पुलिस को इनपुट मिला था कि आरोपी 8 सितंबर को खरगोन कोर्ट में पेश होने वाला है। सूचना पर नेपानगर थाने की टीम तुरंत खरगोन पहुंची और पेशी पर आए आरोपी को हिरासत में ले लिया। थाना प्रभारी शहाबुद्दीन कुरैशी ने बताया कि आरोपी ने नेपानगर में अवैध हथियार बेचे थे। उसे कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।



## खेलों एमपी की तर्ज पर वर्ष भर होंगी खेल प्रतियोगिताएं, कलेक्टर ने दिए निर्देश

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ खरगोन

जिले में खेल गतिविधियों को बढ़ावा देने और प्रतिभावान खिलाडि?ों को अपनी प्रतिभा निखारने के अधिक अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से वर्षभर विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर गुरु प्रसाद ने कहा कि जिले में ब्लॉक स्तर से लेकर जिला स्तर तक नियमित रूप से खेल प्रतियोगिताएं आयोजित हों तथा इनमें सभी वर्गों के खिलाड़ी भाग ले सकें।

खेल अधिकारियों की बैठक में निर्देश दिए कि जिले में वर्ष भर आयोजित होने वाली खेल गतिविधियों की विस्तृत कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि खेलो एमपी की तर्ज पर विभिन्न खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएं, ताकि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाडि?ों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का अवसर मिल सके।

उन्होंने प्रतियोगिताओं को ब्लॉक स्तर से प्रारंभ कर जिला स्तर तक आयोजित करने तथा विजेता खिलाडियों को आकर्षक नगद पुरस्कार से सम्मानित करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। इससे खिलाडियों में प्रतिस्पर्धा की भावना बढ़ेगी और वे खेलों में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित होंगे। कलेक्टर ने कहा कि खेल गतिविधियों का आयोजन केवल किसी एक आयु वर्ग तक सीमित न रहे बल्कि हर वर्ग के खिलाड़ी इसमें भाग ले सकेंए इसके लिए अलग.अलग खेल एवं आयु वर्ग के अनुसार प्रतियोगिताओं की रूपरेखा तैयार की जाए।

## मोदी के 25 वर्ष के लोकसेवा संकल्प को जन-जन तक पहुंचाएगा भाजपा संगठन-सांसद पटेल

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

भारतीय जनता पार्टी जिला बड़वानी की जिला बैठक एवं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसेवक के रूप में २५ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर आयोजित सेवा संकल्प अभियान कार्यशाला मंगलवार को राजपुर विधानसभा के ग्राम सालखेड़ा स्थित सिर्वी समाज मांगलिक भवन में संपन्न हुई। कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री एवं खरगोन-बड़वानी लोकसभा सांसद गजेंद्र सिंह पटेल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष अजय यादव ने की, जबकि जिला संगठन प्रभारी बाबूलाल यादव विशेष अतिथि के रूप में मौजूद रहे।

जिला मीडिया प्रभारी सुनील भावसार ने बताया कि अतिथियों ने भारत माता, पं. दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन कर दीप प्रज्वलित किया। इसके पश्चात सामूहिक रूप से वंदेमातरम् का गान किया गया। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा कार्यों की जानकारी महामंत्री एवं जिला प्रभारी विकास आर्य ने प्रोजेक्टर के माध्यम से कार्यकताओं को दी।

जिला अध्यक्ष अजय यादव ने अभियान के अंतर्गत होने वाले 13 कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि इनमें से 8 कार्यक्रम बूथ स्तर पर आयोजित किए जाएंगे। 17 सितंबर को हितग्राहियों के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से दीप प्रज्वलित किए जाएंगे। इसके अलावा विद्यालयों में पेंटिंग, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता बहनों का सम्मान, रक्तदान एवं स्वास्थ्य शिविर, स्वच्छता अभियान, एक पेड़ मां के नाम सहित विभिन्न सेवा गतिविधियां आयोजित होंगी। अभियान के समापन अवसर पर सेवा ज्योति यात्रा निकाली जाएगी।

## ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर रहेगा प्रतिबंध

**बड़वानी ।** आगामी त्योहारों और धार्मिक आयोजनों के दौरान शांति, कानून-व्यवस्था तथा लोक सुरक्षा बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्रीमती जयति सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं।

## नाम परिवर्तन जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, राजेश जांगलवा, निवासी मकान नं 59, वार्ड नं 4 नया बाजार आलोट जिला रतलाम म.प्र. पिन कोड 457114 जो कि मेरे नाबालिग पुत्र राघव, जिसकी जन्मतिथि [जन्मतिथि 04.02.2010] है, का प्राकृतिक पिता हूँ।मैंने अपने कानूनी शपथ-पत्र (Affidavit) दिनांक 697/09.09.2026 के आधार पर अपने उक्त नाबालिग पुत्र राघव से बदलकर रक्षित जांगलवा कर दिया है। भविष्य में मेरे नाबालिग बच्चे को इसी नए नाम रक्षित जांगलवा से जाना और पहचाना जाए।

**अभिभावक का नाम: राजेश जांगलवा**
**पिता का नाम: शिवनारायण जांगलवा**
**पता: 59 मकान नं 59, वार्ड नं 4 नया बाजार आलोट जिला रतलाम म.प्र. पिन कोड 457114**
**मोबाइल नंबर: 99817-46927**

## न्यायालय अपर कलेक्टर जिला उज्जैन (मप्र)

**प्रकरण क्रमांक-0121/निगरानी/2025-26**
**अपील सूचना समंस आदेश 05 नियम 1 सी.पी.सी**

1. राजेन्द्र पुरोहित पिता लालसिंह पुरोहित, निवासी 19/2. महावीर नगर, पिपलीनाका, उज्जैन 2. चन्दा पिता लालसिंह पुरोहित पति सत्यनारायण, निवासी सतखण्डा, चित्तोड़गढ़ राजस्थान, 3. निर्मला पिता लालसिंह पुरोहित पति कौशल शर्मा, निवासीगण इंदौर सभी कृषक ग्राम बालोदाकोरन, तहसील बडनगर, जिला उज्जैन-अपीलार्थी

**विरुद्ध**

1. महेन्द्र पुरोहित पिता लालसिंह पुरोहित, निवासी ग्राम दोतरिया, तहसील बदनावर, जिला धार 2. फिरोज पटेल पिता उस्मान पटेल, निवासी सोनवाय, तहसील महू, जिला इंदौर 3. रतनसिंह पिता बजेसिंह, 4. मोतीलाल पिता जगन्नाथ, 5. शांतिलाल पिता जगन्नाथ, निवासीगण ग्राम बालोदाकोरन, तहसील बडनगर-प्रत्यर्थीगण

आप प्रत्यर्थीगण के विरूद्ध अपीलार्थी के द्वारा न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), अनुभाग बड़नगर, जिला उज्जैन म.प्र. के प्रकरण कमांक-0039/ अपील/2019-20 में पारित आदेश दिनांक-23.12.2019 से व्यथित होकर इस न्यायालय के समक्ष यह अपील प्रस्तुत की है।

उक्त अपील प्रकरण की सुनवाई हेतु दिनांक-17.09.2026 नियत की गई है। इसलिए आप प्रत्यर्थीगण उक्त अपील के संबंध में सभी प्रश्नों का उत्तर देने के लिए जिस पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो मय दस्तावेजों के उक्त नियत दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर अपने पक्ष प्रस्तुत करें। प्रत्यर्थीगण की अनुपस्थिति में अपील की सुनवाई का निपटारा नियमानुसार किया जावेगा।

(अपर कलेक्टर महोदय द्वारा आदेशित)

**रीडर टू**
**अपर कलेक्टर जिला उज्जैन**

## स्व. नंदू भैया की जन्म जयंती पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की

**खंडवा।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं कई वर्षों तक खंडवा लोकसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले स्वर्गीय नंद कुमार सिंह चौहान की जन्म जयंती पर उन्हें याद कर नमन किया गया। उनकी जन्म जयंती पर स्वर्गीय नंदकुमार सिंह चौहान मेडिकल कॉलेज अस्पताल परिसर में उनके फोटो पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिरुद्ध कौशल पूर्व जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल एवं समाजसेवी सुनील जैन के साथ उपस्थित जनों ने अर्पित की। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन उन्हें याद करते हुए पुष्पांजलि पर अर्पित करते हुए कहा कि ,,निमाड़ की नैया नंदू भैया,, के नाम से चर्चित नंदू भैया ने भाजपा संगठन में कई पदों के साथ प्रदेश अध्यक्ष रहते हुए भाजपा को प्रदेश स्तर पर मजबूती प्रदान करते हुए उनके कार्यकाल में सभी चुनाव में सफलता अर्जित की एक कुशल संगठक की भांती उन्हें याद किया जाता है, किसी भी कार्यकर्ता से एक बार मिलने के बाद में उस कार्यकर्ता का नाम और पहचान अपने दिलों में बसा लेते थे। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि संगठन के साथ ही शाहपुर से विधायक एवं वर्षों तक खंडवा लोकसभा क्षेत्र के सांसद रहते हुए उन्होंने संसदीय क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई।

### नारी शक्ति बनी सामाजिक सुरक्षा का आधार

**बड़वानी ।**जब एक महिला सशक्त होती है, तो पूरा परिवार सुरक्षित और समृद्ध बनता है। जिले में इन योजनाओं के अंतर्गत महिला भागीदारी में अभूतपूर्व प्रगति दर्ज की गई है।

## पश्चिम रेलवे – रतलाम मंडल


**नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई–नीलामी**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक –रतलाम मंडल –पश्चिम रेलवे ने नॉन फेयर रेवेन्यू (NFR) के माध्यम से ई–नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को **www.ireps.gov.in** के (ई–ऑक्शन लीजिंग) पर प्रकाशित किया गया है, विवरण निम्न प्रकार से है। **क्र. सं. : (1) ऑक्शन केटलॉग सं.** : PnU-RTM-RR-26-7 **अनुबंध का प्रकार** : Pay & Use **लॉट नं.** : PnU-RTM-DADN-WRL-56-26-1. (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms). **क्र. सं. : (2) ऑक्शन केटलॉग सं.** : ADVT-RTM-26-25 **अनुबंध का प्रकार** : Advertising **लॉट नं.** : ADVT-RTM-DWX-OSN-173-26-1. (Advertising - On Station Premise (Non - Digital). **अनुबंध की अवधि : क्र. सं.** : 1 और 2 के लिए – 05 Years **ई– नीलामी की तिथि : क्र. सं.** : 1 और 2 के लिए – 18/09/2026, **समय : क्र. सं.** : 1 और 2 के लिए – 12:00 बजे। **क्र. सं. : (3) ऑक्शन केटलॉग सं.** : PnU-RTM-RR-26-8 **अनुबंध का प्रकार** : Pay & Use **लॉट नं.** : PnU-RTM-RTM-WRL-50-26-1. (Pay and Use - Lounges / Waiting / Retiring / Cloak Rooms). **क्र. सं. : (4) ऑक्शन केटलॉग सं.** : ADVT-RTM-OOH-26 **अनुबंध का प्रकार** : Advertising **लॉट नं.** : ADVT-RTM-INDB-OH-172-26-2. (Advertising - Out of Home). **अनुबंध की अवधि : क्र. सं.** : 3 और 4 के लिए – 05 Years **ई– नीलामी की तिथि : क्र. सं.** : 3 और 4 के लिए – 21/09/2026, **समय : क्र. सं.** : 3 और 4 के लिए – 12:00 बजे। • प्रारंभिक कुलिंग ऑफ अवधि 30 मिनट है। अनुक्रमिक लॉट को बंद करने का अंतराल 10 मिनट है। **ireps** के ई –ऑक्शन मॉडयूल पर लॉटवाइज समापन समय देखा जा सकता है।

**SNP-244**

हमें लाइक करें : facebook.com/WesternRly | हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

# उपदेशक नहीं, मार्गदर्शक



एक मित्र ने पूछा है कि मैं क्या स्वयं एक उपदेशक नहीं हूं? मैं बोलता क्यों हूं? दूसरों को समझाता क्यों हूं और अगर मैं उपदेश देता हूं, तो फिर दूसरे उपदेशकों के विरोध में क्यों हूं?

इस संबंध में दो-तीन बातें समझ लेनी उपयोगी होंगी। पहली बात, सभी लिखा हुआ शास्त्र नहीं होता और सभी बोला हुआ उपदेश नहीं होता। जिस बोलने के साथ यह आग्रह होता है कि यही सत्य है और इसके अतिरिक्त कुछ भी सत्य नहीं; जिस बोलने के साथ यह आग्रह होता है कि जो मैं कहता हूं, उस पर इसलिए विश्वास करो, क्योंकि मैं कहता हूं; जिस बोलने के लिए श्रद्धा- अंधी श्रद्धा की मांग की जाती है, वह बोलना उपदेश बन जाता है।

मेरी न तो यह मांग है कि मैं जो कहता हूं, उस पर आप आंखें बंद कर-के विश्वास करें; न ही मेरा यह कहना है कि जो मैं कहता हूं, वही सत्य है। इतना ही मेरा कहना है कि किसी के भी कहने के आधार पर सत्य को स्वीकार मत करना। मेरे कहने के आधार पर भी नहीं। सत्य प्रत्येक व्यक्ति की निजी खोज है। कोई दूसरा किसी को सत्य नहीं दे सकता। सत्य दिया नहीं जा सकता, पाया जरूर जा सकता है। इसलिए मैं जो कह रहा हूं, उससे आपको कोई सत्य की शिक्षा दे रहा हूं, ऐसा नहीं है।

उस मित्र ने पूछा है कि मैं फिर उपदेश क्यों दे रहा हूं? न मुझे इसमें कोई आनंद उपलब्ध होता है कि जो मैं कहूं, आप उसकी प्रशंसा करें, उसके लिए तालियां बजाएं, उसका समर्थन करें। न ही मेरा यह कोई व्यवसाय है। फिर भी मैं क्यों कुछ बातें कह रहा हूं?

एक आदमी को दिखाई पड़ता हो कि आप जिस रास्ते पर जा रहे हैं, वह रास्ता गड्ढों, कांटों से जाने वाला है और वह आपसे कह दे कि इस रास्ते पर कांटे और गड्ढे हैं, तो वह आपको कोई उपदेश नहीं दे रहा है। वह केवल इतना कह रहा है कि जिस रास्ते से मैं परिचित हूं, उस रास्ते पर, उसी गड्ढे में, उन्हीं कांटों के बीच किसी को जाते हुए चुपचाप देख लेना अमानवीय है, अत्यंत हिंसक कृत्य है।

जिस आदमी ने सबसे पहले फिलाडेल्फिया में रास्ते के किनारे का प्रकाश स्तंभ लगाया, वह था बेंजामिन फ्रैंकलिन। तब तक दुनिया में रास्तों के किनारे कोई प्रकाश नहीं लगाए जाते थे। रास्ते अंधेरे होते थे। बेंजामिन फ्रैंकलिन ने सबसे पहले अपने घर के सामने एक बत्ती लगाई, एक खंभा लगाया। पड़ोस के लोगों ने तंज किया- क्या तुम यह दिखलाना चाहते हो कि तुम्हारे पास पैसे हैं? क्या तुम यह जतलाना चाहते हो कि तुम्हारे घर में बड़ा प्रकाश है?... धीरे-धीरे लोगों को बात समझ में आने लगी और उस नगर में प्रकाश के प्रति आदर बढ़ गया। बस आप दीया अपनी देहरी पर रखते रहिए।



**सम्पादकीय**

## जेन-जी से संवाद

गुजरात के वडोदरा में महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी मैदान में हजारों पेशेवर युवाओं से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संवाद के गहरे निहितार्थ हैं। इस समय देश में सबसे ज्यादा मुखर अगर कोई वर्ग है, तो वह जेन-जी ही है। कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के आंदोलन ने देश-दुनिया को इसकी शक्ति का एहसास भी करा दिया है। तमाम राजनीतिक दल और संगठन अब इसे गंभीरता से लेने लगे हैं। गौर कीजिए, कुछ ही दिनों पहले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने भी इस पीढ़ी से संवाद किया था और जेन-जी व जेन-अल्फा को पुरानी पीढ़ियों से अधिक देशभक्त करार दिया था। दरअसल, आधुनिक तकनीक की समझ के मामले में यह पीढ़ी किसी भी आयु-वर्ग के लोगों से कहीं अधिक दक्ष है और सोशल मीडिया पर सर्वाधिक सक्रिय भी है। ऐसे में, बहुत जरूरी है कि इस वर्ग की अपेक्षाओं, चिंताओं को समझा जाए और उसे एक सकारात्मक दिशा दी जाए। प्रधानमंत्री ने सही कहा है कि भारत का नौजवान सच की हुंकार से चलता है। ऐसे कई उदाहरण हैं, जब इस वर्ग ने विभिन्न दलों के आईटी सेल द्वारा परोसे गए झूठ को चंद मिनटों के भीतर तार-तार कर डाला। इसलिए इसे अब भ्रमित करने की कोई भी कवायद कामयाब नहीं होने वाली।

जेन-जी की ऊर्जा को इस समय सकारात्मक मोड़ देने की बहुत आवश्यकता है और प्रधानमंत्री इस बात को भली-भांति जानते हैं। चूंकि विकसित भारत 2047 का काफी कुछ दारोमदार इसी आयु-वर्ग के कंधों पर होगा, इसलिए इन किशोरों-युवाओं को रचनात्मक बनाए रखने की बड़ी आवश्यकता है। यह सुखद है कि चरखा आंदोलन के जरिये महात्मा गांधी देश को रचनात्मकता की एक ऐसी राह दिखा गए हैं, जिस पर चलने को अपने युवाओं, नागरिकों को प्रेरित करके बड़े लक्ष्य साधे जा सकते हैं। इतिहास साक्षी है कि चरखा आंदोलन से प्रेरित भारतीयों ने कैसे मैनचेस्टर से आने वाले कपड़ों का बहिष्कार कर दिया था और क्या अमीर, क्या गरीब, सबने हुलसकर खादी को अपना लिया था। उस मुहिम से स्त्रियों का सशक्तीकरण तो हुआ ही, आजादी के आंदोलन को एक पैनी धार भी मिली। आश्चर्य नहीं कि बापू के जन्मदिन पर ही प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2014 से स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की थी। लाखों स्कूली किशोर और नौजवान इस मुहिम से जुड़े और इसका अच्छा असर हम अपने सार्वजनिक स्थलों पर अब देख रहे हैं।

**प्रसंगवश 10 सितंबर - आत्महत्या निवारण दिवस**

# जीतने की संस्कृति में जीने की जगह बची है क्या?

दस सितंबर केवल आत्महत्या निवारण दिवस नहीं, हमारी संवेदना की परीक्षा है। हर वर्ष हम संकल्प लेते हैं, संदेश दोहराते हैं-दृष्टिकोण बदलो; पर सवाल है, क्या हम उस मौन को सुनते हैं, जो संकट में घिरे मन के भीतर उठता रहता है? त्रासदी अकेले पड़े व्यक्ति में नहीं, उस भीड़ में है जो पास होकर भी उसका दर्द नहीं देखती। चमकते भारत के नीचे स्क्रीन की नीली रोशनी, अंधी प्रतिस्पर्धा, बेरोजगारी, कर्ज, टूटते रिश्ते और संस्थागत चुप्पी एक ऐसी अनदेखी थकान बुन रहे हैं, जिसका संकट अक्सर दिखाई देने से पहले ही गहरा चुका होता है। शायद निवारण की पहली शर्त यही है कि किसी के टूटने की खबर मिलने से पहले हम उसके भीतर उठती हल्की-सी दरार को पहचानना सीखें।



कृति आरके जैन, (दैनिक अवन्तिका)

जब अंक विद्यार्थी की पहचान बन जाएं, तो शिक्षा के बीच से मनुष्य गायब होने लगता है। आईआईटी जैसे संस्थानों की हाल की घटनाओं को केवल परीक्षा-तनाव कह देना आसान है, पर असली सवाल इससे बड़ा है-क्या हमारी श्रेष्ठ शिक्षा-व्यवस्था श्रेष्ठ मनुष्य गढ़ रही है या केवल बेहतर प्रदर्शनकर्ता? जब मेधा अंकपत्र में सिमट जाए और मानसिक स्वास्थ्य व्यवस्था औपचारिकता बनकर रह जाए, तब संकट की जड़ अनदेखी ही रहती है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा गठित राष्ट्रीय टास्क फोर्स ने समस्या की गंभीरता को राष्ट्रीय चिंता बनाया है, फिर भी मूल प्रश्न कायम है-क्या हमारी व्यवस्था विद्यार्थी से सफल होने की अपेक्षा करने से पहले उसे अपनी पीड़ा कहने की जगह देती है?

वर्दी देश की रक्षा करती है, मगर उसके भीतर धड़कता मन भी थकता है। सीआरपीएफ जैसे बलों में 2025 में दर्ज सबसे अधिक आत्महत्या की घटनाएं बताती हैं कि रक्षक भी मानसिक दबाव से अछूते नहीं। लंबी ड्यूटी, निरंतर तनाव, परिवार से दूरी और मनोवैज्ञानिक सहारे का अभाव ऐसा बोझ बन जाते हैं, जिसे केवल अनुशासन नहीं उठा सकता। राष्ट्र जवान से साहस मांगता है, तो उसे यह भरोसा भी देना होगा कि मदद मांगना कमजोरी नहीं। जांच और रिपोर्टों से आगे संस्थागत संवेदना जरूरी है; क्योंकि जो व्यवस्था अपने रक्षकों की थकान नहीं सुनती, वह केवल हथियारों और आदेशों से सुरक्षा मजबूत नहीं कर सकती।



मोबाइल ने दुनिया हथेली पर रख दी, पर मनुष्य को कई बार अपने ही भीतर से दूर कर दिया। सोशल मीडिया के चमकीले दर्पण में दूसरों की सफलता दिखती है, अपनी जद्दोजहद नहीं; यही अंतर युवा मन को लगातार तुलना में धकेलता है। बेरोजगारी, कर्ज, पारिवारिक तनाव और टूटते रिश्ते जुड़ें तो अकेलापन भावना नहीं, सामाजिक संकट बन जाता है। कर्नाटक में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं को अस्पतालों से निकालकर समुदाय और पंचायतों तक ले जाने के प्रयास इसी दिशा में जरूरी कदम हैं। क्योंकि समाधान केवल विशेषज्ञ के कमरे में नहीं, समाज के बीच भी होना चाहिए। हेल्पलाइन जरूरी है, पर सबसे पहली मदद वही है-जब एक मन दूसरे मन के लिए सचमुच मौजूद हो।

सबसे खतरनाक दीवार ईंटों की नहीं, उदासीनता की होती है-मैंने तो कुछ देखा ही नहीं। मीडिया की जिम्मेदारी भी यहीं से शुरू होती है। किसी त्रासदी को सनसनी बनाना संवेदना का सौदा है, और उसे अनदेखा करना जिम्मेदारी से पलायन। पत्रकारिता को घटना के रोमांच से अधिक उसके सामाजिक कारण और असर देखने होंगे। घरों में भी संवाद सूख रहा है-हम पूछते हैं, कितने अंक आए?, काम कैसा चल रहा है?, पर कम ही पूछते हैं, मन कैसा है? कभी मिलना-जुलना, उत्सव, सत्संग और पड़ोस का अपनापन सहारा देते थे; अब उनकी जगह अक्सर औपचारिक संदेशों ने ले ली है। टेली-मानस जैसी सेवाएं जरूरी हैं, पर घर और समाज की सुनने वाली संवेदना का कोई विकल्प नहीं।

किसी एक व्यक्ति का संकट अक्सर पूरे समाज के बिगड़ते स्वास्थ्य का संकेत होता है। उसे निजी बीमारी मान लेना वैसा ही है जैसे बुखार देखकर कारण भूल जाना। ये घटनाएं बता रही हैं कि हमें प्रतिस्पर्धा से सहयोग, अंकों से समग्र विकास और मौन से संवाद की ओर लौटना होगा। शिक्षा में मानसिक स्वास्थ्य जीवन-कौशल बने, कार्यस्थलों पर नियमित संवाद और भरोसेमंद सहायता मिले, और परिवार समझें कि हर चुप्पी शांति नहीं, हर मुस्कान सुख नहीं। केवल जागरूकता के पोस्टर नहीं, व्यवस्था का ढांचा बदलना होगा।

संकट अक्सर दस्तक देकर नहीं आता, व्यवहार की एक महीन दरार बनकर दिखता है। मित्र का अचानक अलग-थलग पड़ना, विद्यार्थी का कक्षा से कटना या सहकर्मी का असामान्य रूप से चुप हो जाना-इन्हें निजी मामला कहकर टाल देना हमारी सामूहिक चूक है। हर समस्या का उत्तर हमारे पास हो, यह जरूरी नहीं; किसी की बात सुनने के लिए समय होना जरूरी है। बिना निर्णय सुनाए सुनना भी सहारा है। मदद मांगना कमजोरी नहीं, जीवन के प्रति जिम्मेदारी है। इसलिए निवारण किसी एक अभियान से नहीं, रोजमर्रा की संवेदना से शुरू होगा। जिस दिन कोई अपनी परेशानी कहने में शर्म नहीं, भरोसा महसूस करेगा-उसी दिन दृष्टिकोण सचमुच बदल जाएगा।

दस सितंबर की असली परीक्षा दस सितंबर को नहीं, ग्यारह सितंबर की सुबह होगी। पोस्टर उतर जाएंगे, भाषण थम जाएंगे, खबरें बदल जाएंगी-तब क्या घरों में संवाद, विद्यालयों में संवेदना, संस्थाओं में सहारा और मीडिया में जिम्मेदारी बची रहेगी? यदि नहीं, तो यह दिवस भी कैलेंडर की एक औपचारिक तारीख बनकर रह जाएगा। आत्महत्या निवारण दिवस का अर्थ एक दिन याद करना नहीं, पूरे वर्ष यह समझना है कि किसी जीवन को थामने की शुरूआत संकट की आखिरी घड़ी में नहीं, उससे बहुत पहले किसी के पास बैठ जाने से होती है। दृष्टिकोण शब्द बदलने से नहीं, मनुष्य को उसकी उपलब्धियों से पहले मनुष्य मानने से बदलता है। समाज की सबसे बड़ी संवेदना यही होगी कि वह किसी की खामोशी को कुछ नहीं समझकर आगे न बढ़े।

### चौखट की जंग लगी घंटी

आलीशान बहुमंजिला इमारत के फ्लैट नंबर चार सौ चार की संगमरमरी चौखट के बाहर बहत्तर साल के रामगोपाल जी हर इतवार की शाम ठीक पाँच बजे अपनी लाठी टेकते हुए आकर खड़े हो जाते थे। आधुनिक वास्तुकला की इन ऊंची इमारतों में नैतिकता का कद अक्सर इतना बौना हो जाता है कि ऊपर पहुंचने के लिए लिफ्ट की नहीं बल्कि जमीर की नीलामी की जरूरत पड़ती है। उनके कांपते हाथों में पीतल की एक छोटी पुरानी साइकिल वाली घंटी होती थी जिस पर गहरे जंग के मोटे चकत्ते पड़े थे क्योंकि हमारे देश में पुरानी यादों और बूढ़े मां बाप पर जंग लगना एक अनिवार्य नागरिक कर्तव्य बन चुका है। इमारत का नया सुरक्षाकर्मी जब भी उन्हें सीढ़ियों के कोने में खड़े देखता तो अपनी मूंछों पर ताव देते हुए ठहाका लगाकर कहता कि बाबा जब इस फ्लैट पर बिजली का आधुनिक म्यूजिकल डोरबेल लगा हुआ है तो इस जंग लगी घंटी को रोज अपनी हथेली पर बजाकर यहाँ लिफ्ट के सामने क्या तमाशा खड़ा करते हो। उस बेचारे गार्ड को क्या पता कि जिस समाज में संवेदनाएं मर चुकी हों वहां म्यूजिकल डोरबेल केवल अंतिम संस्कार का संगीत बजाती है। रामगोपाल जी अपनी पुरानी धुंधली ऐनक को धोती के छोर से साफ करते और बहुत धीमी आवाज में मुस्कुराकर कहते कि बेटा यह जंग लगी घंटी केवल पीतल का टुकड़ा नहीं है बल्कि इस पूरे शहर की उस बहरी संवेदना का वो अलार्म है जिसे तुम्हारे ये सेंसर वाले बटन कभी नहीं बजा पाएंगे। सेंसर के बटन केवल बाहरी आहट पहचानते हैं जबकि इंसानियत को पहचानने के लिए जिस आंतरिक रडार की जरूरत होती है वह भ्रष्टाचार और भौतिकता के कोहरे में कब का गायब हो चुका है। आसपास से गुजरने वाले तमाम संभ्रांत लोग उनका उपहास उड़ाते हुए कहते कि लगता है इस बुढ़ापे में दादाजी की याददाश्त खो चुकी है। भारत में जिसे याददाश्त खोना कहते हैं असल में वह सत्ता और संपत्ति के नशे में चूर लोगों के लिए एक सुविधाजनक बहाना है ताकि वे अपनी जिम्मेदारियों को भूल सकें। रामगोपाल जी किसी की कड़वी बात का तनिक भी मलाल किए बिना उस पीतल की घंटी के लीवर को अपनी कांपती उंगलियों से सहलाते और चुपचाप उस बंद दरवाजे को टकटकी लगाए देखते रहते थे।

**पञ्चांग राशिफल**

दिनांक - 10 सितंबर 2026 गुरुवार
सूर्योदय - 06:16 सूर्यास्त 18:32
भाद्रपद मास कृष्ण पक्ष
राहुकाल - 13:30 से 15:00 तक
तिथि - चतुर्दशी 10:34 उपरांत अमावस्या
नक्षत्र - मघा 14:05 उपरांत पूर्वाफाल्गुनी
योग - सिद्ध 19:18 उपरांत साध्य
करण - शकुनि
चन्द्रमा - दिन पूर्ण सिंह में रहेगा।
मुस्लिम मास - रवि उलावल मास 27 तारिख

**मेष-** काम में नेतृत्व की भूमिका निभाने का अवसर मिल सकता है। वरिष्ठों से संवाद रखें।

**वृषभ-** नए ग्राहकों से संपर्क बन सकता है। बड़े आर्थिक फैसले सोच-समझकर लें। ऊर्जा ठीक रहेगी।

**मिथुन-** अटका पैसा वापस मिल सकता है और आर्थिक स्थिति मजबूत रहेगी। पार्टनर के साथ अच्छा तालमेल रहेगा।

**कर्क-** दिन के शुरूआती हिस्से में काम का दबाव महसूस हो सकता है। शांत रहकर निर्णय लें। बाहर का भोजन कम करें।

**सिंह-** लेनदेन में सावधानी रखें और पुराने समझौतों की समीक्षा करें।

**कन्या-** वित्तीय स्थिति में संतुलन बनाए रखें। उधारी देने से बचें। पार्टनर का भावनात्मक सहयोग मिलेगा।

**तुला-** टीम के सहयोग से काम आगे बढ़ेगा। रचनात्मक कार्यों में पहचान मिल सकती है।

**वृश्चिक-** साझेदारी में काम करने वालों के लिए नए अवसर बन सकते हैं। आर्थिक आवक अच्छी रहेगी।

**धनु-** रुका धन मिलने की संभावना है। दांपत्य जीवन में सुख-शांति रहेगी। सामान्य स्वास्थ्य रहेगा। हल्का व्यायाम करें।

**मकर-** मेहनत से कठिन काम पूरे होंगे। काम का दबाव रह सकता है। संचित धन में वृद्धि होगी।

**कुंभ-** प्रॉपर्टी और कंस्ट्रक्शन से जुड़े काम में गतिविधियां बढ़ सकती हैं। संचित धन में वृद्धि होगी।

**मीन-** अचल संपत्ति की दिशा में कदम बढ़ा सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा।

**समसामयिक**

## रायचंद होकर, बनाए अपना करियर

हमारे आसपास, चारों ओर ह्यरायचंद नामक दानवीर प्राणी विद्यमान हैं, जो बिना मांगे ही अपनी राय दे दिया करता हैं। इनकी छत्र-छाया में रहते हुए, जीवन में उत्पन्न कोई भी समस्या या कठिनाई का हल चुटकियों में हो जाया करता हैं` राय अर्थात परामर्श या सलाह बिन मांगे मोती मिले के जैसे ही, राय बिन मांगे ही मिल जाया करती हैं, इसका कोई अलग से शुल्क नहीं चुकाना होता हैं, यह पूरी तरह निःशुल्क (फ्री) हुआ करती हैं। हमारे आस-पास हर वह तीसरा-चौथा व्यक्ति जो बिन मांगे राय दिया करता हैं, वो भी बिल्कुल निःशुल्क, हर गली, हर नुक्कड़ पर पाया जाता हैं। ऐसे रायचंदों की खोज करने की मेहनत नहीं करना होती हैं। वे सहज ही उपलब्ध हो जाया करते हैं।



नीतिश नागर (दैनिक अवन्तिका)

यह भगवान का आशीर्वाद कहो या भगवान की लीला कहो या उनका चमत्कार कहो, हर पल ऐसे व्यक्ति जो निःशुल्क राय देने वाले समाज सेवक या यूं कहिए कि रायचंद से साक्षात्कार किसी न किसी रूप में हो जाया करता हैं` ऐसे रायचंद जो ज्ञानचंद भी होते हैं, जिसमें ज्ञान का अनंत सागर हिलोरे लेता रहता हैं। प्रत्येक क्षेत्र में वे अपनी दखल रखते हैं, प्रत्येक क्षेत्र में वे बेबाकी से अपनी टांग अड़ाते ही हैं` प्रत्येक क्षेत्र में निःशुल्क राय दिया करते हैं रायचंद अत्यंत प्रतिभाशाली हर फील्ड के मास्टर और एक्सपर्ट हुआ करते हैं और एक नंबर के जुगाड़ू प्रवृत्ति के होते हैं। हर समस्या का जुगाड़ उनके पास रहता हैं।

जहाँ पर दो-चार रायचंद एकत्र हुए, कि वहाँ पर सबकी अलग-अलग राय का रायता फैल जाना तय हैं` रायता इतना फैलता हैं कि उसे समेटना मुश्किल, और दुविधा अलग कि किसकी राय को माने, किसकी नहीं` रायचंद का काम केवल राय देने तक ही सीमित नहीं हैं, बल्कि वह आशा भी करते हैं कि उनकी राय को विशेष महत्व मिले, उनकी राय को माना जाए, तभी उनको आत्मसंतुष्टि मिलती हैं। नहीं तो वे निराश हो जाते हैं और कभी-कभी बुरा भी मान सकते हैं। रायचंद की राय हमेशा लाभदायक हो यह जरूरी नहीं हैं, इसलिए हमे राय मानने से पहले अपने विवेक का इस्तेमाल भी करना होता हैं। आँख मूंदकर राय मान ली तो रायता फैलना ही हैं। निश्चित ही कभी-कभी राय का पहाड़ बन जाया करता हैं। राय में अपनी अक्ल का तड़का लगाकर उसे ग्रहण करना चाहिए, जिससे रायचंद की भी आत्मसंतुष्टि हो जाए और हमारा काम भी बन जाए। रायचंद का एक अति विशिष्ट गुण होता हैं, नाक घुसाना या टांग अड़ाना, प्रत्येक काम में अपनी नाक घुसाना या अपनी टांग अड़ाना उसका परम कर्तव्य हुआ करता हैं` इसके बिना उनका खाना-पीना हजम नहीं होता हैं` इस कार्य में उन्है महारत हासिल रहती हैं। उनका सम्पूर्ण जीवन इसी कार्य में बीतता हैं` उसी कार्य में लगन रहती है, वे कहीं भी किसी भी वक्त अपनी राय की चलती-फिरती दुकान लेकर प्रकट हो जाया करते है।

अब विश्वविद्यालयों को एक कदम आगे बढ़कर रायचंदों को प्रशिक्षित करने के लिए एक पाठ्यक्रम शुरू कर देना चाहिए` जो रायचंद के कोर्स की मास्टर डिग्री, एम. फिल. या डाक्टरेट की उपाधि प्रदान कर सके` इन डिग्रीयों को हासिल करने के बाद राय देने वाला या सलाहकार (रायचंद) बनकर अपना करियर शुरू कर सकता हैं। अपना एक वेल फर्निश्ड रजिस्टर्ड ऑफिस खोलकर उसे अपना रोजगार का अवसर बना सकता हैं । अलग-अलग क्षेत्र की राय की फीस अलग-अलग चार्ज कर सकता हैं। जिससे यह लाभ होगा कि रायचंद को रोजगार भी मिलेगा और वह निःशुल्क राय नहीं देते हुए, वह अपने कीमती समय को व्यर्थ में बर्बाद नहीं करेगा और राय पाने के इच्छुक लोगों को भी दुविधा की स्तिथि से छुटकारा मिलेगा। उनके ऊपर निःशुल्क जबरन राय थोपने का प्रयास नहीं होगा क्योंकि हर राय की कीमत निर्धारित होगी। चलो अब मैं भी चलता हूँ।

# डिप्रेशन और स्ट्रेस को कम करेंगे, तो आत्महत्या रुकेगी

**10 सितंबर आत्महत्या निषेध दिवस पर विशेष**

वर्तमान समय मे आत्महत्या की घटनाएं विशेष रूप से कोचिंग क्लास के विद्यार्थियों के मध्य ज्यादा देखी गयी है। साथ ही देश के कई बुद्धिजीवियों, उद्योगपतियों, सेवा के जवानों , अधिकारियों--कर्मचारियों, पुलिस विभाग इत्यादि और महिलाओं संबंधी समस्याओं के भी आत्महत्या के आंकड़े कम नहीं है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक दुनिया भर में प्रतिवर्ष करीब 8 लाख से अधिक लोग आत्महत्या करते हैं। आत्महत्या की बढ़ती घटनाओं से अब समाज के विभिन्न वर्गों में काफी चिंताएं बढ़ रही है।



डॉ. बी.आर. नलवाया, (दैनिक अवन्तिका)

आत्महत्या के प्रमुख कारणों में बढ़ती निराशा, त्वरित व्यक्तिगत लक्ष्य प्राप्ति की होड़, अनुचित भौतिक इच्छायें, मानसिक स्वास्थ्य की प्रतिकूलताएं आदि शामिल है। इसी प्रकार जब कोई व्यक्ति हर तरह से हार जाता हैं ,तब वह आत्महत्या का कदम उठा लेता हैं। कोई भी व्यक्ति आरंभ में किसी परेशानी के कारण आत्महत्या के बारे में नहीं सोचता, लेकिन जब उसे लगता है ,कि अब कोई उम्मीद नहीं और समाज के किसी  का सहारा नहीं मिलता है । तब वह आत्महत्या कर लेता है। डिप्रेशन या अवसादग्रस्त व्यक्ति ही आत्महत्या के बारे में सोचता है। भारत में 20 करोड़ लोग मानसिक रोग से ग्रस्त हैं। 5 करोड़ लोग डिप्रेशन और इतने ही स्ट्रेस से परेशान है। डिप्रेशन से घिरे व्यक्ति के बारे में यह मान लिया जाता है, कि उसका स्वभाव ही इस तरह का है, परंतु ऐसा नहीं है।

मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी बताते हैं, कि आमतौर पर भारतीय परिवेश में सगाई या शादी का टूटना, पत्नी या पति का किसी और से अफेयर होना, पत्नी का रूठ कर मायके चले जाना, ऑफिस, स्कूल या कोचिंग क्लास का तनाव होना, परीक्षा या इंटरव्यू में फेल होना, प्रेमी प्रेमिकामें झगड़ा होना, आर्थिक कठिनाई, माता-पिता की अधिक अपेक्षाएं, हर क्षेत्र में लगातार असफल होना एवं स्वास्थ्य के लगातार प्रतिकूल होने के साथ ही पारिवारिक कलह जैसी परिस्थितियों में व्यक्ति मानसिक रूप से टूट जाता है, और इन परिस्थितियों में व्यक्ति आत्महत्या जैसा आत्मघाती कदम उठा लेता हैं। सर्वे बताते हैं, कि दुनिया में हर 48 सेकंड में एक व्यक्ति आत्महत्या  करता है। जिसमें बड़ी संख्या में आत्महत्या के मामले 20-34 वर्ष के युवाओं के सबसे ज्यादा है। यह वर्ग राष्ट्रीय आर्थिक बोझ के 53 प्रतिशत के लिए जिम्मेदार हैं।

डब्ल्यूएचओ के अनुसार दुनिया में 79 प्रतिशत आत्महत्या- निम्न और मध्यम वर्ग वाले लोग करते हैं। जिसमें बड़ी संख्या में युवा वर्ग सम्मिलित है, जिनके कंधों पर किसी भी देश का भविष्य टिका होता है। बीते वर्षों में दुनिया भर में आत्महत्या के आंकड़े काफी चिंताजनक रहे हैं, इसका प्रमुख कारण डिप्रेशन या अवसाद के साथ स्ट्रेस स्थिति है। एक शोध के अनुसार देश के औसतन 1.5 लाख लोगों की मौत हर साल आत्महत्या की वजह से होती है। वर्ष 2021 में देश में 1.64 लाख से अधिक लोगों ने आत्महत्या की, यानी रोजाना 450 से अधिक लोगों की मौत आत्महत्या की वजह से हुई थी ।

एक अध्ययन में के अनुसार डिप्रेशन में रहने वालों को काले या न सफेद रंग को पहचानने में दिक्कत होने लगती है, दोनों ही रंग उन्हें ग्रे नजर आने लगते हैं, धुंधला दिखने लगता है, व आंखों के सामने काले धब्बे नजर आते हैं। मनोचिकित्सकों के अनुसार जब कोई व्यक्ति या युवा गहरे मानसिक तनाव से जूझ रहा होता है। तो उसके व्यवहार में पहले की अपेक्षा बदलाव देखने को मिलता है। साथ ही व्यक्ति बहुत ज्यादा या कम खाने लगता है, लोगों से मिलना जुलना टालता है, छोटी-छोटी बातों पर गुस्सा होना या बात-बात पर भावुक होता है, वह अपनी प्रिय चीजों को भी दूसरों को देने लगता है।

**धर्म-आस्था : हनुमान अंश**

# दर्शक बोलते है-यह फिल्म देखना सार्थक रहा

सिनेमा को भी समाज का आईना कहा जाता है, लेकिन कई बार आईना वही दिखाता है जो उसके सामने रखा जाता है। पिछले कुछ वर्षों में मुख्यधारा के सिनेमा में गाली-गलौज, अश्लीलता, अत्यधिक हिंसा और आक्रामकता को मनोरंजन का पर्याय बनाने की कोशिश दिखाई दी है। मानो दर्शक को सिनेमाघर तक खींचने के लिए कहानी से ज्यादा उत्तेजना जरूरी हो। ऐसे समय में हनुमान अंश जैसी फिल्म का असाधारण प्रदर्शन इस धारणा पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है।



संदीप सृजन (दैनिक अवन्तिका)

करीब दो करोड़ रुपये की लागत से बनी इस फिल्म का 122 करोड़ रुपये से अधिक की शुद्ध कमाई तक पहुंचना महज व्यावसायिक सफलता नहीं है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार फिल्म का सकल कारोबार करीब 144.40 करोड़ रुपये तक पहुंचा है और 31वें दिन रविवार को भी लगभग 22.75 करोड़ रुपये का कारोबार दर्ज किया गया। किसी छोटी लागत वाली फिल्म का इतने लंबे समय तक दर्शकों को सिनेमाघर तक खींचते रहना इस बात का संकेत है कि बाजार में केवल बड़े बजट का राज नहीं है।

हनुमान अंश को शुरूआत में कोई असाधारण मंच नहीं मिला। सीमित प्रदर्शन और करीब 25 शो से शुरू हुई फिल्म धीरे-धीरे दर्शकों की पसंद बनती गई। जिस फिल्म को प्रारंभिक स्तर पर सीमित अवसर मिले, उसके प्रदर्शन बाद में बढ़ाने पड़े। चौथे सप्ताह में प्रमुख सिनेमाघर श्रृंखला पीवीआर आईनॉक्स द्वारा शो बढ़ाया जाना इस बात का प्रमाण है कि अंततः सिनेमाघरों को वही करना पड़ा जिसकी मांग दर्शक कर रहा था। यह घटना फिल्म उद्योग के लिए सामान्य सूचना नहीं, बल्कि चेतावनी है। किसी फिल्म की सफलता का निर्णय आज भी विज्ञापन एजेंसियां, बड़े निर्माता या सितारों की लोकप्रियता अकेले नहीं करते। अंतिम निर्णय दर्शक करता है। वह टिकट खरीदता है, सिनेमाघर जाता है और यदि फिल्म उसे पसंद आती है तो उसके बारे में दूसरों को बताता है। ह्यहनुमान अंशह्ल के मामले में यही हुआ। फिल्म का प्रचार उसके दर्शकों ने किया और यही प्रचार सबसे प्रभावी साबित हुआ।

सिनेमा का यह नया समीकरण समझना जरूरी है कि दर्शक मनोरंजन से विमुख नहीं हुआ है। वह आज भी भव्य दृश्य देखना चाहता है, अच्छी हास्य फिल्म देखना चाहता है, प्रभावशाली एक्शन देखना चाहता है। लेकिन उसे यह मान लेना कि हर फिल्म में गाली, अश्लीलता और हिंसा की मात्रा बढ़ाकर ही दर्शक जुटाया जा सकता है, दर्शक की समझ को कम आंकना है। दर्शक के पास अब विकल्प पहले से कहीं अधिक हैं। वह तय करता है कि अपना पैसा और समय किस कहानी पर खर्च करना है। हनुमान अंश ने इसी विकल्प की ताकत दिखाई है।

नीम करोली बाबा के जीवन और आध्यात्मिक व्यक्तित्व से प्रेरित इस फिल्म का विषय आस्था और आध्यात्मिकता से जुड़ा है। ऐसे विषयों को अक्सर व्यावसायिक दृष्टि से सीमित दर्शक वर्ग वाला मान लिया जाता है। लेकिन बॉक्स ऑफिस ने इस अनुमान को भी चुनौती दी है। फिल्म ने यह साबित किया कि भारतीय दर्शक अपनी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जुड़ी कहानी को भी बड़े पैमाने पर स्वीकार कर सकता है, यदि उसे ईमानदारी और संवेदनशीलता से प्रस्तुत किया जाए।

यहां एक और महत्वपूर्ण प्रश्न है-क्या परिवार के साथ देखे जा सकने वाले सिनेमा की मांग कम हो गई है? हनुमान अंश का प्रदर्शन इसका उत्तर नहीं में देता है। देश में लाखों परिवार ऐसे हैं जो बच्चों और बुजुर्गों के साथ बैठकर फिल्म देखना चाहते हैं। वे मनोरंजन के विरोधी नहीं हैं, लेकिन ऐसा मनोरंजन नहीं चाहते जिसके कारण परिवार के साथ बैठना असहज हो। निमार्ताओं के लिए यह बहुत बड़ा दर्शक वर्ग है। जरूरत केवल इसे पहचानने की है। दुर्भाग्य यह है कि व्यावसायिक सिनेमा में कई बार कहानी की कमजोरी को तेज संवादों, अश्लील दृश्यों या हिंसक दृश्यों से ढकने का प्रयास किया जाता है। कुछ फिल्मों में पात्रों की भाषा इतनी आक्रामक हो जाती है कि वह कहानी का हिस्सा कम और आकर्षण का साधन अधिक लगती है। यह मान लेना कि ऐसी सामग्री ही युवा दर्शकों को पसंद आएगी, एक खतरनाक सरलीकरण है। हनुमान अंश का उदाहरण बताता है कि युवा और सामान्य दर्शक भी संवेदना, आस्था और प्रेरणा से जुड़ी कहानी स्वीकार कर सकता है।

### इन्दौर मंडी भाव

चना कांटा 6600 से 6700 विशाल 6400 से 6525 डंकी चना 5800 से 6200 मसूर 6000 महाराष्ट्र सफेद 8200 से 8400 महाराष्ट्र लाल 8500 से 8800 कर्नाटक 8700 से 8900 निमाड़ी तुअर 6500 से 7900 मूंग बेस्ट गर्मी 7500 से 7700 मूंग बेस्ट बोल्ड 7800 से 7900 मोगर 5500 से 6700 उड़द बोल्ड 9200 से 9500 उड़द गर्मी 8800 से 9200 ग्रेविटी क्लीन 9500 से 9900 हल्का उड़द 4000 से 6000 काबुली डॉलर 7500 से 8800 काबुली रशियन 6400 से 6600 बिटकी 6000 से 6200 सरसों निमाड़ी 8000 से 8200 रायडा 7000 से 7200 सोयाबीन 5700 टोली 5600 से 5800 गेहूं मिल क्वालिटी 2750 से 2800 लोकवन 3100 से 3150 पूर्णा 2950 से 3000 मालवराज 2850 से 2900 मक्का 2500 से 2525 चना दाल 7800 से 7900 मीडियम 8000 से 8300 बेस्ट 8500 से 8800 तुअर दाल 7900 से 8000 मीडियम 7900 से 8000 बेस्ट 10300 से 10600 एक्स्ट्रा बेस्ट 11400 से 11600 ब्रांडेड 13000 मूंग दाल 9100 से 9200 बेस्ट 9300 से 9400 मूंग मोगर 11100 से 11200 बेस्ट 11300 से 11400 उड़द दाल 10900 से 11000 बेस्ट 11100 से 11200 उड़द मोगर 11400 से 11800 बेस्ट 12000 से 12200 मसूर दाल 7750 से 7850 बेस्ट 7950 से 8050 रुपए प्रति क्विंटल।

### आलू, प्याज, लहसून भाव

आलू ज्योति नया 700 से 800 ज्योति राशन आलू 500 से 600 गुल्ला 300 से 400 रुपए प्रति क्विंटल बिका। प्याज नया 1200 से 1300 पुराना 800 से 1000 एवरेज 500 से 700 गोल्टा 300 से 400 प्रति क्विंटल रहे। लहसुन एक्स्ट्रा सुपर 15000 से 18000 देशी 13000 से 14000 एवरेज 12000 से 15000. बारीक 9000 से 10000 रुपए क्विंटल।

### उज्जैन भाव

लोकवन गेहूँ- 1899-3112, काबली- 4010-8331, बटला- 1800, बड़ा- 5261-5550, सोयाबीन- 2593-6071, धनिया- 12950-14700, सरसो- 7050-7601, तुवर- 4250-4250, तिल्ली- 10491-11001, मावा- 300 प्रतिकिलो। मावा- 300 प्रतिकिलो। **सोना-चाँदी-** सोना- स्टेण्र्ड- 1,49,300 रवा- 1,49,000 चांदी- टंच- 2,34,600 पाट- 2,34,00।


### उज्जैन किराना
**अशोक कुमार भगवानदास**
**152 फवारा चौक उज्जैन**


किराना रेट प्रति किलो, चावल बासमती 75 से 200, तिबार 68 से 130, पोनिया 55 से 85, टुकडी 32 से 65, शेला 36 से 38, परमल 35 से 44, तुवर दाल निमाडी 135 महाराष्ट्र 105 से 120, तुवर दाल 80 से 120, मूंगदाल 85 से 110, मोगर 95 से 120, उड़द मोगर 110 से 120, उडद दाल 95 से 100, मसूरदाल 75 से 78, चना दाल 72 से 80 ।

### आमंत्रण

**आप भी अपने व्यंग्य, रचनाएं, लेख, प्रतिक्रिया, मालवी भाषा में पठनीय सामग्री आदि ई-मेल कर सकते है।**

editor.awantika@gmail.com

## बस अनियंत्रित होकर पलटी, यात्रियों को पहुंचाया अस्पताल

**शाजापुर।** बस के अचानक से अनियंत्रित होकर पलट जाने से 11 यात्री घायल हो गए। जानकारी के अनुसार जिले के थाना सुनेरा क्षेत्र अंतर्गत मझानिया जोड़ के पास सोमवार रात बस अनियंत्रित होकर पलट गई, जिसमें 11 यात्री घायल हो गए। घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम डायल-112 को दी गई। सूचना मिलते ही थाना सुनेरा में तैनात डायल-112 वाहन को तत्काल मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112 स्टाफ आरक्षक 417 मनोज दांगी एवं पायलट महेंद्र सिंह जादौन ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

## 19 वर्षीय युवक फंदे पर लटका मिला पुलिस ने मर्ग कायम कर शुरू की जांच

**शुजालपुर।** अवंतिपुर बड़ोदिया थाना क्षेत्र के खेजड़ियाँ गांव में मंगलवार को 19 वर्षीय युवक घर में फंदे पर लटका मिला। परिजन की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए पोलायकलां सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया। मृतक की पहचान ऐलम नाथ पिता जीवन नाथ निवासी खेजड़िया के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार युवक मजदूरी करता था। घटना के समय उसकी पत्नी और मां घर पर थीं। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। मौके से कोई सुसाइड नोट भी नहीं मिला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटना के कारणों और परिस्थितियों को लेकर परिजन से पूछताछ कर रही है।

## अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

**शाजापुर।** अवैध रूप से बिक रही शराब पर प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर सर्व समाज एवं करणी सेना परिवार ने थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। मंगलवार को सर्व समाज एवं करणी सेना परिवार शाजापुर टीम जीवन सिंह शेरपुर ने मोहन बड़ोदिया थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर बताया कि ग्राम दुधाना, पचावता, देहरीपाल चक, जामन, बकानी, खोरिया चक, निपानिया डेरा, टिगरिया आदि गांवों में अवैध शराब बेखौफ होकर बेची जा रही है। अवैध शराब से गांव के युवा नशे की गिरफ्त में आ रहे हैं। ज्ञापन में शीघ्र ही अवैध कारोबारियों पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

## तालाब में डूबने से 14 साल के छात्र की मौत

**देवास।** कदवाली बुजुर्ग गांव में तालाब में डूबने से 14 साल के छात्र आदित्य प्रजापत की मौत हो गई। वह मंगलवार शाम अपने दोस्त के साथ तालाब में नहाने गया था। इसी दौरान पैर फिसलने से वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना की जानकारी वहां मौजूद एक बच्चे ने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन और ग्रामीण मौके पर पहुंचे। काफी कोशिशों के बाद आदित्य को तालाब से बाहर निकाला गया। परिजन उसे देर शाम जिला अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। आदित्य ने कक्षा 8वीं तक की पढ़ाई मेलकलमा में की थी। इसके बाद वह अपनी बुआ के यहां कदवाली बुजुर्ग आया था और यहां कक्षा 9वीं में पढ़ रहा था। उसके पिता मजदूरी करते हैं। परिवार में माता-पिता के अलावा उसका एक छोटा भाई है।

## छत काटकर ज्वेलर्स की दुकान में घुसे चोर, सोना-चांदी के जेवरात ले गए

**मक्सी।** नगर में चोरों ने एक ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाते हुए फिल्मी अंदाज में चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बदमाश दुकान के ऊपर स्थित तीसरी मंजिल पर बने टावर की छत का चद्दर काटकर अंदर घुसे और सोने-चांदी के जेवर चोरी कर फरार हो गए। पुलिस के अनुसार फरियादी आशुतोष सोनी (54) पिता राधेश्याम सोनी निवासी वार्ड क्रमांक 5, स्टेट बैंक के पास, मक्सी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आशुतोष सोनी ने बताया वह एबी रोड स्थित जैन मंदिर रोड पर पिछले 20-22 वर्षों से केशव ज्वेलर्स नाम से दुकान संचालित कर रहे हैं। रोजाना की तरह 6 सितंबर को सुबह 7 बजे दुकान खोली थी और रात करीब 8 बजे दुकान बंद कर ताला लगाकर घर चले गए थे। अगले दिन 7 सितंबर की सुबह 7 बजे जब वह दुकान खोलने पहुंचे तो अंदर का सामान बिखरा मिला।

### साक्षरता के बदलते स्वरूप से रूबरू हुए विद्यार्थी

# एनएसएस के जागरूकता कार्यक्रम में डिजिटल, तकनीकी और चिकित्सकीय साक्षरता का बताया महत्व

दैनिक अवन्तिका ▸▸ शुजालपुर



अंतरराष्ट्रीय साक्षरता दिवस के अवसर पर जवाहरलाल नेहरू स्मृति शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय शुजालपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें विद्यार्थियों को साक्षरता के बदलते स्वरूप और वर्तमान दौर में इसकी उपयोगिता से अवगत कराया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि रेड रिबन क्लब प्रभारी पूजा सांखला ने कहा कि आज के दौर में साक्षरता का अर्थ केवल पढ ?ा-लिखना सीखना नहीं रह गया है। डिजिटल तकनीक का सुरक्षित एवं प्रभावी उपयोग करना, तकनीकी जानकारी रखना तथा स्वास्थ्य से जुड़ी सही जानकारी हासिल करना भी आधुनिक साक्षरता का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने विद्यार्थियों को डिजिटल, तकनीकी एवं चिकित्सकीय साक्षरता के महत्व की जानकारी दी। उन्होंने वर्ष 2026 की थीम लोगों धरती और समृद्धि के लिए साक्षरता के संदर्भ में कहा कि साक्षरता व्यक्ति को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही जिम्मेदार नागरिक के रूप में विकसित करती है। शिक्षित एवं जागरूक समाज ही देश के विकास में प्रभावी भूमिका निभा सकता है।

### शिक्षा से समाज में बदलाव का आह्वान

कार्यक्रम में पूर्व एनएसएस स्वयंसेवक रामपाल सिंह राजपूत ने भी साक्षरता के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा को केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित न रखते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनाने का आह्वान किया। उमेश कुमार पाण्डेय ने डिजिटल एवं कंप्यूटर साक्षरता के संबंध में विद्यार्थियों को जानकारी दी। उन्होंने तकनीक के बढ़ते उपयोग के बीच कंप्यूटर एवं डिजिटल माध्यमों की समझ को आवश्यक बताया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं उपस्थित सदस्यों ने साक्षरता के प्रति जागरूकता फैलाने, शिक्षा के महत्व को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज को अधिक जागरूक एवं साक्षर बनाने का संकल्प लिया। आयोजन एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी गजेन्द्र कुमार पाटीदार के मार्गदर्शन में हुआ।



## इंस्टाग्राम आईडी पर धार्मिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट, एसपी से की गई शिकायत

**शाजापुर।** इंस्टाग्राम पर धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट करने के मामले में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन पार्टी ने पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। मंगलवार को सौंपे गए ज्ञापन में बताया कि इंद्रिया पाटीदार नाम की इंस्टाग्राम आईडी से मुस्लिम समाज की धार्मिक भावनाएं आहत करने वाली पोस्ट अपलोड की गई है। इस टिप्पणी से मुस्लिम समुदाय में काफी नाराजगी है। पार्टी का कहना है कि ऐसी टिप्पणियां समाज में तनाव और अशांति फैला सकती हैं। पार्टी पदाधिकारियों ने पुलिस प्रशासन से मांग की है कि सोशल मीडिया अकाउंट और स्क्रीनशॉट की जांच की जाए। उन्होंने टिप्पणी करने वाले व्यक्ति की पहचान कर भारतीय न्याय संहिता और अन्य कानूनों के तहत कानूनी कार्रवाई करने की मांग की।

## रेकी कर चोरी करने वाले 3 नाबालिग सहित 6 आरोपी गिरफ्तार : 11 लाख का माल बरामद

**देवास।** पुलिस ने सूने मकानों की रेकी कर चोरी करने के मामले में 3 युवकों और 3 नाबालिगों को पकड़ा है। पुलिस के अनुसार, आरोपी किराए की कार से अलग-अलग इलाकों में घूमकर ऐसे मकानों की पहचान करते थे, जिनमें ताला लगा होता था। पुलिस ने आरोपियों के पास से करीब 11 लाख रुपए का चोरी का सामान बरामद किया है। इसमें सोने-चांदी के आभूषण और दो किराए की कारें शामिल हैं। एसपी पुनीत गेहलोद ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, बजरंग नगर निवासी देवेंद्र मालवीय 29 अगस्त को परिवार के साथ बाहर गए थे। 31 अगस्त को लौटने पर उन्हें घर का ताला टूटा मिला। घर के अंदर सामान बिखरा था। अलमारियों से सोने-चांदी के आभूषण और नकदी गायब थी। इसके बाद औद्योगिक क्षेत्र थाने में शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। उउळश कैमरों से संदिग्धों की पहचान में मदद मिली। पुलिस ने हवनखेड़ी स्थित यात्री प्रतीक्षालय से शिवम प्रजापति उर्फ चावल, हर्ष जोशी उर्फ हर्ष शूटर, आदित्य चौहान उर्फ लाडला और तीन नाबालिगों को पकड़ा। पुलिस का कहना है कि आरोपी एक और चोरी की तैयारी में थे। पुलिस ने इससे पहले ही उन्हें पकड़ लिया। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

### जीपीएस से खुला 9 टन आटे की डकैती का राज

# चाकू की नोक पर लूटा था कंटेनर, 5 बदमाश पकड़े, 50 लाख का माल बरामद

दैनिक अवन्तिका ▸▸ देवास



देवास में अवंतिका फूड्स कंपनी से 9 टन आटे से भरे कंटेनर की चाकू की नोक पर लूट के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, कंटेनर में लगे जीपीएस की लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों तक पहुंचा गया। पुलिस ने 50 लाख रुपए का माल बरामद करने की जानकारी दी है।

घटना 5 सितंबर की रात करीब 8.30 बजे की है। इंदौर निवासी कंटेनर चालक संतोष मालवीय अवंतिका फूड्स कंपनी से 310 कट्टों में करीब 9 टन आटा लेकर निकले थे। रास्ते में एक व्यक्ति ने चालक की कमर पर चाकू रख दिया। उसके साथ मारपीट कर उसे नीचे गिरा दिया गया। इसके बाद चार अन्य आरोपी कंटेनर में चढ़े और आटे से भरा कंटेनर लेकर फरार हो गए। मौके पर मौजूद लोगों की मदद से चाकू दिखाने वाले एक व्यक्ति को पकड़ लिया। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई।

पुलिस ने कंटेनर में लगे जीपीएस की लोकेशन ट्रैक की। इसके साथ सीसीटीवी फुटेज और मुखबिरों से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई।

पुलिस का पीछा देवास से इंदौर तक चला। सेज यूनिवर्सिटी के पास नाकाबंदी देखकर आरोपियों ने कंटेनर को सर्विस रोड की ओर ले जाने की कोशिश की।

मंगलवार को एसी पुनीत गेहलोद ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मामले का खुलासा किया। पुलिस ने पांचों आरोपियों की गिरफ्तारी और 50 लाख रुपए का माल बरामद करने की जानकारी दी है।

### ट्रांसफार्मर से टकराया कंटेनर

सर्विस रोड पर कंटेनर बेकाबू होकर ट्रांसफार्मर से टकरा गया। पुलिस ने मौके से एक आरोपी को पकड़ लिया। पूछताछ के बाद उसके चार अन्य साथियों को भी गिरफ्तार कर लिया गया।

### आबकारी-पुलिस की संयुक्त दबिश

# कंजर डेरों पर छापेमारी में 9800 लीटर लहान नष्ट, कोई गिरफ्तारी नहीं

दैनिक अवन्तिका ▸▸ अकोदिया

सागर जिले में जहरीली शराब से 24 लोगों की मौत के बाद शाजापुर जिले में भी अवैध शराब के खिलाफ अभियान तेज कर दिया गया है। आबकारी विभाग और पुलिस ने दो दिनों तक अलग-अलग कंजर डेरों में कार्रवाई की। इस दौरान करीब 9800 लीटर लहान जब्त कर मौके पर ही नष्ट किया गया। कार्रवाई में कुल 13 केस दर्ज किए गए, लेकिन किसी भी मामले में आरोपी टीम के हाथ नहीं लगा।

सलसलाई और सुंदरसी थाना प्रभारी के साथ आबकारी विभाग की तीन गाड़ियों में करीब 18 पुलिसकर्मी कंजर डेरों तक पहुंचे थे। अधिकारियों के मुताबिक बारिश के कारण कच्चे रास्तों पर काफी कीचड़ था। इससे टीम को डेरों के अंदर तक पहुंचने में परेशानी हुई। इसी का फायदा उठाकर वहां मौजूद लोग भाग निकले।

टीम को मौके पर कच्ची शराब बनाने के लिए इस्तेमाल होने वाला लहान, ड्रम और अन्य सामग्री मिली, लेकिन आरोपी मौके पर नहीं मिले।

पहले दिन पुलिस और आबकारी विभाग की टीम ने रुलकी और किठौर कंजर डेरों में दबिश दी। यहां करीब 4200 लीटर लहान बरामद हुआ, जिसे मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। दूसरे दिन टीम ने बांगली कंजर डेरा, माधोपुर कंजर डेरा और देवड़ा कंजर डेरा में कार्रवाई की। यहां करीब 5600 लीटर लहान जब्त किया गया।

### भट्टियां मिलीं, लेकिन मौके पर आरोपी नहीं

कार्रवाई के दौरान कई स्थानों पर शराब बनाने की भट्टियां मिलीं। अधिकारियों के अनुसार, कंजर डेरों में ज्यादातर जगहों पर केवल महिलाएं मिलीं और कोई पुरुष मौजूद नहीं था। शराब बनाने के ये ठिकाने सरकारी जमीन पर बताए गए हैं। ऐसे में मौके से मिली सामग्री के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किए गए।

### अंतिम संस्कार के लिए व्यवस्थित जगह नहीं

# बारिश में अस्थायी शेड में करना पड़ता दाह संस्कार

दैनिक अवन्तिका ▸▸ नलखेड़ा

नलखेड़ा तहसील के मोल्याखेड़ी गांव में ग्रामीणों को आज भी बुनियादी सुविधाओं की कमी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में अंतिम संस्कार के लिए भी कोई व्यवस्थित जगह नहीं है। यहां न तो ठीक से श्मशान घाट है और न ही वहां तक पहुंचने के लिए कोई सही रास्ता है।

गांव में टिन शेड की स्थायी व्यवस्था नहीं है। इस वजह से ग्रामीणों को अस्थायी शेड के नीचे अंतिम संस्कार करना पड़ता है। बारिश के मौसम में यह समस्या और बढ़ जाती है। खराब मौसम में लकड़ियों को बचाकर रखना और अंतिम संस्कार करना परिजनों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान घाट की व्यवस्था गांव की बुनियादी जरूरत है। लेकिन लंबे समय से इस पर ध्यान नहीं दिया गया है। कई बार अधिकारियों और नेताओं को यह समस्या बताई जा चुकी है। इसके बाद भी अब तक कोई स्थायी हल नहीं निकला है।

### गांव वालों ने क्या बताया?

महेश पाटीदार ने बताया कि गांव में श्मशान घाट की स्थायी व्यवस्था न होने से बारिश में सबसे ज्यादा दिक्कत होती है। उन्होंने कहा कि कई बार अधिकारियों और नेताओं को समस्या बताई गई, लेकिन अभी तक कोई हल नहीं निकला। गांव में जल्द से जल्द टिन शेड और पक्के रास्ते की व्यवस्था होनी चाहिए।

# जनसुनवाई में 97 आवेदकों की शिकायतें सुनीं अधिकारियों को समय पर निपटारे के निर्देश

### महिला को कृषक जीवन कल्याण योजना का लाभ

अवन्तिका ▸▸ आगर मालवा



कलेक्टर डॉ. शेर सिंह मीना ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट में जनसुनवाई की। उन्होंने 97 आवेदकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समय-सीमा में मामलों का निराकरण करने के निर्देश दिए। इस दौरान एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव, जिला पंचायत सीईओ बीएस सोलंकी, एसडीएम मिलिंद ढोके और डिप्टी कलेक्टर प्रेमनारायण परमार मौजूद रहे।

सुसनेर तहसील के कंवराखेड़ी गांव की मंजूबाई ने आर्थिक सहायता की मांग की। उन्होंने बताया कि कृषि कार्य के दौरान दुर्घटना में उनके पति रामकरण की मौत हो गई थी। परिवार के भरण-पोषण और बच्चों की देखभाल के लिए मदद की मांग पर कलेक्टर ने एसडीएम सुसनेर को मुख्यमंत्री कृषक जीवन कल्याण योजना के तहत प्रकरण तैयार कर लाभ दिलाने के निर्देश दिए। मंजूबाई के दो बेटों को स्पॉन्सरशिप योजना का लाभ दिलाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यक्रम अधिकारी को भी निर्देश दिए गए।

रामाखेड़ी स्कूल में नव नियुक्त अतिथि शिक्षक कमलसिंह को जॉइनिंग नहीं देने और उनके साथ अभद्र व्यवहार की शिकायत सामने आई। मामले में एडीएम ने जिला शिक्षा अधिकारी को एक सप्ताह में जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

### सरकारी जमीन में हेरफेर की शिकायत

तनोड़िया के बनेसिंह ने सरकारी जमीन में हेरफेर की शिकायत की। कलेक्टर ने डिप्टी कलेक्टर को एक सप्ताह में जांच कर मामले का निराकरण करने के निर्देश दिए। उन्होंने पात्र पाए जाने पर नियमानुसार मुआवजा देने के लिए भी कहा।

## दुर्घटना में मौत पर 21.32 लाख की क्षतिपूर्ति

**शुजालपुर।** सड़क दुर्घटना में मृत्यु के मामले में मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण शुजालपुर ने मृतक के वारिसों को 21 लाख 32 हजार 325 रुपए की क्षतिपूर्ति राशि 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज सहित दिलाए जाने का आदेश दिया है। प्रकरण के अनुसार 16 नवंबर 2024 की शाम करीब 6.30 बजे ग्राम राणोगंज निवासी दुर्गेश पुरी गोस्वामी मोटरसाइकिल से शुजालपुर जा रहे थे तब सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी।


## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री संतोष लालवानी पिता हजारीलाल लालवानी निवासी 97, संतराम सिन्धी कॉलोनी उज्जैन के स्वामित्व का फ्लेट क्रमांक 504 जो कि ओम साई ओम फ्लेटेड टाउनशिप में निर्मित सिल्वर ए अपार्टमेंट उज्जैन के पांचवी मंजिल (फिफ्थ फ्लोर) का है। उक्त फ्लेट के समस्त दस्तावेज जैसे विक्रय पत्र पंजीयन क्रमांक MP432022020A1445165 दिनांक 30-7-2020 एवं संशोधन पत्र क्रमांक MP432022022A1250602 दिनांक 9-3-2022 उनके कार्यालय स्थल से गुम हो गये है जिसकी सुचना मेरे पक्षकार द्वारा सम्बन्धित पुलिस स्टेशन दी गई है। मेरे पक्षकार द्वारा उक्त दस्तावेजों का कोई दुरूपयोग नहीं किया गया है न ही कही बंधक रखे गये है। उक्त वर्णित फ्लेट के असल दस्तावेज (मूल प्रति) जिस भी व्यक्ति को मिले वे मेरे कार्यालय में जमा करावे। यह सूचित हो। इति दिनांक 9-9-2026

**हितेश थानी (अधिवक्ता)**
**कार्या. 50 बी संतराम सिन्धी कॉलोनी, सांवेर रोड**
**(न्यू मारुती प्लाईवुड के पीछे) उज्जैन**
**मो. 8817888422**

## जाहिर सूचना का प्रतिवाद

दस्तावेज लेखक श्री कुं. मनोहरसिंह राणावत कार्यालय सी-10, भरतपुरी काम्पलेक्स, उज्जैन द्वारा भवन क्रमांक 2/1470 नया नंबर 2 (वर्तमान नंबर 2/7) खंदार मोहल्ला महाकाल मार्ग, गली नंबर 2, उज्जैन में स्थित है के संबंध में दैनिक समाचार पत्र दैनिक अंवतिका में दिनांक-01/09/2026 को प्रकाशित जाहिर सूचना का खंडन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति वास्तविकता में श्री लक्ष्मीनाराण मंदिर के स्वामित्व की है ऐसा प्रतित होता है कि आपके पक्षकारगण द्वारा उपरोक्त संपत्ति पर नगर निगम में असत्य एवं भाम्रक जानकारी देकर शायद अपना नाम दर्ज करा लिया है। वास्तव में उक्त संपत्ति श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर की है। श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर एक सार्वजनिक मंदिर है जिससे आमजन की आस्था एवं विश्वास जुड़ा हुआ है। उक्त मंदिर का निर्माण हमारे परदादाजी लक्ष्मीनारायण ने करवाया था। उसके पश्चात से वंशानुसार परम्परा एवं हिन्दु उत्तराधिकार अधिनियम के प्रावधानों के प्रकाश में हम परिवारजन 1- राजेन्द्र बैरागी, 2-रामकृष्णदास (किशनदास) बैरागी, 3 जगदीशचन्द्र बैरागी, 4-गोपालदास जी बैरागी, 5-महेश दास बैरागी, 6-जयप्रकाश बैरागी, 7-मोहित बैरागी, 8-तिलक बैरागी, 9-गौतम बैरागी, 10-शुभम बैरागी निवासीगण खंदार मोहल्ला, महाकाल मार्ग, उज्जैन हुए है। हम लोगो द्वारा नगर निगम में भी शीघ्रता से कार्यवाही की जा रही है।

अतः आप महोदय से यह विन्रम निवेदन है कि आप अपने पक्षकार को उचित समझाईश दे की वह उक्त संपत्ति के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई स्वंयव्हार नही करें। दिनांक 08/09/2026

**रामकृष्णदास (किशनदास) बैरागी**
**पिता श्री विष्णुदास बैरागी**
**निवासी खंदार मोहल्ला, मो. नंबर 72409-75610**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्रीमती चेतनाबाई पति श्री भारत जाति राजपूत निवासी 45, ग्राम रिंगनोदिया तहसील सांवेर जिला इन्दौर (म.प्र.) से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि आराजी सर्वे नंबर 389/2 रकबा 1.250 हेक्टर स्थित ग्राम अमरपुरा तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है इसी प्रकार सर्वे नंबर 410/1/1 रकबा 0.500 हेक्टर व सर्वे नंबर 411/1/1 रकबा 0.390 हेक्टर कुल किता 2 रकबा 0.89 हेक्टर स्थित ग्राम बिछडोद इस्तमुरार तहसील घट्टिया जिला उज्जैन (म.प्र.) में है, को मय तला व हवाई हक सहित एवं उसमें वैष्ठित समस्त सुखाधिकारों सहित क्रय करने का सौदा किया होकर बयाना राशि अदा कर दी है तथा विधिवत अनुबंध पत्र का निष्पादन करवा लिया होकर अनुबंध अनुसार शेष राशि अदा कर विधिवत विक्रय-पत्र का पंजीयन करवाया जाना शेष है। यदि उक्त भूमि में कोई अपना हित व हिस्सा रखता हो या उक्त भूमि पर किसी भी राष्ट्रीयकृत बैंक अथवा सरकारी, साहूकारी या किसी विभाग या वित्तीय संस्था अथवा सोसायटी का कोई ऋण भार हो तो ऐसे संबंधित विभाग / व्यक्ति इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 7 (सात) दिवस की अवधि में मय प्रमाण सहित लिखित में आपत्ति मेरे समक्ष प्रस्तुत करें ताकि उसका निराकरण करवाया जा सके, अन्यथा सूचना प्रकाशन की अवधि व्यतीत होने के पश्चात मेरे पक्षकार द्वारा विक्रय पत्र का निष्पादन करवा लिया जावेगा व कोई आपत्ति मान्य नही होगी।

इति दिनांक :- 09/09/2026

**रितिक बंसल (सर्विस प्रोवाईडर)**
**सी-7 भरतपुरी कॉम्पलेक्स, उज्जैन (म.प्र.)**
**मो. 94250-92149, 90093-04444**
**कार्यालयीन समय- सुबह 11 से 6 बजे तक**

## जाहिर सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, प्रार्थी हरकिशोर राठौड़ पिता बनेसिंहजी पता- ग्राम बिहाडिया जिला इंदौर ने दिपक कुमार सोनी पिता स्व. श्री मोहनलालजी सोनी निवासी- 23/20, चित्रगुप्त मार्ग, लालपुरा शाजापुर से सौदा चिट्‌ठी के आधार पर कय की गई निम्न भूमिस्वामीयों से उनके स्वामित्व एवं आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयतकलां जिला आगर मालवा (म.प्र.) स्थित है, जो निम्नानुसार हैः-

1- सर्वे क्रमांक 2319 रकबा 0.2300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2323 रकबा 0.7400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2324 रकबा 0.1700 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2415 रकबा 0.7800 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2416 रकबा 0.6500 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2418 रकबा 0.1800 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2419 रकबा 1.0100 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2420 रकबा 0.4900 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2421 रकबा 0.8400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2423 रकबा 1.1800 हेक्टेयर कुल रकबा 6.2700 हेक्टेयर भूमि स्वामीगण गीताबाई, श्यामूबाई, धापूबाई, प्रेमबाई पिता बालागिरी, पंकज पिता चिंतामण, केदार पिता सागरमल अंशुल पिता धीरेन्द्र, रामलाल, भगवानसिंह, चंदरलाल पिता मोतीलाल, कालूसिंह, गोवर्धनसिंह, हेमराज, लीलाबाई पिता कनिरांम, मानकुंवर बाई पति कनिराम, रामलाल पिता नंदा पता- ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) है।

2- सर्वे क्रमांक 2440 रकबा 0.4200 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2441 रकबा 0.4200 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2442 रकबा 0.4300 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2443 रकबा 0.4300 हेक्टेयर कुल रकबा 1.7000 हेक्टेयर भूमि जगदीश कुल्मी पाटीदार पिता विष्णुप्रसाद, रतनलाल दर्जी पिता माधो पता - ग्राम साल्याखेड़ी तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

3- सर्वे क्रमांक 2408/1 रकबा 0.3300 हेक्टेयर, नंदसिंह पिता नारायणसिंह पता ग्राम वार्ड कमांक 11 मोहल्ला माता बोर, सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

4- सर्वे क्रमांक 2408/4/1 रकबा 0.6900 हेक्टेयर, सर्वे कमांक 2410/3 रकबा 0.1500 हेक्टेयर कुल रकबा 0.8400 हेक्टेयर भूमि कालूसिंह पिता बादलसिंह उर्फ बालसिंह पता-ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

5- सर्वे क्रमांक 2408/4/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर भूमि लाडकुवरबाई बेवा बादलसिंह उर्फ बालसिंह, गिरजाकुंवर, चिन्ताकुवर, जसुकुवर उर्फ कृष्णाकुंवर पुत्री बादलसिंह उर्फ बालसिंह पता- ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

5- सर्वे क्रमांक 2407/3 रकबा 0.3300 हेक्टेयर भूमि शिवनाथसिंह पिता नारायणसिंह पता-ग्राम धनोदा जिला राजगढ़ (म.प्र.) की है।

6- सर्वे क्रमांक 2407/4 रकबा 0.3300 हेक्टेयर भूमि प्रभुनाथसिंह पिता नारायणसिंह पता-ग्राम धनोदा जिला राजगढ़ (म.प्र.) की है।

7- सर्वे क्रमांक 2309/1 रकबा 0.8400 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2309/2 रकबा 0.2000 हेक्टेयर कुल रकबा 1.0400 हेक्टेयर भूमि कल्पना पति त्रिलोक दीक्षित पता- 487/60 राजपूत कालोनी खालसा भवन के सामने रामचन्द्रपुरा छावनी कोटा की है।

8- सर्वे कमांक 2401 रकबा 1.8800 हेक्टेयर भूमि फुलबाई पति कॅवरलाल, कृष्णाबाई पिता कॅवरलाल विश्वकार्मा पता वार्ड क्रमांक 10 माता बोर मोहल्ला सोयतखुर्द जिला आगर मालवा, श्यामूबाई पिता कंवरलाल पति घनश्याम पता-ग्राम दात्याखेड़ी तहसील सुसनेर जिला आगर मालवा (म.प्र.), कलावतीबाई पिता कंवरलाल की है।

9- सर्वे क्रमांक 2331 रकबा 0.2900 हेक्टेयर भूमि बलराम पिता शिवलाल पता- पाटीदार मोहल्ला हेमड़ा झालावाड, द्रोपदी पुत्री शिवलाल पति संजय पता- ग्राम सुनेरादाई जिला झालावाड़, दुर्गा पति मोहनलाल पुत्री शिवलाल पता- ग्राम भेंसोदामण्डी जिला मंदसौर कंचनबाई पति शिवलाल पता- ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

10- सर्वे क्रमांक 2400/1/2 रकबा 0.0650 हेक्टेयर भूमि सपनाकुवर राजपूत पति हरपालसिंह पता - ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

11- सर्वे कमांक 2424 रकबा 0.5600 हेक्टेयर, सर्वे क्रमांक 2427 रकबा 0.7500 हेक्टेयर कुल रकबा 1.3100 हेक्टेयर भूमि कालूसिंह, कनीराम, मानसिंह पिता अमरसिंह पता ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयतकलां जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

12- सर्वे क्रमांक 2410/2 रकबा 0.1500 हेक्टेयर भूमि मनोहरकुवरबाई, प्रेमसिंह, विक्रमसिंह पिता गजराजसिंह पता - ग्राम सोयतखुर्द तहसील सोयत जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

13- सर्वे क्रमांक 2413 रकबा 0.0900 हेक्टेयर भूमि गोपाल, सजनबाई, कलाबाई पिता बद्रीलाल पता - सुसनेर जिला आगर मालवा (म.प्र.) की है।

उपरोक्त भूमि 1 लगायत 13 का समस्त कुल रकबा 14.825 हेक्टेयर अर्थात 74.12 बीघा लगभग को कय किये जाने हेतू सौदा दिपक कुमार सोनी पिता स्व. श्री मोहनलालजी सोनी निवासी - 23/20, चित्रगुप्त मार्ग, लालपुरा शाजापुर से किया जाकर सौदा चिट्ठी संपादित करवा ली गई है, अब केवल भूस्वामीओं से विक्रय-पत्र का संपादन करवाना शेष हैं।

उक्त सम्पत्ति के क्रय-विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, फर्म, कंपनी आदि को कोई आपत्ति हो या किसी शासकीय या अर्द्धशासकीय कार्यालय, बैंक, सोसाइटी आदि के अतिरिक्त कोई ऋण भार आदि हो या कोई व्यक्ति, संस्था, सोसायटी, फर्म, कंपनी आदि उक्त सम्पत्ति पर अपना हक, हित, स्वत्व, आदि रखती हो तो वह इस जाहिर सूचना प्रकाशन के 7 (सात) दिवस के अन्दर मय प्रमाण के लिखित रूप में आपत्ति मेरे पते पर प्रस्तुत करें या मोबाईल से संपर्क करें, ताकि उसका निराकरण किया जा सके। उक्त अवधि पश्चात प्रार्थी द्वारा अपने हित में विक्रय-पत्र का सम्पादन करवा लिया जावेगा। बाद गुजरने अवधि किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा ऐसी कोई आपत्ति प्रार्थी पर बंधनकारक नहीं होकर शून्यवत होगी। सो सूचित हो। इतिः दिनांक-09/09/2026

**प्रार्थी- हरकिशोर राठौड़ पिता बनेसिंहजी**
**पता - ग्राम बिहाडिया**
**तहसील बिचौली हप्सी, जिला इंदौर**
**मोबा. 98260-64071 99269-06721**

न्यूज-कॉलम

## प्राची शर्मा ने उत्तीर्ण की नेट परीक्षा



**मंदसौर।** शहर की प्रतिभाशाली छात्रा प्राची शर्मा ने नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (नेट) राजनीति विज्ञान विषय से उत्तीर्ण कर मंदसौर का नाम रोशन किया है। प्राची की प्रारंभिक और उच्च शिक्षा वनस्थली विद्यापीठ से हुई है, जहाँ उन्होंने स्नातक स्तर पर राजनीति विज्ञान में स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) भी प्राप्त किया था। प्राची शर्मा के पिता लोकेंद्र शर्मा एवं माता डॉ. वेद कुमारी शर्मा दोनों ही पेशे से शिक्षक हैं।

## घोड़ीदाणा खेलते 12 आरोपी गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के नाहरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कचनारा रोड़ दुधेश्वर महादेव मगरा के पास नाहरगढ़ पर पुलिस ने 12 आरोपियों को रुपए पैसा से घोड़ीदाणा का खेल खेलकर अवैध लाभ अर्जित करते हुए धरदबोचा। जानकारी के अनुसार नाहरगढ़ थाना पुलिस ने 8 सितम्बर की शाम यह कार्यवाही की। मौके से 14 हजार 00 रुपये नगदी व एक किपेड मोबाईल व जुआ उपकरण जप्त किये। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध 13 जुआं एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## 50 कि.ग्रा मछली जप्त, युवक गिरफ्तार

**मंदसौर।** जिले के गांधीसागर थाना क्षेत्र के संकट मोचन बालाजी मंदिर के पास भानपुरा-गांधीसागर नं. 3 पर पुलिस ने एक युवक के कब्जे से 50 किग्रा मछली जप्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी दिनेश पिता बाबूलाल कहार निवासी कंवला को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 303 (2) बीएनएस व 5 फिशरीज एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

## 60 लीटर कच्ची शराब जब्त, 400 लीटर लहान नष्ट

**मंदसौर।** अवैध शराब विरोधी अभियान के तहत शामगढ़ थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 60 लीटर कच्ची हाथ भट्टी शराब जब्त की है तथा जंगलों में करीब 400 लीटर लहान नष्ट किया है। पुलिस टीम ने ग्राम बोरवनी के जंगलों में सघन तलाशी अभियान चलाकर 400 लीटर महुआ लहान और उसे तैयार करने वाले डिब्बों को मौके पर ही नष्ट कर दिया। मुखबिर की सटीक सूचना पर पुलिस ने आरोपी नरेंद्र सिंह (20) पिता गोकुल सिंह सोंधिया राजपूत निवासी ग्राम बोरवनी को गिरफ्तार किया। आरोपी के कब्जे से दो केन में रखी 60 ली. अवैध कच्ची शराब तथा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल एमपी 14 जेडआर 5550 जब्त की गई।

# सिविल अस्पताल में ढाई करोड़ की दो मॉड्यूलर ओटी की स्वीकृति

दैनिक अवन्तिका ▶▶ जावरा



स्वास्थ्य सेवाओं में सुविधाओं को लेकर विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय द्वारा किये जा रहे प्रयासों से निरन्तर सौगात मिलती जा रही है।जिला स्तर की सुविधाएं क्षेत्र में उपलब्ध कराई जा रही है।

सिविल हॉस्पिटल में लगभग ढाई करोड़ रु की लागत से दो मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की स्वीकृति मिल गई है।अब तक ये सुविधा जिला चिकित्सालय पर ही थी। उल्लेखनीय है कि विधायक डॉ पांडेय द्वारा विधानसभा क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से विगत समय से लगातार प्रयास किये जा रहे है।जिसके फलस्वरूप जावरा में महिला व बाल चिकित्सालय, नवजात शिशु केयर यूनिट,पिपलौदा में सिविल हॉस्पिटल, रिंगनोद में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र,डायलेसिस मशीन जैसी विभिन्न महत्वपूर्ण सौगात मिली है।

डॉ पांडेय सिविल हॉस्पिटल में बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के लिए अथक प्रयास कर रहे है।जिसके लिए मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ,स्वास्थ्य मंत्री राजेन्द्र शुक्ल व अधिकारियों से लगातार संपर्क कर रहे है।इन्ही प्रयासों के फलस्वरूप सिविल हॉस्पिटल में दो अत्याधुनिक मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की स्वीकृति मिली है। सिविल हॉस्पिटल प्रभारी डॉ दीपक पालड़ीया ने बताया कि मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर पूरा इन्फेक्शन कंट्रोल सिस्टम है । मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में 7 जरूरी सिस्टम रहेंगे,जिनमें ओटी की वाल पैनल में, दोनों तरफ एंटी बैक्टेरियल कोटिंग रहेंगी ।जनरल एवं ओटी लाईट, कंट्रोल पैनल, एसी लाइट, गैस प्रेशर,टाइमर,गैस सिस्टम ओ 2, एक्स रे और सुरक्षा,दीवारों में लोड शीट कार्नर ग्राउंडिंग की सुविधा मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर में रहेंगी। फ्लोरिंग, दीवार सीलिंग,लेमिनार एयर फ्लो, हार्मेटिक डोर भी इन सुविधाओं में शामिल है । मॉड्यूलर ओटी बनने से 80 प्रतिशत इन्फेक्शन कम होता है ,मेंटेनेंस आसान होता है ।

सिविल हॉस्पिटल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की सुविधा होने से बड़े ऑपरेशन यही हो सकेंगे । अभी तक जिला चिकित्सालय में ही ऐसे मॉड्यूलर आपरेशन थियेटर होते है।

मीडिया प्रभारी शेलेन्द्र दवे ने बताया कि सिविल हॉस्पिटल में मॉड्यूलर ऑपरेशन थियेटर की स्वीकृति मिलने से क्षेत्र में हर्ष है। जावरा क्षेत्र स्वास्थ्य सुविधाओं का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। जिससे विधानसभा क्षेत्र के अलावा आसपास के क्षेत्र आलोट, पिपलौदा, ताल, बड़ावदा, दलौदा व राजस्थान के मरीजों को भी बेहतर उपचार मिल सकेगा। इस सौगात पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री डॉ यादव, उपमुख्यमंत्री शुक्ल व विधायक डॉ राजेन्द्र पांडेय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# महारानी लक्ष्मीबाई विद्यालय में हुए सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मंदसौर



सांदीपनी महारानी लक्ष्मीबाई शा. कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विविध सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक कार्यक्रमों का गरिमामय आयोजन हुआ। विद्यालय में सात दिवसीय संस्कृत सप्ताह का शुभारंभ प्रभारी प्राचार्य राजेश रत्नावत, शिक्षक राजेंद्र शर्मा एवं कुंदन सांखला द्वारा छात्राओं को तिलक लगाकर किया गया। प्रथम दिवस पर छात्राओं ने सुभाषित श्लोकों का पाठ किया तथा परस्पर संस्कृत में शुभकामनाएं दीं। दूसरे दिन संस्कृत गीत प्रतियोगिता एवं दिनाचरण की गतिविधियां हुईं, जबकि तीसरे दिन च्संस्कृत किमर्थम्‌ आवश्यक विषय पर शिक्षकों ने जीवन में संस्कृत के महत्व को रेखांकित किया। चौथे दिन संस्कृत भाषा, संस्कारों एवं वेद पाठ के महत्व की जानकारी दी गई तथा पांचवें दिवस विद्यालयीन शिक्षा में संस्कृत की आवश्यकता पर विस्तार से चर्चा हुई। छठे दिन संस्कृत भजन और गीत प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्ताह के अंतिम एवं सातवें दिवस समापन अवसर पर बौद्धिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसी श्रृंखला में विद्यालय परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी एवं शिक्षक दिवस का पर्व भी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम प्रभारी रेणुका आचार्य, किरण परमार, अलका रत्नावत एवं रचना आर्य के निर्देशन में आयोजित जन्माष्टमी उत्सव में छात्राओं ने भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया। राधा-कृष्ण की वेशभूषा में सजी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा से सभी का मन मोह लिया। शिक्षक दिवस पर वक्ताओं के रूप में महेश त्रिवेदी, रचना आर्य, टीना बाफना एवं किरण परमार ने गुरु-शिष्य परंपरा और शिक्षक दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्य राजेश रत्नावत ने छात्राओं को शिक्षकों के प्रति आत्मीयता एवं सम्मान की भावना रखने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन कुंदन सांखला ने किया।




## गणित क्लब सत्र 2026-27 का शुभारंभ, सुडोकू प्रतियोगिता में मुस्कान माली प्रथम

दैनिक अवन्तिका ▶▶ पिपलिया मंडी

शासकीय महाविद्यालय, पिपलिया मंडी में गणित क्लब सत्र 2026-27 का शुभारंभ 9 सितंबर 2026 को किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में तार्किक चिंतन, विश्लेषणात्मक क्षमता, एकाग्रता एवं गणित विषय के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से सुडोकू प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर दिनेश चंद्र बोरीवाल ने कहा कि गणित केवल संख्याओं और सूत्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह विद्यार्थियों में तार्किक सोच, समस्या-समाधान एवं निर्णय लेने की क्षमता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को गणित क्लब की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक सहभागिता करने के लिए प्रेरित किया। गणित विभाग की श्रीमती प्रेरणा शर्मा ने गणित क्लब के उद्देश्य एवं आगामी गतिविधियों की जानकारी देते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों को गणित को रोचक एवं व्यावहारिक तरीके से समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से ऐसी बौद्धिक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रोफेसर राधेश्याम कटारा ने भी विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि सुडोकू जैसी गतिविधियां एकाग्रता, धैर्य एवं तार्किक क्षमता को मजबूत करती हैं

न्यूज कालम



## जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल ने किया गौ-वत्स बारस का सामूहिक उद्यापन

**मंदसौर।** श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल द्वारा गौ-वत्स बारस का सामूहिक उद्यापन का आयोजन श्रद्धा एवं उत्साह के साथ किया गया। कार्यक्रम में समाज की 300 से अधिक महिलाओं ने सहभागिता करते हुए गाय एवं बछड़े का पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि और बच्चों की दीघार्यु की कामना की। मीडिया प्रभारी प्रिया फरक्या ने जानकारी दी कि सर्वप्रथम गाय व बछड़े को स्नान कराकर हल्दी, कुमकुम, मेहंदी और फूलों से सजाया गया। महिलाओं ने पूजन कर आरती उतारी, परिक्रमा ली और बछ बारस की कथा सुनी। इस दौरान महिलाओं ने भजनों पर नृत्य भी किया। अंत में आभार सचिव निधि गुप्ता ने व्यक्त किया।

## पुलिस अधीक्षक ने बघाना, सिंगोली और मनासा के थाना प्रभारी बदले

**नीमच।** जिला पुलिस अधीक्षक राजेश व्यास ने प्रशासनिक व्यवस्था की दृष्टि से जिले में कई थाना प्रभारियों को इधर से उधर करते हुए नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस फेरबदल में मुख्य रूप से बघाना, सिंगोली और मनासा के थाना प्रभारी बदले गए हैं। जारी आदेश के अनुसार पुष्पा चौहान (निरीक्षक) को पुलिस लाइन नीमच से थाना प्रभारी बघाना, शिव रघुवंशी (निरीक्षक) को प्रभारी कंट्रोल रूम नीमच से थाना प्रभारी सिंगोली, हिमांशु चौहान (निरीक्षक) को पुलिस लाइन नीमच से थाना प्रभारी मनासा का दायित्व सौंपा गया है। आदेश के तहत जितेन्द्र वर्मा (निरीक्षक) थाना प्रभारी सिंगोली को जिला विशेष शाखा नीमच, निलेश अवस्थी (का.वा. निरीक्षक): थाना प्रभारी मनासा को प्रभारी कंट्रोल रूम नीमच, राधेश्याम दांगी (निरीक्षक) थाना प्रभारी बघाना को पुलिस लाइन नीमच भेजा गया है। आदेश में स्थानांतरित अधिकारियों को तत्काल अपने नवीन पदस्थापना स्थल पर आमद दर्ज कराने के निर्देश दिए ।

## पुल से गिरने से हुई ऊंट की मौत, विधि-विधान से किया अंतिम संस्कार



**मंदसौर।** सीतामऊ फाटक स्थित ओवरब्रिज पर एक दर्दनाक सड़क हादसे में ऊंट की मौत हो गई। जानकारी अनुसार राजस्थान के रेबारी समाज के लोग अपने ऊंटों को लेकर ब्रिज से गुजर रहे थे, तभी सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार वाहन को देखकर ऊंट घबरा गया और असंतुलित होकर ब्रिज से नीचे गिर गया। अत्यधिक ऊंचाई से गिरने और गंभीर चोटें आने के कारण ऊंट की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही गौ आरोग्य सेवा समिति के अध्यक्ष ओम बड़ोदिया तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने क्षेत्रीय पार्षद प्रतिनिधि शैलेंद्र गिरी गोस्वामी और ऊंट के मालिक के सहयोग से नगर पालिका प्रशासन से संपर्क किया। इसके बाद नगर पालिका की जेसीबी और ट्रैक्टर को मौके पर बुलवाया गया और खुले स्थान पर ले जाकर ऊंट का विधि-विधान के साथ उसका अंतिम संस्कार किया गया।

## विकसित भारत क्विज में पीजी कॉलेज के विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**मंदसौर।** राजीव गांधी शा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय मंदसौर की राष्ट्रीय सेवा योजना (रासेयो) इकाई द्वारा विद्यार्थियों को च्विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 के प्रथम चरण की क्विज प्रतियोगिता में सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। राजनीति विज्ञान विभाग के सौजन्य से आयोजित इस आउटरीच कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. जे.एस. दुबे ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को साकार करने में युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है और ऐसे आयोजन उनमें नेतृत्व क्षमता का विकास करते हैं।

## ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने उप मुख्यमंत्री का पुतला जलाया

**मल्हारगढ़।** सागर में जहरीली शराब से हुई मोतो को बुधवार को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मल्हारगढ़ द्वारा बस स्टैंड पर धरना देकर क्षेत्रीय विधायक डिप्टी सीएम व प्रदेश के आबकारी मंत्री जगदीश देवड़ा का नारेबाजी कर पुतला जलाया।उसके बाद कांग्रेसजन नारेबाजी करते हुवे रैली के रूप में तहसील कार्यालय पहुंचे जहां नायब तहसीलदार सौरभ जैन को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौपा।ज्ञापन का वाचन करते हुवे ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि प्रदेश में भाजपा सरकार शराब माफियाओं के आगे नतमस्तक है,आबकारी मंत्री माननीय जगदीश जी देवड़ा ओर शराब माफियाओ का तगड़ा गठजोड़ है आये दिन जहरीली शराब से बड़ी संख्या में लोग मर रहे है।और माननीय मंत्री जी नैतिक जवादारी नही लेते हुवे अपने रटे रटाये गैरजिम्मेदाराना बयान हर बार की तरह दोराहते है कि किसी को बख्शा नही जाएगा।

# अतिक्रमण व अवैध कब्जा हटाने गई नगर पालिका टीम का लोगों से हुआ विवाद

दैनिक अवन्तिका ▶▶ नीमच

शहर में अवैध सड़क, भूमि अतिक्रमण हटाने मंगलवार को नगरपालिका अमला कार्रवाई करने पंहुचा जहाँ अबेडवार कॉलोनी में दो पक्ष आमने- सानने आ गए। विवाद बढ़ने पर टीम को बिना अतिक्रमण हटाए वापस लौटना पड़ा। नगर पालिका नीमच की टीम राजस्व अधिकारी खेमचंद मूसले के नेतृत्व मे वार्ड क्रमांक १७ स्थित अंबेडकर कॉलोनी में पुलिया के पास अतिक्रमण की शिकायतों का नि रखा स्करण करने पहुंचा था। यहां पूर्व पार्षद मुरली कुंगर की गुमटी और भाजपा दीनदयाल मंडल के पद धिकारी अजय जाट के कब्जे को लेकर शिकायतें लंबित थी। अधिकारियों ने पहले कुंगर को हटाने के लिए कहा तो मौके पर ने बहस शुरू हो गई। शिकायत के अनुतार गुमटी रखकर कारपेटरी का काम किया जा रहा है।

कुंगर ने शिकायत को रंजिशवश की गई कार्रवाई बताते हुए कहा कि शिकायतकर्ता मौके पर मौजूद नहीं है और उसका फोन भी नहीं लग रहा। इसी दौरान जाट के कब्जे से जुडी शिकायत को लेकर भी पक्ष आमने-सामने आ गए। लगातार बढ़ती कहासुनी के बीच कार्रवाई का माहौल बिगड़ गया और को बिना हटाए लौटना पड़ा। अब पुलिस बल भी नहीं होने से मौके कीअंबेडकर कॉलोनी में दो पक्ष हुए आमने-साधने, विवाद के बीच बिना कार्रवाई लौटी टीम वास्तविक स्थिति की जांच के बाद आगे की कार्यवाहकी जाएगी । जमीन पर पहले गुमटी रखी गई और बाद में तिरपाल की आड़ में पक्का निर्माण शुरू कर दिया गया। इसी मामले को लेकर क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से विवाद की स्थिति बनी हुई थी। यादव महासभा ने कलेक्टर से की शिकायत यादव महासभा अध्यक्ष मनीष गोयल के नेतृत्व में समाजजनों ने कलेक्टर के नाम आवेदन देकर निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। गोयल ने आरोप लगाया कि नारायणगिरी बाबा की भूमि पर पक्का निर्माण कर मुख्य रास्ता बाधित किया जा रहा है।

उनका कहना है कि नगरपालिका और जिला प्रशासन को कई बार लिखित शिकायतें दी गई हैं। उनके अनुसार जमीन शासकीय होकर नगर पालिका के स्वामित्व की है और यहां बाउंड्रीवॉल तथा मुख्य द्वार बनाए जाने का प्रस्ताव है।

## ओबीसी बालक छात्रावास की समस्याओं को लेकर एबीवीपी ने किया चक्काजाम

**मंदसौर।** दावतखेड़ी स्थित शासकीय ओबीसी बालक छात्रावास में पेयजल व अन्य मूलभूत सुविधाओं की मांग को लेकर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं और छात्रों ने रेवास-देवड़ा मुख्य मार्ग पर एक घंटे तक चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही तहसीलदार प्रेमशंकर पटेल, पुलिस बल और छात्रावास प्रबंधन मौके पर पहुंचे और छात्रों से चर्चा की। छात्रों ने तहसील दार को कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर बताया कि छात्रावास में पिछले दो महीनों से पीने के पानी की गंभीर समस्या है और वॉटर कूलर खराब पड़ा हुआ है। टंकियों का पानी दूषित होने के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। ज्ञापन में पानी की लैब जांच कराने, टंकियों की नियमित सफाई, वाई-फाई सुविधा शुरू करने, सुरक्षा गार्ड नियुक्त करने, सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि मांगे भी रखी। तहसीलदार के आश्वासन के बाद छात्रों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

## मंदसौर को बाल भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने के लिए कलेक्टर ने दिए कड़े निर्देश

**मंदसौर।** कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में सुशासन भवन के सभा कक्ष में जिला बाल कल्याण एवं संरक्षण समिति की त्रैमासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने मंदसौर शहर को बाल भिक्षावृत्ति से पूरी तरह मुक्त कराने के लिए पुलिस, श्रम, चिकित्सा और महिला एवं बाल विकास विभाग को संयुक्त टीम बनाकर प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देशित किया कि यदि भिक्षावृत्ति करते बच्चे पाए जाते हैं, तो उन्हें सुरक्षित स्थान पर लाएं और उनके माता-पिता को बच्चों से भिक्षावृत्ति न कराने की समझाइश दें।

**भव्यता ,भजनों से सांवलिया मंदिर परिसर मे मनाया "कृष्ण पर्व "**

**नीमच।** श्रीकृष्ण पाथेय न्यास, मध्यप्रदेश शासन के संस्कृति विभाग एवं जिला प्रशासन नीमच के संयुक्त तत्वावधान में जावद के सांवलिया सेठ मंदिर परिसर एवं वीरेंद्र कुमार सकलेचा सामुदायिक भवन में च्श्रीकृष्ण पर्वज का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं नागरिकों ने सहभागिता कर भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और लोक संस्कृति का आनंद लिया।


**नाम बदलने की सूचना**

मैं ABDUL HUDAIN MUNIMJIWALA निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं. 6 तहसील सुवासरा, सुवासरा मंडी इन्दौर (म.प्र.) 458888, आज की तारीख से मैं अपना नाम बदलकर ABDUL HUSAIN MUNIM कर रहा हूं।

इसलिये, मैं आम जनता को सूचित करता हूं कि इस तारीख से मुझे मेरे नए नाम ABDUL HUSAIN MUNIM से जाना और पहचाना जाए।

भवदीय,

ABDUL HUSAIN MUNIM
S/O SHUJAUDDIN
निवासी मकान नं. 447 वार्ड नं.6 तहसील सुवासरा, सुवासरा मंडी मन्दसौर (म.प्र.) 458888

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्रीमती सोनिया सितलानी पति राजू सितलानी पता-20-2 मुराई मोहल्ला जूनी इन्दौर पिन-1001123732 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-12**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री श्यामलाल ठाकुर पिता दयालदास ठाकुर पता-58 पलसीकर कालोनी एमराल्ड रिजेन्सी के प्रकोष्ठ क्रमांक 102 इन्दौर पिन-1001152330 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 12 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-12 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम इन्दौर**
**झोन क्रमांक-16**

**जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक- श्री रितेश शर्मा पिता श्री सुभाष शर्मा आवेदन क्रं. 855 दिनांक 08.09.2026 पता-212 मनुश्री नगर कालोनी ग्राम छोटा बांगडदा इन्दौर पिन-1004341760 नामांतरण एवं विभाजन संपत्ति या नामान्तरण चाहा गया है। इस जाहिर सूचना प्रकाशन से 15 दिवस की समयावधि के अन्तर्गत किसी भी व्यक्ति बैक, संस्था व अन्य को उक्त संपत्ति के नामातंरण पर आपत्ति हो तो झोन क्रमांक 16 के राजस्व विभाग में सहायक राजस्व अधिकारी के समक्ष अपनी आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नही की जावेगी।

**सहायक राजस्व अधिकारी झोन क्रं.-16 नगरपालिका निगम इन्दौर**

**कार्यालय नगरपालिका परिषद मन्दसौर (म.प्र.)**

दूरभाश – कार्यालय–405964 फेक्स–244246
(e-mail : cmomandsaur@mpurban.gov.in)

कमांक /3371 /जलकार्य शाखा /2026 — मन्दसौर, दिनांक 09/09/2026

:: ई-टेण्डरिंग निविदा आमंत्रण सूचना (प्रथम आमंत्रण) ::

सर्वसंबंधित व्यक्तियों/फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद, मन्दसौर को पुराने रामघाट फिल्टर प्लान्ट पर 150 एच.पी. के पम्प संचालित करने हेतु लगे 150एच.पी. के पुराने स्टार्टर के स्थान पर नवीन 150 एच.पी. स्टार्टर पेनल लगाया जाना है। जिस हेतु ऑन लाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा की संक्षिप्त जानकारी निम्नानुसार है :–

| क्र. | ऑन लाईन निविदा कमांक | कार्य का विवरण | अनुमानित व्यय | अमानत | निविदा प्रपत्र का मुल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 2026_UAD_534897/1 | पुराने रामघाट फिल्टर प्लान्ट पर 150 एच.पी. के पम्प संचालित करने हेतु लगे 150एच.पी. के पुराने स्टार्टर के स्थान पर नवीन 150 एच.पी. स्टार्टर पेनल लगाये जाने का कार्य | 2,70,262.00 (जी.एस.टी. अतिरिक्त) | 2702/- | 2000/- |

शर्तेः–
1. दरे समस्त टेक्स सहित देवे। दरे स्वीकृत करने का अधिकार सक्षम प्राधिकारी का होगा। इस संबंध में कोई आपत्ति मान्य नही होगी।
2. निविदा दाता/ठेकेदार का वाणिज्य कर विभाग में पंजीयन एवं पेन/टीन नम्बर के साथ जी.एस.टी. नम्बर होना आवश्यक है।
3. निकाय के कार्यादेश अनुसार सामग्री सप्लाय कर कम्पलीट पेनल तैयार कर निकाय द्वारा बताये स्थान पर इन्टोलेशन करना होगा
4. सामग्री घटाई या बढाई जा सकती है।
5. सामग्री की दर पृथक पृथक एवं कम्पलीट पेनल तैयार कर फिटींग करने सहित की दर पृथक से देना होगी।
6. समस्त सामग्री उचित गुणवत्ता की सप्लाय करनी होगी।
7. विवाद होने की स्थिति मे न्यायिक क्षैत्र मन्दसौर रहेगा।
8. उपरोक्त शर्तो मे से किसी भी शर्त का पालन नही पाये जाने पर निविदा नही खोले जाने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा।
9. निविदा के संबंध में आवश्यक शर्ते एवं अन्य जानकारी कार्यालयीन समय में निकाय की जलकार्य शाखा से समक्ष में उपस्थित होकर प्राप्त की जा सकती है।

निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25.9.26 सायंकाल 5.30 बजे तक है। जिसका विस्तृत विवरण वेबसाईट http://mptender .gov.in के Urban Administration and Development Department वाले खण्ड में देखा जा सकता है।

नोटः–यदि निविदा में किसी भी प्रकार का संशोधन अथवा परिवर्तन होता है तो वह केवल वेबसाईट पर प्रदर्शित होगा, उसके लिये पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद मन्दसौर



## बैंक ऑफ इंडिया में मनाया गया फाउंडेशन डे

**तराना।** बैंक ऑफ इंडिया के 121 वर्ष पूरे होने पर सोमवार को फाउंडेशन डे बनाया गया कार्यक्रम दोपहर 4:00 बजे नयापुरा स्थित बैंक आफ इंडिया की शाखा में बनाया गया। इस दौरान ब्रांच मैनेजर वेदांत चौधरी ने उपस्थित जनों को बैंक की योजनाओं की जानकारी दी। मैनेजर चौधरी ने होम लोन ,कार लोन, निवेश एवं फिक्स डिपॉजिट के बारे में बताया गया। साथ ही कहा कि ऋण पर सस्ती ब्याज दर बैंक ऑफ इंडिया की है। केसीसी जैसा लोन कही नही मिलता है। समय पर भरे इसको खराब नही करे। इस दौरान नीलेश पांचाल,जोगेंद्र राठौर, हर्ष श्रीवास्तव, जितेंद्र राठोर, विकास जाट, मनोहर चौधरी,सहित बैंक कर्मचारी, साथ ही बद्री पटेल बागोदा, नरेन्द्र कांनडी, गुमान सिह रूपाखेड़ी, गोरी शंकर पाटीदार, चम्पा लाल शर्मा, व्यापारी, किसान आदि शामिल रहे।

## बेसहारा पशुओं के लिए पशु श्मशान की मांग

**सुसनेर।** वार्ड क्रमांक 8 निवासी आयुषी बांगड़ ने नगर में बेसहारा गोवंश और श्वानों की समस्या के समाधान को लेकर नगर परिषद से स्थायी व्यवस्था करने की मांग की है। उन्होंने बेसहारा पशुओं की देखभाल के लिए गौ-श्वान कल्याण समिति गठित करने का सुझाव दिया है। प्रस्ताव में कहा गया है कि समिति के माध्यम से बेसहारा पशुओं के लिए नसबंदी, टीकाकरण, भोजन और उपचार की व्यवस्था की जाए। साथ ही मृत पशुओं के शवों के उचित निस्तारण के लिए सरकारी भूमि पर पशु श्मशान घाट अथवा दफन स्थल विकसित किया जाए।

## डा.आरिफ ने किया संतों का सम्मान



**तराना।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और चिकित्सक डाक्टर एस.एच. आरिफ ने नगर की श्री तिलभांडेश्वर महादेव की शाही सवारी में पधारे समस्त संतों और विशाल जनसमूह का पुष्प हाथों से स्वागत और अभिनन्दन किया। डाक्टर आरिफ के द्वारा इस प्रकार के आयोजनों में हमेशा सकारात्मक भूमिका रहती है। यहां गौरतलब बिंदु यह है कि डाक्टर आरिफ वर्षों से नगर के गरीब और पिछड़े तबके के लिए हमेशा निः शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं देते रहे हैं।

## बछ बारस को महिलाओं ने किया गौ माता का पूजन



**बड़नगर।** बछ बारस, महिलाओं का महत्वपूर्ण त्यौहार है। पुजारी देवपुरी गोस्वामी ने बताया कि इस अवसर पर पुत्रवती माताओ ने श्रद्धा और परंपरा के साथ गौ माता व बछड़े का पूजन किया। उन्होंने गाय को नए वस्त्र, पहनाए और कुमकुम, चावल से पूजन कर आरती की। इस दिन सुहागिन महिलाओं ने गाय के दूध तथा गेहूं की रोटी का सेवन नहीं किया तथा भोजन में ज्वार, मक्का, बेसन की रोटी का सेवन कर व्रत को पूर्ण किया। मान्यता है गाय में सभी देवता विराजमान है। महिलाओं ने गौ माता का पूजन कर बच्चों की लंबी उम्र एवं परिवार के लिए सुख समृद्धि की कामना की।

## जैन तपस्वी का सदस्यों ने की अनुमोदना

**महिदपुर रोड** नगर जैन समाज के कांठेड़ परिवार की स्नेहलता राजेश कांठेड़ तथा परिवार की तपस्विनी अंगुरबाला अनिल कांठेड़ की सर्व प्रयास संगठन की सदस्यों ने चातुर्मास के दौरान उनके द्वारा किये जा रहे सिद्धि तप की उनके निवास स्थान पर जाकर अनुमोदना की। तपस्वियों अनुमोदन के दौरान संगठन की प्रमिला त्रिवेदी, मोनिता पोरवाल, हेमलता उपाध्याय, हिमानी सेठिया आरती तनेजा आदि संस्था की महिला सदस्य मौजूद रही।

मुंबई में यूसीमास मक्सी के बच्चों का जलवा, राष्ट्रीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

# 4 विद्यार्थियों ने रनर-अप स्थान प्राप्त कर बढ़ाया शहर का गौरव, 10 विद्यार्थियों ने मेरिट में बनाई जगह

दैनिक अवन्तिका ▶▶ मक्सी



यूसीमास भारत की राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता इस वर्ष मुंबई में आयोजित की गई।प्रतियोगिता में यूसीमास मक्सी के विद्यार्थियों ने एक बार फिर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए मक्सी का नाम गौरवान्वित किया। प्रतियोगिता में देशभर के 6000 प्रतिभाशाली विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया, जिसमें यूसीमास मक्सी के विद्यार्थियों ने अपनी मेहनत, लगन और निरंतर अभ्यास के दम पर शानदार परिणाम हासिल किए।

प्रतियोगिता में लक्ष्य पटेल ने सेकंड रनर-अप स्थान प्राप्त किया। वहीं अक्षिता पटेल, मयंक प्रजापति एवं तन्वी मंडलोई ने फिफ्थ रनर-अप स्थान प्राप्त कर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इसके साथ ही हिमांशु मंडलोई, हृदया शर्मा, कृष्णा जलोदिया, मानांशु पटेल, निहारिका पटेल, निहारिका देवड़ा, प्राची सोनी, प्रियांशी बामनिया, उर्वशी देवड़ा एवं याशिक पटेल ने मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। वहीं हर्ष जांगिड़, ख्याति द्विवेदी, सागर पटेल एवं तन्मय शर्मा ने प्रतियोगिता में अपनी सहभागिता दर्ज कर संस्था का प्रतिनिधित्व किया।

यूसीमास मक्सी के निदेशक राहुल वर्मा ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन उनके नियमित अभ्यास, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने विद्यार्थियों के साथ-साथ अभिभावकों एवं शिक्षकों के सहयोग के लिए भी आभार व्यक्त किया।

### नगर आगमन पर विजेताओं का स्वागत

राष्ट्र स्तर पर नगर का नाम रोशन करने वाले विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों का नगर आगमन पर संस्था एवं गणमान्य नागरिकों द्वारा मक्सी रेलवे स्टेशन पर भव्य स्वागत किया गया। यूसीमास मक्सी की टीम ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी विद्यार्थियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए बेहतर प्रशिक्षण और मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## संभागीय कबड्डी में बेटियों का जलवा, इन्वेंचर किड्स एकेडमी बनी उपविजेता

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

कन्नौद में आयोजित अंडर-19 बालिका वर्ग की संभाग स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता में सुसनेर की इन्वेंचर किड्स एकेडमी की बालिका खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे उज्जैन संभाग में उपविजेता बनने का गौरव हासिल किया। टीम ने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट खेल प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए विभिन्न टीमों को पराजित कर फाइनल में प्रवेश किया।

प्रतियोगिता के दौरान इन्वेंचर किड्स एकेडमी की खिलाड़ियों ने पूरे आत्मविश्वास, जोश और खेल भावना के साथ मुकाबले खेले। लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए टीम ने फाइनल में अपनी जगह बनाई। फाइनल मुकाबला देवास की टीम के साथ हुआ, जिसमें दोनों टीमों के बीच कड़ा और रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। इन्वेंचर किड्स एकेडमी की खिलाड़ियों ने अंतिम समय तक संघर्ष करते हुए शानदार खेल का प्रदर्शन किया और प्रतियोगिता में उपविजेता का स्थान प्राप्त किया।

इन्वेंचर किड्स एकेडमी, सुसनेर की बालिकाओं की यह उपलब्धि इसलिए भी खास है, क्योंकि आगर मालवा जिले के कबड्डी इतिहास में पहली बार अंडर-19 बालिका वर्ग की टीम ने संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया है। सुसनेर की बेटियों की इस उपलब्धि से क्षेत्र में खुशी का माहौल है और खेल प्रेमियों ने खिलाड़ियों के प्रदर्शन की सराहना की है।

टीम की सफलता ने यह भी साबित किया है कि सुसनेर जैसे छोटे शहरों की बेटियां भी खेल के क्षेत्र में बड़े स्तर पर अपनी पहचान बना सकती हैं।

अवैध मदिरा के विरुद्ध आबकारी व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

## 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 12 हजार किलो महुआ लाहन जब्त, प्रकरण दर्ज

अवन्तिका ▶▶ ब्यावरा-राजगढ़



जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय पर रोक लगाने के लिए आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी के निर्देशन तथा जिला आबकारी अधिकारी रितेश कुमार लाल एवं पुलिस उप अधीक्षक प्रकाश शर्मा के मार्गदर्शन में जिलेभर में विशेष संयुक्त अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध मदिरा कारोबारियों के विरुद्ध सघन दबिश एवं जांच कार्रवाई की गई। कार्रवाई में 04 आपराधिक प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिए गए। साथ ही 40 लीटर हाथ भट्टी मदिरा एवं 12 हजार किलो महुआ लाहन जब्त कर विधिवत आबकारी विभाग के कब्जे में लिया गया।

आबकारी विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई से अवैध मदिरा कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप की स्थिति रही। आबकारी वृत्त ब्यावरा के अंतर्गत दूधी एवं कटारिया खेड़ी क्षेत्रों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीमों द्वारा जांच अभियान चलाकर अवैध गतिविधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई।

जिला आबकारी अधिकारी श्री लाल ने कहा कि जिले में अवैध मदिरा के निर्माण एवं विक्रय के विरुद्ध कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। अवैध मदिरा कारोबार में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

बेलगाम सांडों का तांडव

## पुराने बस स्टैंड से हाथी दरवाजा तक लड़े, दर्जनभर बाइकें रौंदी, बाजार में मची भगदड़

- व्यापारियों ने दुकानों के शटर गिराए
- स्कूटी सवार बुजुर्ग चपेट में आए

दैनिक अवन्तिका ▶▶ सुसनेर

नगर में आवारा मवेशियों की समस्या अब हादसों का सबब बनती जा रही है। सोमवार शाम करीब 6:30 बजे नगर के सबसे व्यस्ततम क्षेत्र में आवारा सांडों के आतंक का दिल दहला देने वाला नजारा देखने को मिला। पुराने बस स्टैंड पर दो विशालकाय सांड किसी बात पर आपस में भिड़ गए और लड़ते-लड़ते मुख्य बाजार की संकरी गली से होते हुए हाथी दरवाजा चौराहे तक पहुंच गए।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, दोनों सांड करीब 2 से 5 मिनट तक एक-दूसरे से भिड़ते रहे। इस दौरान वे पूरे बाजार में उत्पात मचाते रहे। सांडों की टक्कर से सड़क किनारे खड़ी एक दर्जन से अधिक मोटरसाइकिलें गिर गईं और कई बाइकें क्षतिग्रस्त हो गईं। सांडों को अपनी ओर आता देख बाजार में खरीदारी कर रहे लोगों में भगदड़ मच गई। कई दुकानदारों ने तो डर के कारण अपनी दुकानों के शटर तक गिरा दिए।

### बाल-बाल बचे बुजुर्ग

इसी अफरा-तफरी के बीच हाथी दरवाजा की ओर स्कूटी से आ रहे एक बुजुर्ग दोनों सांडों की चपेट में आ गए। सांडों की टक्कर से वे स्कूटी सहित सड़क पर गिर पड़े। मौके पर मौजूद युवाओं ने तत्परता दिखाते हुए उन्हें तुरंत किनारे किया। गनीमत रही कि उन्हें गंभीर चोट नहीं आई।

## म.प्र. राज्य कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों की लंबित मांगों के लिए सौंपा ज्ञापन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर

मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ भोपाल के आव्हान पर अनुविभागीय अधिकारी को प्रदेश के अधिकारी कर्मचारीयों के न्यायोचीत एवं लंबित मांगो पर निर्णय हेतु पुरानी पेंशन, ग्रेच्युटी की सीमा 25 लाख, केन्द्र के समान महंगाई भत्ता, 02 से अधिक संतानो की बाध्यता वाले आदेश निरस्ती, देनिक वेतन भोगी, संविदा कर्मचारी, स्थायीकर्मी कर्मचारीयों, एवं आउटसोर्स कर्मचारीयों को विभाग में रिक्त पदो के विरूद्व नियमीतीकरण व टीई टी परिक्षा को निरस्त करने संबंधी 23 सुत्रीय ज्ञापन दिया गया।

इस अवसर पर मध्यप्रदेश राज्य कर्मचारी संघ शाखा बडनगर के सम्स्त पदांधिकारी एवं सदस्यगण, प्रांतीय शिक्षक संघ ,बहुउदेश्य कर्मचारी संघ, भारतीय मजदुर संघ, मध्यप्रदेश बिजली संघ, मध्यपदेश शिक्षक संघ, मध्यप्रदेश आउटसोंस कर्मचारी संघ, मध्यप्रदेश नर्सिग आफिसर संघ, मध्यप्रदेश कृषि विस्तार अधिकारी संघ, अध्यपाक संघ, आदी संगठन के अध्यक्ष एवं सेकडो सदस्यगण , राज्य कर्मचारी संघ के बेनर तले उपस्थित हुए ज्ञापन का वाचन जिला प्रतिनिधी श्री अखिलेश जी पाठक द्वारा किया गया एवं उपस्थित समस्त अधिकारी कर्मचारी का आभार प्रदिप अजमेरा द्वारा व्यक्त किया गया ।जानकारी तहसील अध्यक्ष कन्हैयाल वर्फा द्वारा दी गई।

थिएटर में सैकड़ों युवा उद्यमियों ने देखी फिल्म

## संस्था युवा उद्यमी बड़नगर ने की हनुमान अंश फिल्म की निःशुल्क स्क्रीनिंग

दैनिक अवन्तिका ▶▶ बड़नगर




युवा उद्यमी संस्था द्वारा रविवार को स्थानीय दि-बॉक्स सिनेमा हॉल में युवा उद्यमियों का मिलन समारोह हनुमान अंश फिल्म के निःशुल्क प्रदर्शन के साथ आयोजित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य नगर के युवाओं को निःस्वार्थ सेवा और संस्कारों से जोड़ते हुए उद्यमिता और नवाचार के क्षेत्र में प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में बड़नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से करीब 100 से अधिक युवा उद्यमी शामिल हुए। सभी ने एक साथ बैठकर फिल्म का आनंद लिया। आज के दौर में युवा स्वरोजगार की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ऐसे समय में धर्म के संस्कार, मेहनत और ईमानदारी जैसे मूल्य ही उन्हें सफलता की ओर ले जा सकते हैं। इसी को ध्यान में रखकर यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान यह निर्णय भी लिया गया कि आगे भी युवा उद्यमी बड़नगर द्वारा हर माह ऐसे प्रेरणादायक आयोजन किए जाएंगे, जिसमें उद्योग विशेषज्ञ, सफल उद्यमी और मार्गदर्शक युवाओं का मार्गदर्शन करेंगे।इस अवसर पर कृष्णकांत गोयल,विनायक कोठारी,डॉ सारांश जैन,डॉ अंशुल गुप्ता,निलेश नीमा,अंकित खाबिया,डॉ अर्पित शर्मा,सुशांत संगतानी,नितेश गोधा,आदित्य गोलेचा,हर्ष जैन,सौरभ जैन,दीपक कल्याणी,डॉ विजय भाटी, आशीष रावका,दीपेश राबड आदि उपस्थित रहे।

# राजाधिराज धूर्जटेश्वर राजसी ठाठ के साथ निकले प्रजा का हाल जानने

- गॉर्ड ऑफ ऑनर के साथ बाबा की आगवानी

दैनिक अवन्तिका ▶▶ महिदपुर



अति प्राचीन भगवान धूर्जटेश्वर महादेव की भव्य राजसी सवारी मंगलवार को पूरे ठाठ-बाठ के साथ नगर भ्रमण पर निकाली गई। अपने राजा भगवान धूर्जटेश्वर को नगर भ्रमण पर देखकर पूरा शहर शिवमय हो गया। सवारी के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला।

सवारी से पूर्व मंदिर परिसर में बाबा धूर्जटेश्वर का विशेष रुद्राभिषेक किया गया। इसके पश्चात बाबा के पवित्र मुखौटे की महाआरती उतारी गई और उन्हें ह्यगॉर्ड ऑफ ऑनरह्व (सशस्त्र सलामी) देकर राजसी सवारी का शुभारंभ किया गया।

अति प्राचीन धूलेट मंदिर से प्रारंभ हुई सवारी सबसे पहले चोपड़ा हनुमान मंदिर पहुंची। यहां महाबली हनुमान जी की भव्य महाआरती की गई। इसके बाद श्री हनुमान जी महाराज भी एक देदीप्यमान मशाल के रूप में बाबा धूर्जटेश्वर की सवारी के साथ नगर भ्रमण पर शामिल हुए।

भव्य सवारी में हाथी, घोड़े, बग्गी, ऊंट, आदिवासी नृत्य, अघोरी नृत्य, आदिवासी अघोरी बाल नृत्य, कंकाल के ढेर पर विराजे शिव पार्वती, अखाड़े आकर्षण का केंद्र रहे। वहीं बड़नगर से विशेष मलखंभ एवं रोप मलखंभ अखाड़ा भी शामिल हुआ। इसके साथ ही कोटा की नृतकों की पूरी टीम, गोरिला, जोकर आदि भी सवारी में शामिल रहे। सवारी में कई डीजे भी शामिल हुए, जिन पर युवा अलग ही उत्साह के साथ झूमते नजर आए। जय हिंद बैंड में गायक अनिल उज्जैनी एवं रवि खींची द्वारा विशेष भजनों की प्रस्तुति भी आकर्षण का केंद्र रही।

सवारी के आखिर में बाबा धूर्जटेश्वर महादेव पूरे शाही लवाजमे के साथ प्रजा का हाल जानने नगर भ्रमण कर रहे थे। सवारी नगर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरी। पूरे मार्ग में सामाजिक, व्यापारिक एवं राजनीतिक संगठनों द्वारा जगह-जगह स्वागत मंच लगाए गए, जहां शिव बाबा का आत्मीय स्वागत किया गया।

भगवान धूर्जटेश्वर की आगवानी के लिए नगर में लगभग 150 स्वागत मंच लगाए गए थे। इसके साथ ही अनेक दुकानों एवं घरों से भी बाबा महादेव का स्वागत किया गया। पूरे नगर में श्रद्धा और उत्साह का माहौल रहा। सवारी में पूर्व भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक बहादुर सिंह चौहान, विधायक दिनेश जैन बॉस, जिला पंचायत सदस्यगण, जनपद अध्यक्ष, नपा अध्यक्ष, उपाध्यक्ष एवं पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण, पत्रकार, अधिकारीगण, भक्तगण एवं गणमान्य जनता शामिल रही।

नगर भ्रमण करते हुए भव्य सवारी किला घाट पहुंची, जहां शिप्रा नदी तट पर बाबा धूर्जटेश्वर की पावन महाआरती संपन्न हुई। इसके पश्चात सवारी पुनः मंदिर परिसर की ओर रवाना हुई। इसी बीच रणजीत हनुमान मंदिर चौक बाजार में भी महाआरती की गई।

इसके बाद सवारी पुनः धूलेट मंदिर प्रांगण पहुंची, जहां आरती एवं प्रसाद वितरण के साथ राजसी सवारी का विश्राम हुआ। पूरी सवारी के दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम रहे। भजनों की धुन पर श्रद्धालु झूमते नजर आए और पूरा नगर भगवान धूर्जटेश्वर महादेव की भक्ति में सराबोर रहा।

## खाचरौद में 1.20 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन संपन्न

**खाचरौद।** नगर पालिका परिषद खाचरौद द्वारा वार्ड क्र. 01, 02 एवं नागदा रोड़ पर विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन/कार्य शुभारंभ कार्यक्रम 8 सितम्बर को श्री टाट वाले बाबा का आश्रम, जावरा रोड़ खाचरौद पर संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुल लगभग 1 करोड़ 20 लाख 88 हजार रुपये की लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष गोविन्द भरावा ने की। भरावा ने बताया कि वार्ड 01 में आंगनवाड़ी भवन निर्माण लागत 11.22 लाख, वार्ड 02 में आंगनवाड़ी भवन निर्माण लागत 11.22 लाख, नागदा रोड़ पर शॉपिंग कॉम्प्लेक्स निर्माण लागत 81.86 लाख शामिल है। वहीं विधायक निधि के अंतर्गत वार्ड क्र. 01,02 श्रीराम कॉलोनी जावरा रोड़ से पांचाल धर्मशाला की ओर मुख्य मार्ग जहाँ तक बस्ती बनी हुई है तथा इसी कॉलोनी में टाटवाले बाबा की कुटिया के पास गलियों में सीमेंट कांक्रीट रोड़ निर्माण कार्य लागत राशि 16.58 लाख रुपये का भूमिपूजन भी किया गया। यह कार्य विधायक निधि राशि 10.00 लाख से स्वीकृत है। विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान ने कहा - ‘खाचरौद के विकास के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। आंगनवाड़ी भवन बनने से नौनिहालों को अच्छी सुविधा मिलेगी और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स बनने से नगर पालिका की आय में वृद्धि होगी और स्थानीय व्यापारियों को लाभ मिलेगा।



## 160 से अधिक आराधकों का तत्त्व आलता श्रीजी मसा की निश्रा में बहुमान सम्पन्न

**महिदपुर।** महिदपुर नगर में मंगलमय वरदाय चातुर्मास हेतु विराजित साध्वी तत्वलता श्रीजी मसा आदि ठाणा की पावनकारी निश्रा में महिदपुर सकल जैन संघ के चोविहार छठ करके शाश्वत गिरिराज शत्रुंजय तीर्थ की सात यात्रा करने वाले 160 से अधिक आराधकों का बहुमान शत्रुंजय छठ ग्रुप के द्वारा शांतिनाथ आराधना भवन में किया गया । इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम साध्वीजी के मांगलिक प्रवचन हुए जिसमें उन्होंने इस यात्रा के बारे में बताया कि यह यात्रा आराधक को तीसरे भव में मोक्ष प्रदान करने वाली यात्रा है, शत्रुंजय महात्म्य में ज्ञानी भगवंत ने बताया है कि इस गिरिराज पर एक उपवास करने से एक करोड़ का दान देने जितना फल मिलता है , साहेब जी ने बताया कि यदि जीवन में कुछ पाना है तो सीधा चल यानि सिद्धाचल की ओर चल । साहेब जी के प्रवचन के पश्चात सभी आराधकों का बहुमान तपागच्छ संघ के अध्यक्ष संजीव मण्डलेचा सोनी, ज्ञानचंद कोचर, सुभाष चापड़ीबंद, श्रीपाल चोपड़ा, आशुतोष छजलानी, ललित मेहता, पीयूष सकलेचा एवं समाज के अन्य प्रबुद्धजनों ने आराधकों का बहुमान किया। इस कार्यक्रम में संगीत से माहौल को भक्तिमय संगीतकार अंकुश मेहता ओर पार्टी ने बनाया।

## फूलमाली धर्मशाला परिसर में हुए अवैध निर्माण को प्रशासन ने हटाया



**ब्यावरा।** बीती रात फूलमाली समाज धर्मशाला एसडीएम निवास रोड ब्यावरा में धर्मशाला परिसर में विष्णु पिता कन्हैयालाल द्वारा 05 सितंबर 2026 की रात्रि में अवैध रूप से दीवार का निर्माण किया गया जिसे लेकर समाज ने नगर पालिका एवं एसडीएम को सोमवार को ज्ञापन दिया गया जिसमें समाज द्वारा दिए ज्ञापन में शीघ्र ही अवैध निर्माण हटवाने की बात कही थी जिस पर मंगलवार को पुलिस प्रशासन राजस्व विभाग, पटवारी, तहसीलदार ,नगर पालिका की टीम ने जांच कर मोका मुआयना किया गया जिसमें धर्मशाला पर अतिक्रमण निर्माण पाया गया, निर्माण को प्रशासन की टीम ने हटा दिया। अतिक्रमण हटाने के दौरन बड़ी संख्या में प्रशासन की टीम एव फूलमाली समाज के बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे।

## विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के स्टाफ ने की माउंटोपिया की मनोरम एवं रोमांचक यात्रा



**बड़नगर।** स्थानीय विद्यांजलि इंटरनेशनल स्कूल के स्टाफ सदस्यों द्वारा आपसी सौहार्द, टीम भावना एवं कार्य के प्रति नई ऊर्जा का संचार करने के उद्देश्य से माउंटोपिया की मनोरम एवं रोमांचक यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा के दौरान स्टाफ सदस्यों ने प्राकृतिक वातावरण एवं मनोरम दृश्यों का आनंद लिया। साथ ही विभिन्न साहसिक एवं मनोरंजक गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेकर यात्रा को यादगार बनाया। समस्त स्टाफ सदस्यो ने एक-दूसरे के साथ समय बिताते हुए आपसी सहयोग, समन्वय और भाईचारे की भावना को मजबूत किया। यात्रा के दौरान स्टाफ सदस्यों में खासा उत्साह देखने को मिला। सभी ने दैनिक कार्यों से अलग हटकर प्रकृति के बीच खुशनुमा पलों का आनंद लिया और नई ऊर्जा के साथ विद्यालय लौटने का संकल्प लिया। विद्यालय संचालक मनोज संगतानी , प्राचार्या इंदु पंजाबी ने कहा कि इस प्रकार की यात्राएं स्टाफ सदस्यों के बीच आपसी संबंधों को मजबूत करने के साथ-साथ टीम भावना और कार्यक्षमता को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।

## 450 किलोमीटर पैदल चलकर बड़िया पहुंचे श्रद्धालु, अखंड दिव्य ज्योत का हुआ भव्य स्वागत

**सुसनेर।** समीपस्थ ग्राम बड़िया में मंगलवार को श्रद्धा और आस्था का अनूठा नजारा देखने को मिला। राजस्थान के सुरसुरा किशनगढ़ से श्रद्धालु करीब 450 किलोमीटर का सफर पैदल नंगे पैर तय कर अखंड दिव्य ज्योत लेकर ग्राम बड़िया पहुंचे। श्रद्धालु 4 सितंबर की सुबह 6 बजे सुरसुरा किशनगढ़ से रवाना हुए थे। इस दौरान उन्होंने किशनगढ़, केकड़ी, देवरी, टोंक, बूंदी, कोटा, झालावाड़ और सोयत होते हुए पैदल यात्रा पूरी की। यात्रा का सुसनेर पहुँचने पर स्वागत किया गया।

# गर्ल्स के लिए ये ग्रूमिंग टिप्स, जो खूबसूरती में लगाएंगे चार चांद...



आज के ट्रेंडिंग दौर में हर कोई खूबसूरत और आकर्षित दिखना चाहता है. घर हो, ऑफिस हो या फिर खुद के लिए सुंदर दिखने की ख्वाहिश हो, आजकल प्रेजेंटेबल और बेहतर ढंग से तैयार होने का महत्व काफी बढ़ गया है. पर्सनल ग्रूमिंग से न सिर्फ आप अच्छी नजर आती,बल्कि आपका आत्मविश्वास भी बढ़ता है और आपकी पर्सनालिटी भी बढ़ती है. आज हम आपको इस लेख के जरिए कुछ खास पर्सनल ग्रूमिंग टिप्स बताने जा रहे है.

### हेल्थी डाइट लें

फिजिकली फिट रहना भी बहुत जरूरी है। इसलिए फिट रहने के लिए हेल्थी डाइट लेना बेहद महत्वपूर्ण है। बैलेंस्ड डाइट से ना सिर्फ आप अपना वजन कम कर सकती हैं, बल्कि यह मेटाबॉलिज्म को भी दुरुस्त रखता है। आप शारीरिक और मानसिक रूप से अच्छा महसूस करेंगी, तो सभी कार्य भी बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगी।

### त्वचा की देखभाल जरूरी है

सबसे पहले इस बात का ध्यान जरुर रखे कि आपकी आपकी स्किन कैसी है उसी के अनुसार अपनी स्किन की देखभाल करें। आपकी स्किन किस प्रकार की है, उसे जानकर ही मेकअप और स्किन केयर रूटीन को फॉलो करें। बेहतर है कि आप त्वचा को हेल्दी और ग्लोइंग बनाने के लिए किसी एक्सपर्ट की राय ले लें, क्योंकि जब आपकी त्वचा ग्लो करेगी, तो पूरी पर्सनैलिटी बेहतर लगेगी। आप केमिकल युक्त ब्यूटी केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल कम करें। डेली स्किन केयर रूटीन बनाएं।

### महीने में एक बार जरूर जाएं ब्यूटी पार्लर

स्किन और हेयर्स अगर स्वस्थ नजर आते है, तो आपकी पर्सनैलिटी आकर्षण नजर आती है। बाल, त्वचा, हाथों-पैरों की देखभाल अच्छी तरह से करना बेहद आवश्यक है। आप चाहे एक महीने में एक बार पार्लर जरूर जाएं। अच्छी तरह से दिखने के लिए थ्रेडिंग और अप्पर लिप के बालों को हटाना भी बहुत जरूरी है। वैक्सिंग नियमित रूप से कराएं।

### लाइट मेकअप करें

हर दिन हेवी मेकअप करके ऑफिस या कहीं बाहर जाना अच्छा नहीं होता। साथ ही मेकअप बिल्कुल भी ना करना भी ठीक नहीं। ऐसे में आप लाइट मेकअप करें। मेकअप दिन और रात के अनुसार ही करें। काजल, कॉम्पैक्ट पाउडर, हल्के रंग की लिपस्टिक लगा सकती हैं। यह सिंपल मेकअप लुक आपको प्रेजेंटेबल और अच्छी तरह से तैयार दिखने में काफी मदद करता है।

### बाल कटवाती रहें


हर समय एक हेयर स्टाइल रखने आपकी पेसोर्नैलिटी पर इफेक्ट पड़ता है। साल में या हर 6 महीने हेयर कट जरूर करवाएं इससे आपको परफेक्ट लुक मिलेगा। आप अलग-अलग हेयर कट ट्राई कर सकते है। खुले, बिखरे, डल और बेजान बालों से आपका व्यक्तित्व खराब नजर आता है। बता दें कि, अपने चेहरे के आकार के अनुसार हेयर कट करवाएं। इसके साथ ही आप स्प्लिट एंड्स से छुटकारा पाने के लिए हेयर ट्रिम करवा सकते है।

### बॉडी ओडोर का जरूर ध्यान दें

कुछ लोगों के पसीने से अधिक दुर्गंध आती है। ये दुर्गंध भीड़ में आपको शर्मिंदा कर सकती है। बॉडी ओडोर व्यक्ति के आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान को प्रभावित करता है, इसलिए अपने लिए अच्छी क्वालिटी का परफ्यूम, डियो चुनें। अत्यधिक पसीना आता है, तो डिओडोरेंट्स का भी उपयोग कर सकती हैं।अब हर बॉडी शेप पर सभी कपड़े सूट नही करते। ऐसे में कपड़ों का चुनाव अपनी बॉडी टाइप के अनुसार ही करना चाहिए। कपड़े शरीर में अच्छी तरह से फिट हों, आप पर सूट करें। वैसी ही ड्रेस खरीदें, जिसमें आप कंफर्टेबल महसूस करे। आपका ड्रेसिंग सेंस, पहनावे का तरीका भी आत्मविश्वास को बढ़ाता है।

# गर्ल्स का परफैक्ट ब्यूटी पार्टनर: स्ट्रैटनिंग ब्रश

**इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं।**



कालेज, औफिस या दोस्तों के साथ आउटिंग हो तो हर मौके पर लड़कियां चाहती हैं कि उन के बाल मिनटों में सलीकेदार और स्टाइलिश दिखें। यही वजह है कि स्ट्रैटनिंग ब्रश तेजी से उन का पसंदीदा हेयर टूल बनता जा रहा है। इस्तेमाल में आसान पारंपरिक स्ट्रैटनर की तुलना में स्ट्रैटनिंग ब्रश इस्तेमाल में आसान होते हैं और बालों को प्राकृतिक वौल्यूम भी देते हैं। कुछ ही मिनटों में फ्रिज कम हो जाता है और बाल मुलायम व चमकदार दिखने लगते हैं। यही कारण है कि व्यस्त

### बाजार में हैं कई औप्शन

सही तापमान पर और हीट प्रोटैक्टेंट के साथ इस्तेमाल करने पर स्ट्रैटनिंग ब्रश न केवल समय बचाते हैं, बल्कि हर दिन खूबसूरती और आत्मविश्वास भी देते हैं। स्ट्रैटनिंग ब्रश बालों को एकसाथ सुलझाते और सीधा करते हैं, जिस से समय और मेहनत दोनों की बचत होती है। इन से बालों में प्राकृतिक वौल्यूम बना रहता है, इसलिए लुक अधिक नैचुरल दिखता है।

## डैंड्रफ से हैं परेशान, तो ट्राई करें ये

हर महिला अपने बालों का खास खयाल रखती है। इस के लिए कई सारे उपाय भी अपनाती है, लेकिन कई बार जानकारी के अभाव में बालों को और नुकसान पहुंचा लेती है जिस से डैंड्रफ जैसी समस्याएं सामने आ सकती हैं। इस से आप के बाल सूखे और बेजान दिखने लगते हैं।

आजकल बाजार में कई ऐसे प्रोडक्ट्स हैं जो डैंड्रफ को कम करने का वादा करते हैं, लेकिन अकसर कैमिकल बालों के लिए हानिकारक होते हैं। इसीलिए यहां आप को प्राकृतिक और हर्बल सामग्री वाले हेयर मास्क अपनाने की सलाह दी जा रही है जो बालों की समस्या से निबटने के लिए अच्छा विकल्प हो सकते हैं।

**दही, शहद और नीबू का मास्क0** नीबू के रस में साइट्रिक ऐसिड बालों के पीएच को बैलेंस करने में मदद कर सकता है, दही बालों के डैमेज में सुधार और कंडीशनिंग में मदद कर सकती है और शहद से डैंड्रफ जैसी समस्या में सुधार हो सकता है। सामग्रीः 1/2 कप दही, 1 बड़ा चम्मच नीबू का रस, 1 बड़ा चम्मच शहद। विधिः सारी सामग्री को एक कटोरे में मिला कर पतला मिश्रण तैयार करें। इस मिश्रण को बालों की जड़ों से शुरू कर सिरे तक लगाएं।

# Sport

### वर्ल्ड कप में नारंगी जर्सी पर विवाद हुआ था, हॉकी इंडिया ने ड्रेस बदली

## भारतीय हॉकी टीम नीली जर्सी में ही एशियन गेम्स खेलेगी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

जापान में होने वाले एशियन गेम्स में भारतीय हॉकी टीम एक बार फिर नीली जर्सी में नजर आएगी। नीदरलैंड्स और बेल्जियम में खेले गए हॉकी वर्ल्ड कप के दौरान भारतीय पुरुष और महिला टीमों की प्राइमरी किट नारंगी कर दी गई थी।



जर्सी बदले जाने पर काफी विवाद हुआ था। कई पूर्व हॉकी खिलाड़ियों ने इसे गलत बताया था। इसे देखते हुए अब हॉकी इंडिया ने एशियन गेम्स के लिए अपना फैसला बदल दिया है।

हॉकी इंडिया ने 27 जुलाई को जर्सी बदलने का कारण बताते हुए कहा था कि ऐसा नीले रंग के टर्फ की वजह से किया गया था। कहा गया कि नीली जर्सी के कारण भारतीय खिलाड़ियों को अपने साथी प्लेयर्स को देखने में दिक्कतें आ रही थीं। हालांकि पूर्व कप्तानों धनराज पिल्ले, वीरेन रासकिन्हा, परगट सिंह, अजीत पाल सिंह और वासुदेवन भास्करन ने इस बदलाव की कड़ी आलोचना की थी।

इस विवाद पर हॉकी इंडिया के भीतर भी खींचतान देखने को मिली थी। अध्यक्ष दिलीप तिर्की ने बयान दिया था कि यह फैसला उनकी जानकारी के बिना लिया गया, जबकि सचिव भोला नाथ सिंह का दावा था कि सभी अधिकारियों को इसकी जानकारी थी।

जापान रवानगी से ठीक पहले हॉकी इंडिया ने अपने इस फैसले को वापस ले लिया। हॉकी इंडिया के कोषाध्यक्ष शेखर मनोहरन ने पुष्टि करते हुए कहा- ह्यभारतीय ओलंपिक संघ (क्चइअ) ने हमसे किट की पहली पसंद पूछी थी। हॉकी इंडिया ने पहली प्राथमिकता नीले रंग को और दूसरी प्राथमिकता नारंगी रंग को दी है।'

### भारतीय टीम के हेड-कोच के आवेदन पर आशीष नेहरा बोले

पूर्व भारतीय क्रिकेटर और गुजरात टाइटन्स के हेड कोच आशीष नेहरा ने भविष्य में टीम इंडिया के हेड कोच पद के लिए आवेदन करने पर कहा है कि इंटरनेशनल कोचिंग में साल के 8-9 महीने यात्रा करनी पड़ती है, जो काफी मुश्किल है। नेहरा ने मजाक में कहा कि इस पद के लिए उन्हें अपनी पत्नी रुश्मा से मंजूरी लेनी होगी, वरना तलाक हो सकता है। उन्होंने कोलकाता में उअइ एनुअल अवॉर्ड्स समारोह में यह बात कही। नेहरा ने कहा कि टीम इंडिया का हेड कोच बनना सम्मान की बात होगी, लेकिन उन्होंने इसे अपनी महत्वाकांक्षा नहीं बनाया है। उन्होंने कहा कि वह अभी गुजरात टाइटन्स के साथ काफी खुश हैं।

### रोहित यादव अंडर-19 ऑस्ट्रेलिया सीरीज से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत की अंडर-19 टीम से बाहर किए गए रोहित यादव की जगह आर्यन सावसानी और तन्मय बलोदा को शामिल किया गया है। आर्यन को ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए, जबकि तन्मय को मल्टी-डे मैच के लिए टीम में चुना गया है। बंगाल के लेग स्पिनर रोहित यादव पर एज फ्रॉड के लिए इउउकने शुक्रवार को 2 साल का बैन लगाया था। वे जुलाई में श्रीलंका दौरे पर गई भारत की अंडर-19 टीम का हिस्सा थे। उम्र में गड़बड़ी सामने आने के बाद उन्हें तुरंत टीम से बाहर कर दिया गया। रोहित पर कार्रवाई की जानकारी क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ बंगाल की प्रक्रिया के तहत सामने आई।

### नैनो न्यूज

- **जूनियर हॉकी में भारत जीता-** पुरुष जूनियर एशिया कप में भारत ने दक्षिण कोरिया को 7-3 से हराकर शानदार जीत दर्ज की।
- **महिला हॉकी टीम रवाना-** भारतीय महिला हॉकी टीम एशियन गेम्स के लिए जापान रवाना हो गई। टीम की नजर स्वर्ण और 2028 ओलंपिक क्वालिफिकेशन पर है।
- **सात्विक-चिराग की नई चुनौती-** चीन मास्टर्स जीतने के बाद सात्विक और चिराग अब एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक बचाने की तैयारी में जुट गए हैं।
- **शूटिंग में रुद्राक्ष तैयार-** रुद्राक्ष पाटिल एशियन गेम्स में 10 मीटर एयर राइफल और 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।
- **तीरंदाजी में शीतल देवी पर नजर-** वर्ल्ड आर्चरी पैरा सीरीज में भारतीय तीरंदाज शीतल देवी आज चुनौती पेश कर रही हैं।
- **ग्लोबल चेस लीग जारी-** ग्लोबल चेस लीग में भारतीय खिलाड़ियों की टीमें आज मुकाबलों में उतर रही हैं।
- **बिग बैश में निजी निवेश-** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बिग बैश लीग में निजी निवेश का रास्ता खोल दिया है। मेलबर्न रेनेगेड्स से प्रक्रिया शुरू होगी।
- **गिल का 27वां जन्मदिन-** भारतीय टेस्ट और वनडे कप्तान शुभमन गिल आज 27 साल के हो गए। युवराज सिंह और राजीव शुक्ला ने उन्हें शुभकामनाएं दीं।

## दलीप ट्रॉफी फाइनल- तिलक अर्धशतक लगाकर नाबाद

**तीसरे दिन साउथ जोन 242/6, ईस्ट जोन से 466 रन पीछे; पडिक्कल ने 62 रन बनाए**

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दलीप ट्रॉफी का फाइनल ईस्ट जोन और साउथ जोन के बीच चेन्नई में खेला जा रहा है। मंगलवार को तीसरे दिन का खेल खत्म होने तक साउथ जोन ने पहली पारी में 6 विकेट पर 242 रन बना लिए हैं। टीम अभी ईस्ट जोन के पहली पारी के स्कोर से 466 रन पीछे है। ईस्ट जोन ने पहली पारी में 708 रन बनाए थे। मुकाबले के चौथे दिन का खेल बुधवार सुबह 9:30 बजे से शुरू होगा।



साउथ जोन की शुरूआत खराब रही और 10 रन के स्कोर पर रिकी भुई 1 रन बनाकर आउट हुए। इसके बाद नारायण जगदीशन और देवदत्त पडिक्कल ने दूसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। जगदीशन 32 रन बनाकरआउट हुए। पडिक्कल और शेख रशीद ने तीसरे विकेट के लिए 56 रन जोड़े। रशीद 27 रन बनाकर पवेलियन लौटे। इसके बाद देवदत्त पडिक्कल 62 रन बनाकर आउट हुए। कप्तान तिलक वर्मा ने रविचंद्रन स्मरण (23) के साथ पांचवें विकेट के लिए 45 रन जोड़े। तिलक और श्रेयस गोपाल (26) ने छठे विकेट के लिए 66 रन की साझेदारी की। दिन का खेल खत्म होने पर तिलक वर्मा 56 रन और चामा मिलिंद 2 रन बनाकर नाबाद हैं। ईस्ट जोन के लिए मोहम्मद शमी और मुकेश कुमार ने 2-2 विकेट झटके। शिखर मोहन को एक विकेट मिला। दलीप ट्रॉफी में ईस्ट जोन के उपकप्तान वैभव सूर्यवंशी ने तीसरे दिन टीम को पहला विकेट दिलाने में अहम भूमिका निभाई।

### ईशान किशन ने 270 रन की पारी खेली

ईस्ट जोन की ओर से पहली पारी में कप्तान ईशान किशन ने 270 रन बनाए। उन्होंने 334 गेंदों का सामना करते हुए 30 चौके और 7 छक्के लगाए। कुमार कुशाग्र ने 101, शिखर मोहन ने 85 और अभिमन्यु ईश्वरन ने 72 रन बनाए। वैभव सूर्यवंशी ने भी 37 गेंदों पर 44 रन की तेज पारी खेली। साउथ जोन की ओर से पहली पारी में त्रिपुराना विजय ने सबसे ज्यादा 4 विकेट झटके। चामा मिलिंद और श्रेयस गोपाल ने 2-2 विकेट लिए। शेख रशीद को एक विकेट मिला। अभिमन्यु ईश्वरन रन आउट हुए।

**दुकान बेचना है**
प्राईम लोकेशन कंठाल चौराहा की दुकान बेचनी है।
साईज - 10x11
हाईट- 15 फीट
मोबाइल
8518800456
9981310034

**आवश्यकता**
अशासकीय विद्यालय श्री संस्कृति कॉ. मि. स्कूल भैरवगढ़ में अध्यापन हेतु शिक्षक-शिक्षिकाओं की आवश्यकता है- अनुभवी एवं प्रशिक्षित को प्राथमिकता-
योग्यता- B.ED/D.ED/Deled
वेतन- 7000 से 8000 प्रतिमाह
राजेश राव हाण्डे- 9977588698
Head Master
Shri Sanskriti Convent Middle School, Bhairavgar

**किराए से देना है**
शहर के मध्य, पुराने दारू गोदाम के सामने, बुनकर समिति के अंदर 1500 & 2000 SQFT कमर्शियल व गोडाउन उपयोग हेतु 16 फीट ऊंचाई टीन शेड, बोरिंग सुविधा, अटैच लेट-बाथ, सर्व सुविधा युक्त
6267735937

**खरीदना / किराए से चाहीए**
उज्जैन में कोई भी छोटी होटल या होम स्टे, जो चालू अवस्था में हो खरीदना / किराए से चाहीए
संपर्क
9893374872

**जमीन बेचना है**
ग्राम सुमराखेड़ा (तहसील तराना) में मेन रोड से एक खेत छोड़कर रेल पटरी से दक्षिण दिशा में भूमि खेत साढ़े तीन बीघा एवं बिड़ ढाई बीघा बेचना है।
संपर्क करें
940 6801069

**मकान बेचना है**
साईज 16X25, चार मंजिला होमस्टे हेतु उपयुक्त। कुंआ, दुकान सहित मकान बेचना है
पता
रामरतन शर्मा मार्ग, उज्जैन
फोन: 7869850570
9827832632

**बेचना है**
अगरबत्ती का कारखाना बेचना है, वियतनाम ऑटोमैटिक मशीन। ड्रायर मिक्सर और अन्य सामान बेचना है। स्थान- नागझिरी, उज्जैन
संपर्क
9111328540

**किराए से देना है**
ऑफिस किराए से देना है सी/21 नानाखेड़ा बस स्टैंड के सामने श्रीगंगा के ऊपर प्रथम मंजिल फ्रंट साईड लगभग 500 वर्ग फिट फाइनेंस कंपनी,या मोबाईल कंपनी को प्राथमिकता दी जावेगी
संपर्क करें - रवि गुप्ता
9926466157

**आवश्यकता है**
दुकान पर काम करने हेतु युवक-युवती की। पेन्ट-शर्ट बनाने वाले कारीगर की भी आवश्यकता है।
संपर्क करें
9575555715,
9425094114

**रद्दी बेचना है**
अखबारी फ्रेश रद्दी, थोक रेट में टनों से 10-10 किलो के बंडल में बेचना है
संपर्क
7773077762

**प्रॉपर्टी बेचना है**
प्रॉपर्टी बेचना है इंदौर में 1. 700, sqft शॉप मेन रोड, 2. 1500,sqft plot भवर कुआं चौराहे पर, 3. 1500,sqft plot पर बना हुआ शोरूम मेन खंडवा रोड पर, 4. 2,लाख किराए पर लगे बैंक, 5. हॉस्टल विष्णुपुर में, 6. शोरूम विजय नगर में, 7. 1200,sqft रानी बाग में 8. 1500,sqft इंद्रपुरी में 9. रेस्टोरेंट विजय नगर में, 10। लक्जरी फार्म हाउस
संपर्क करें
पीसी राजपूत रीयल एस्टेट
9893713817

**प्रवेश प्रारंभ**
आवश्यकता है:- शिक्षक / शिक्षिकाओ की
(अंग्रेजी माध्यम स्कूल में)
योग्यता :- ग्रेजुएट, पोस्ट ग्रेजुएट,
आफिस समय
10 से 01 बजे तक
आवेदन: 23-06-2026
सेन्ट मदार कान्वेंट स्कूल
36, मदार गेट सरदार स्टील के पास उज्जैन
फोन नम्बर:-2557390

**आवश्यकता**
छुरी वाली कटिंग मशीन एवं सर्कलकटिंग मशीन ऑपरेटर की जो दोनों मशीन चलाना जानता हो, चौकीदार की जो रात दिन फैक्ट्री पर रह सके।
संपर्क करे
श्री हरि पेपर इंडस्ट्री
8 मक्सी रोड इंडस्ट्रियल एरिया प्रवाह पेट्रोल पंप के पीछे, उज्जैन
मोबाइल 9425358095

## न्यूज कॉलम

### धार में 5600 लीटर गुड़ लहान जब्त, 5 केस दर्ज किए

**धार।** धार कलेक्टर राजीव रंजन मीना के निर्देश पर आबकारी विभाग ने जिले में अवैध शराब के खिलाफ अभियान चलाते हुए बड़ी कार्रवाई की। उपायुक्त आबकारी संभाग इंदौर इंदर सिंह जामोद और सहायक आबकारी आयुक्त धार दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में संयुक्त टीम ने अलग-अलग इलाकों में दबिश दी। जिला कंट्रोलर प्रशांत मंडलोई के नेतृत्व में टीम ने सूरजपुरा नाले, सूरजपुरा तालाब किनारे और सादी नदी-मूसपुरा क्षेत्र में कार्रवाई की। इस दौरान कुल 5600 लीटर गुड़-लाहन और 75 लीटर कच्ची शराब जब्त की गई। मामले में मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 संशोधन 2000 की धारा 34(1) के तहत 5 प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

### बामनिया में बाइक की टक्कर से ड्राइवर की मौत

**झाबुआ।** झाबुआ जिले के बामनिया में मंगलवार देर शाम करवड़ रोड पर तेज रफ्तार बाइक ने घर से बाहर निकल रहे एक व्यक्ति को टक्कर मार दी। हादसे में बामनिया निवासी लाला डामर की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, बाइक चालक विदेश वसुनिया गंभीर रूप से घायल हो गया। लाला पेशे से ड्राइवर थे। वह खाना खाने के बाद घर से बाहर निकले थे। इसी दौरान बामनिया की ओर से आ रही बाइक ने उन्हें टक्कर मार दी। विदेश बामनिया से अपने गांव छायन लौट रहा था। टक्कर के बाद लाला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक विदेश गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद दोनों को पेटलावद सिविल अस्पताल लाया गया। घायल विदेश का इलाज चल रहा है।

### जयस ने भाजपा प्रवक्ता को भेजा नोटिस

**मनावर।** भाजपा प्रवक्ता हितेश बाजपेयी के 'दलाली' वाले बयान पर जयस संगठन ने कड़ा विरोध जताया है। बाजपेयी ने जयस से जुड़े युवाओं पर भाजपा ने 'दलाली' करने का आरोप लगाया था। जयस के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. हिरालाल अलावा ने इन आरोपों को गलत बताया है। इस मामले में 9 सितंबर बुधवार को भाजपा प्रवक्ता हितेश बाजपेयी को कानूनी नोटिस भेजा गया है। यह चार पेज का नोटिस मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के अधिवक्ता सम्यक जैन ने भेजा है। डॉ. अलावा ने जयस से जुड़े युवाओं से सोशल मीडिया पर इस बयान का विरोध करने को कहा है। उन्होंने बाजपेयी से सार्वजनिक रूप से माफी मांगने की मांग की है।

### संत कमलकिशोर नागर को जान से मारने की धमकी




#### पेटलावद में अनुयायियों ने रैली निकाली, जेड+ सुरक्षा देने की मांग

**झाबुआ।** कथा वाचक संत कमलकिशोर नागर को जान से मारने की धमकी के मामले में बुधवार को पेटलावद में उनके अनुयायियों ने आक्रोश मार्च निकाला। यह रैली शंकर मंदिर से शुरू होकर शहर के मुख्य रास्तों से होते हुए पुलिस थाने पहुंची। इस दौरान सुखराम कातिजा ने बताया कि इस घटना से संत के अनुयायियों की भावनाओं को ठेस पहुंची है। जितेंद्र पाटीदार ने ज्ञापन का वाचन किया। बाद में अनुयायियों ने तहसीलदार यशपाल मुजाल्दे और थाना प्रभारी (टीआई) निर्भयसिंह भूरिया के जरिए राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया है कि 4 सितंबर 2026 को कुछ अज्ञात लोगों ने संत कमलकिशोर नागर को सम्मान में दी जाने वाली शॉल और श्रीफल के बीच एक आपत्तिजनक और जान से मारने का धमकी भरा पत्र रख दिया था। इस हरकत से महाराजश्री और उनके पूरे परिवार के जीवन पर गंभीर खतरा पैदा हो गया है। इस तरह की घटना को पूरे प्रदेश की कानून व्यवस्था के लिए एक चुनौती माना जा रहा है।

## नैनो न्यूज

- **शेयर बाजार में बड़ी गिरावट-** सेंसेक्स करीब 600 अंक गिरा, निफ्टी 23,500 के नीचे आया। विदेशी बिकवाली और वैश्विक बाजार कमजोरी से निवेशकों में चिंता बढ़ी।
- **निवेशकों में बढ़ी बाजार की चिंता-** वैश्विक संकेत कमजोर रहने से बाजार दबाव में रहा। इंदौर के निवेशकों की नजर अब आगामी आर्थिक आंकड़ों और बाजार की दिशा पर है।
- **मेट्रो विस्तार से कारोबार की उम्मीद-** इंदौर मेट्रो का प्रस्तावित मार्ग छह से बढ़कर 17 किलोमीटर करने की योजना है। इससे व्यापारिक क्षेत्रों की कनेक्टिविटी बेहतर होने की उम्मीद है।
- **परिवहन क्षेत्र में निवेश के अवसर-** इंदौर में प्रस्तावित परिवहन विजन समिट में निजी निवेश और सार्वजनिक-निजी भागीदारी से जुड़े कारोबारी अवसरों पर चर्चा होगी।
- **लॉजिस्टिक्स कारोबार को मिलेगा बढ़ावा-** मध्यप्रदेश में लॉजिस्टिक्स और सप्लाई-चेन क्षेत्र में निवेश आकर्षित करने की तैयारी है। इंदौर जैसे औद्योगिक केंद्र को इसका लाभ मिलने की उम्मीद है।
- **ई-मोबिलिटी में निवेश बढ़ने की उम्मीद-** सरकार ने ई-मोबिलिटी क्षेत्र में निवेश के अवसर बताए हैं। इंदौर में इलेक्ट्रिक वाहन कारोबार और संबंधित सेवाओं को फायदा मिल सकता है।
- **आधुनिक रिटेल केंद्रों पर जोर-** आधुनिक किराना रिटेल केंद्र विकसित करने के लिए निवेशकों से चर्चा हुई। इससे संगठित रिटेल और सप्लाई कारोबार को बढ़ावा मिलने की संभावना है।

इंदौर के साउथ तोड़ा में नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हुआ हंगामा

# एडीसीपी को धक्का मारा, पीठ के बल गिरे, पुलिसकर्मियों ने युवकों को पीटा

### 6 को हिरासत में लिया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर के साउथ तोड़ा में बुधवार को नगर निगम की रिमूवल कार्रवाई के दौरान हंगामा हो गया। भीड़ को हटाने के दौरान पीछे मौजूद एक युवक ने एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल को धक्का दे दिया। इससे उनका संतुलन बिगड़ गया और वे जमीन पर गिर पड़े।

पुलिस ने मौके से 6 लोगों को हिरासत में लिया है। अधिकारियों के मुताबिक सभी के खिलाफ आगे कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम की टीम 100 से ज्यादा कर्मचारियों, 3 पोकलेन और 6 जेसीबी के साथ पहुंची थी। सुरक्षा के लिए 80 से ज्यादा पुलिस जवान और अधिकारी तैनात किए गए थे। निगम के मुताबिक 50 शेड और 6 मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए।





**सामान निकालने को लेकर महिलाओं से हुई बहस-** कार्रवाई के दौरान कुछ महिलाएं पुलिस से सामान बाहर निकालने को लेकर बहस करने लगीं। उनका कहना था कि नोटिस में उन्हें सुबह 9 बजे तक का समय दिया गया है। इसी बात पर विवाद बढ़ा और मौके पर भीड़ जमा हो गई। कई लोग मोबाइल से वीडियो बनाने लगे। हालात को देखते हुए एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल भीड़ को पीछे हटाने लगे। इसी दौरान पीछे मौजूद एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया। संतुलन बिगड़ने से वे जमीन पर गिर पड़े। पुलिस जवानों ने तत्काल युवक को पकड़ लिया। उसके साथ मौजूद एक अन्य युवक समेत कुछ लोगों को भी हिरासत में लिया गया।

### 50 शेड और कुछ मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए

निगम अधिकारियों के अनुसार रिमूवल कार्रवाई से पहले संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए गए थे। निगम टीम ने टेप से नपती कर चिन्हित अवैध निर्माण हटाए। झोन-11 के झोनल अधिकारी गीतेश तिवारी ने बताया कि साउथ तोड़ा में 50 शेड और कुछ मकानों के अवैध हिस्से हटाए गए हैं। क्षेत्र में आने वाले दिनों में सड़क निर्माण और चौड़ीकरण का काम प्रस्तावित है। इसी के चलते कार्रवाई की गई।

### 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात

एडिशनल डीसीपी दिशेष अग्रवाल ने बताया कि रिमूवल कार्रवाई के दौरान 6 लोगों को हिरासत में लिया गया है। उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा के लिए 80 से ज्यादा पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे।

श्री दिगम्बर जैन परवार सभा इन्दौर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह

# समाज के 195 मेधावी विद्यार्थियों को किया सम्मानित

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

श्री दिगम्बर जैन परवार सभा इन्दौर द्वारा आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह शनिवार 6 सितंबर को श्री चंद्रप्रभु मांगलिक भवन अंजनी नगर में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ।

सभा के मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि समारोह में परवार समाज के 195 प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को गोल्ड, सिल्वर एवं कांस्य मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। इसके साथ ही उच्च शिक्षा एवं खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लगभग 30 विद्यार्थियों का भी विशेष सम्मान किया गया।

समारोह के मुख्य अतिथि असिस्टेंट कमिश्नर (स्टेट जीएसटी) मुकुल जैन, विशिष्ट अतिथि उद्योगपति सिंपल जैन (निर्माण समिति अध्यक्ष, तीर्थोदय धाम) रहीं। अध्यक्षता आकाश कोल ने की।




कार्यक्रम का शुभारंभ सरदारमल जैन, योगेश जैन, राजेश लारेल, राजीव जैन बंटी द्वारा चित्र अनावरण एवं ज्ञानेश जैन, विनय चौधरी परिवार, विनय जैन चौधरी, आशीष जैन सुतवाला द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। अध्यक्ष राकेश जैन चेतक एवं महामंत्री अनिल रावत ने बताया कि इस वर्ष का गोल्ड मेडल अशोक जैन - अरिहंत जैन परिवार की ओर से कक्षा 10वीं में आगम नीलेश जैन एवं कक्षा 12वीं में कु. माही नीलेश जैन को प्रदान किया गया। 10 सिल्वर मेडल दाता परिवारों द्वारा सिल्वर मेडल प्रदान किए गए। इस अवसर पर डॉ. जैनेन्द्र जैन, अनिल जैन, अभय जैन, सुनील जैन, एम.के. जैन, सीए संजय अहिंसा प्रदीप बल्ला एवं मुक्ता जैन, प्रीति जैन सहित समाज के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। संचालन डी.के. जैन एवं कु. यशी जैन ने किया, आभार संदीप जैन गिन्नी ने माना।

नौकरी के बहाने युवक से ठगी

# इंटरव्यू लेकर नियुक्ति पत्र भेजा, फिर कोर्स के नाम पर ठगे 2.73 लाख

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

इंदौर में जॉब दिलाने के नाम पर बेरोजगार युवक से ऑनलाइन ठगी का मामला सामने आया है। युवक ने नौकरी की तलाश में नौकरी डॉट कॉम पर रिज्यूम अपलोड किया था। इसके बाद उसे एक व्यक्ति का कॉल आया, जिसने खुद को मुंबई की एक निजी कंपनी का टैलेंट एक्विजिशन स्पेशलिस्ट बताया।

मोबाइल पर इंटरव्यू लेने के बाद युवक को कंपनी के नाम से नियुक्ति पत्र भी भेज दिया गया। इसके बाद अलग-अलग कोर्स और सर्टिफिकेट के नाम पर उससे करीब 2.73 लाख रुपए ऑनलाइन जमा करा लिए गए।

लसूड़िया पुलिस ने बताया कि पिंटू दास की शिकायत पर मंगलवार रात ऑनलाइन ठगी का केस दर्ज किया गया। पिंटू के अनुसार, वह वर्ष 2025 से बेरोजगार है और नौकरी की तलाश कर रहा था। उसने ऑनलाइन अपना सीवी अपलोड किया था। इसके बाद सिद्धार्थ नाम के व्यक्ति ने कॉल किया और खुद को मुंबई स्थित केएनके बिल्डर्स प्राइवेट लिमिटेड का टैलेंट एक्विजिशन स्पेशलिस्ट बताया। पिंटू के मुताबिक, सिद्धार्थ ने मोबाइल पर ही उसका इंटरव्यू लिया। इसके बाद कंपनी के नाम से नियुक्ति पत्र भेज दिया गया। नियुक्ति पत्र में तीन कोर्स करने का उल्लेख था। कुछ समय बाद सिद्धार्थ ने कॉल कर तीनों कोर्स के सर्टिफिकेट के लिए 70 हजार रुपए जमा करने को कहा।

# गाय चोरी के शक में युवक को पीटा, मौत

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

लसूड़िया थाना क्षेत्र की निरंजनपुर बस्ती में गाय चोरी की शंका में एक युवक को घर से ले जाकर मारपीट करने का मामला सामने आया है। गंभीर हालत में युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। लसूड़िया पुलिस मंगलवार शाम करीब 6 बजे घायल चंदर (35) पुत्र बाबूलाल लोहार निवासी देवास नाका को एमवाय अस्पताल लेकर पहुंची थी। रात करीब 12.30 बजे उसने दम तोड़ दिया। प्रारंभिक जांच में सूरज जाट, रोहित, कुणाल सहित अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस की प्रारंभिक पूछताछ में चंदर के परिजनों ने बताया कि रोहित, कुणाल समेत कुछ युवक उसके घर पहुंचे थे। आरोप है कि वे चंदर को यह कहकर अपने साथ ले गए कि उससे सिर्फ बात करनी है। बाद में परिजनों को वह गंभीर घायल हालत में मिला। मामले की शुरूआत गाय और बछड़े के गायब होने की शिकायत से हुई थी। भूरा ने पुलिस को बताया कि पंचवटी गेट पर उसकी दूध डेयरी है। पास के खाली प्लॉट में उसने गाय और बछड़े को बांध रखा था। 7 सितंबर की रात दोनों वहीं बंधे थे, लेकिन अगले दिन वे गायब मिले।

# इंदौर में राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ का वार्षिक सम्मेलन

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

दलालबाग स्थित विद्या सुधा देशना मंडप में राष्ट्रीय जिनशासन एकता संघ का वार्षिक सम्मेलन एवं स्थापना दिवस तीर्थ चक्रवर्ती निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव सुधा सागर महाराज के ससंघ सानिध्य में आयोजित हुआ। सम्मेलन में मध्य प्रदेश सहित राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात और दक्षिण भारत से हजारों समाजजन शामिल हुए।

मुनिश्री सुधा सागर ने एक भारत- एक जिनशासन का संदेश देते हुए जैन समाज से पंथ, संत वर्ग और जातिगत भेदभाव से ऊपर उठकर संगठित होने का आह्वान किया। उन्होंने धर्म, तीर्थ और संस्कृति की सुरक्षा के साथ समाजसेवा में समय देने तथा युवाओं और महिलाओं को




संस्कारों से जोड़ने पर जोर दिया। सम्मेलन में कश्मीर से कन्याकुमारी तक संगठन के विस्तार, जैन समाज का डिजिटल परिवारवार डेटाबेस तैयार करने तथा जैन मंदिरों, तीर्थों, धर्मशालाओं और देवद्रव्य संपत्तियों का कानूनी दस्तावेजीकरण करने के निर्णय लिए गए। संघ प्रमुख राकेश गोहिल सहित विभिन्न राज्यों के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित रहे। स्वागत भाषण आनंद गोधा ने दिया। मंच संचालन जयदीप भोपाल ने किया तथा आभार प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने माना।

# धारदार हथियार से महिला पर हमला

### ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने घायल हालत में देखा, ऑटो से अस्पताल पहुंचाया

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

बुधवार सुबह पलासिया के पास गीताभवन क्षेत्र में युवक ने महिला के गले पर धारदार हथियार से वार कर दिया। खून से लथपथ महिला को ट्रैफिक पुलिसकर्मियों ने देखा और तत्काल ऑटो रुकवाकर खुद अस्पताल लेकर गए। महिला ने रास्ते में पुलिसकर्मियों से कहा, मुझे बचा लो, मेरी बेटी स्कूल में है। उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।

पलासिया टीआई सुरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि गायत्री कनाड़िया के चेतन नगर में रहती है। वह और नीरज तोमर एक-दूसरे को करीब एक साल से जानते हैं। एक दिन पहले दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी विवाद को लेकर गायत्री नीरज की शिकायत करने महिला थाने जा रही थी। पुलिस के मुताबिक, महिला के थाने पहुंचने से पहले पलासिया चौराहे के पास नीरज ने चाकूनुमा चीज निकालकर गायत्री के गले पर वार कर दिया। इसके बाद नीरज ने खुद को भी घायल कर लिया। दोनों को मयंक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। गायत्री का अपने पति से तलाक हो चुका है। ट्रैफिक थाने के सुमत सिंह कछावा ने बताया कि बुधवार सुबह करीब 11 बजे वे पलासिया ट्रैफिक थाने से गुजर रहे थे। तभी महिला ने गले पर हाथ रखा हुआ था और उसके गले से खून निकल रहा था।

तुरंत आवश्यकता
आवश्यकता है सेल्स बॉय और सेल्स गर्ल की वेतन 8000 से 20000 तक
अंकुर जैन, जैन गाउन हाउस, 8 शंकु मार्ग अपोजिट एल एम कॉम्पलेक्स फ्रीगंज उज्जैन मो. 9820871749

# किताबों की जगह एआई से पढ़ रहे विद्यार्थी

### डीएवीवी में कम नंबर पर आरटीआई से कॉपियां निकलवा रहे छात्र

दैनिक अवन्तिका ▶▶ इंदौर

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर में परीक्षा परिणाम कम आने पर बड़ी संख्या में विद्यार्थी आरटीआई के जरिए अपनी उत्तरपुस्तिकाएं निकलवा रहे हैं। विश्वविद्यालय के अनुसार अब तक करीब 700 उत्तरपुस्तिकाओं की जांच हो चुकी है, लेकिन इनमें सिर्फ 8 से 10 विद्यार्थियों के परिणाम में बदलाव हुआ है।

विश्वविद्यालय अधिकारियों के मुताबिक अधिकांश मामलों में मुख्य उत्तरपुस्तिका का मूल्यांकन और उसके बाद किया गया पुनरीक्षण निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार मिला है।

कई विद्यार्थी उत्तरपुस्तिका में लिखे जवाबों पर आपत्ति जता रहे हैं। उनका कहना है कि जिन किताबों, कुंजी, परीक्षा बोध या अन्य अध्ययन सामग्री से उन्होंने तैयारी की थी, उसमें उत्तर अलग दिए गए हैं।

ऐसे मामलों में विश्वविद्यालय उनसे संबंधित पुस्तक या प्रमाणित अध्ययन सामग्री प्रस्तुत करने को कह रहा है। अधिकारियों के अनुसार केवल सामान्य कुंजी या गाइड दिखाने से दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। जिस पुस्तक के आधार पर उत्तर सही होने की बात कही जा रही है, उसका आईएसबीएन नंबर वाला संस्करण प्रस्तुत करना होगा।



### 700-800 में से करीब 50 विद्यार्थी ही किताब दिखा पाए

डीएवीवी के एग्जाम कंट्रोलर अशेष तिवारी के मुताबिक, कॉपियों पर आपत्ति करने वाले 700-800 विद्यार्थियों में से करीब 50 ही ऐसी पुस्तक या अध्ययन सामग्री प्रस्तुत कर पाए, जिसके आधार पर उन्होंने उत्तर लिखने का दावा किया था। बाकी विद्यार्थी अपने उत्तर के समर्थन में संबंधित स्रोत उपलब्ध नहीं करा सके।

### एआई और डिजिटल माध्यम से पढ़ाई भी चुनौती

विश्वविद्यालय अधिकारियों के मुताबिक विद्यार्थियों में एआई समेत डिजिटल और अन्य वैकल्पिक माध्यमों से पढ़ाई का चलन बढ़ रहा है। इससे परीक्षा में लिखे उत्तर और विद्यार्थियों द्वारा इस्तेमाल की गई अध्ययन सामग्री के बीच अंतर के मामले भी सामने आ रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि आरटीई के तहत उत्तरपुस्तिका देखने से विद्यार्थियों को यह स्पष्ट हो जाता है कि उन्होंने क्या लिखा था और उसका मूल्यांकन किस तरह किया गया। अब तक की जांच में अधिकांश मामलों में मूल्यांकन प्रक्रिया सही पाई गई है। डीएवीवी अधिकारियों ने कॉलेजों के प्राचार्यों से विद्यार्थियों को प्रामाणिक और प्रमाणित अध्ययन सामग्री से तैयारी के लिए मार्गदर्शन देने को कहा है।

श्री गणेश बैंड उज्जैन
हमारे यहां घोड़ी, बग्गी, हाथी, ऊंट, लाइट, जनरेटर, लाजमा, ताश पार्टी, ढोल पार्टी, फूल की तोप, दूल्हन की ढोली, गाड़ी वाली लाइट, नाचने वाली घोड़ी आदि उपलब्ध है।
मास्तर : विजय सिंह सरगरा
Mob. 9981908694, 7828525454, 7067237220
अंकपात मार्ग, मीणा धर्मशाला, अंकपात मार्ग गायत्री शक्तिपीठ के पास जीवाजीगंज थाना ढोली गली, उज्जैन

जय श्री महाकाल
ऑल कंस्ट्रक्शन वर्क के लिए एजेक्स फ्लोरी 2300 के.जी. किराये से 24 घंटे उपलब्ध है।
ए.के. सिंह मो. 7748813792
सिविल इंजीनियर की आवश्यकता है।
देवास रोड, आरके क्लब कॉलोनी, अभिलाषा के पीछे, उज्जैन

सीमेन्ट आर्टिकल के थोक एवं खेरची विक्रेता
ए.के. ट्रेडर्स
फ्रन्ट एलीवेशन, फैन फ्लावर, फ्लावर बार्डर, कालम कुम्भी, कवेलु ब्लाक, बिल्सी, राजधानी पैटर्न मेहराब खम्बे डिजाईन वाले, लालटेन, तोड़ी पे. आर.सी.सी. चेम्बर, ड्रेनेज लाईन एवं समस्त
ऑफिस : 220/5, नामदार, रवीदास धर्मशाला के सामने, उज्जैन (म.प्र.)
अखलाक हुसैन, मुस्तकिम हुसैन
मोबाइल 9827253852, 83192 9962, 7869555897

हस्तरेखाएं बोलती है कब? क्यों? कैसे?
जीवन की कठिन परेशानियों व्यापार नहीं चलना, विवाह या प्रेम विवाह में बाधा, कर्ज का बोझ, गृह कलेश, मानसिक अशांति व आर्थिक समस्याओं का सटीक हल प्राप्त करें। शुद्ध जन्म पत्रिका बनवाने व पत्रिका मिलान हेतु सम्पर्क करें।
पं. रुपेश रमेशचंद्र नाहर
(M.A. Astrologer)
प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य, भारतीय ज्योतिष विज्ञान संस्थान
नानाखेड़ा बस स्टेण्ड के पीछे, ए-5/8, महाकाल वाणिज्य केन्द्र, सांई पैलेस होटल के सामने, उज्जैन
नोट- फोन पर समय लेकर मिले। समय दोपहर 1 से 5 बजे तक
मोबाइल- 9827007312, 98277-33384
(web.www.jyotishdham.in)

बिना ऑपरेशन कान के मवाद से मुक्ति
कटे कान जुड़वाएं
किडनी की पथरी का अंत तुरंत
निःशुल्क दवा प्राप्त करें
डॉ. पी.पी. ओझा
कर्ण रोग विशेषज्ञ
9425360006, 9425107617
प्रति शनिवार को मिले
निकास चौराहा बुधवारिया, उज्जैन

स्वत्वाधिकारी अवंतिका प्रकाशन (भागीदारी फर्म) के लिए प्रकाशक, मुद्रक संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, रानी लक्ष्मीबाई मार्ग उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं ए-5 द्वितीय तल विजयनगर मेन रोड इन्दौर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक : संदीप मेहता, फोन : 0731-4085777, मोबा. 9827771777 e-mail: awantikapress@gmail.com